




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 151

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

बुधवार | 13 मार्च, 2024


# यूपी को मिली 3 नई वंदे भारत

## एक का एक्सटेंशन, लखनऊ से पटना और देहरादून, गोरखपुर वाली अब प्रयागराज तक जाएगी

**जन एक्सप्रेस। नई दिल्ली/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को मंगलवार को 4 वंदे भारत ट्रेन मिली है। इसमें 3 नई हैं, जबकि चौथी का एक्सटेंशन किया गया है। पीएम मोदी ने इसे गुजरात के अहमदाबाद से वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। लखनऊ से पटना और लखनऊ से देहरादून रुट पर नई ट्रेन चलेंगी। इसके अलावा लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का एक्सटेंशन प्रयागराज तक किया जाएगा। जबकि खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस आगरा और झांसी होते हुए जाएगी। प्रधानमंत्री ने ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का भी शुभारंभ किया। यह कॉरिडोर यूपी के 15 जिलों से होकर गुजरेगा।

### लखनऊ-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस

1 वंदे भारत ट्रेन नंबर 22445/46 पटना से सुबह 6 बजकर 5 मिनट पर चलेगी। दानापुर 6 बजकर 16 मिनट, आरा 6.43, बक्सर 7 बजकर 23 मिनट, पीडीडीयू स्टेशन सुबह 8 बजकर 40 मिनट, वाराणसी कैंट स्टेशन पर सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर पहुंचेगी। अयोध्या धाम स्टेशन 12 बजकर 25 मिनट पर पहुंचेगी। इसके बाद 2 बजकर 45 मिनट पर लखनऊ पहुंचेगी। ट्रेन की वापसी लखनऊ से दोपहर 3.20 मिनट पर होगी। यह 5.20 बजे अयोध्या, रात 8.15 मिनट वाराणसी कैंट, 8.50 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्टेशन, 9. 54 बक्सर, 10.35 आरा, 11.07 दानापुर और रात 11. 45 पर पटना स्टेशन पहुंच जाएगी।

### लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस

2 लखनऊ और देहरादून के बीच नई वंदे भारत चलेगी। ट्रेन संख्या 02477 हफ्ते में 6 दिन चलेगी। यह ट्रेन 8 घंटे 20 मिनट में सफर तय करेगी। जबकि अन्य ट्रेनें यह दूरी 11-12 घंटे में तय करती हैं। यह ट्रेन लखनऊ से सुबह 5.15 मिनट पर चलेगी और दोपहर के 1.35 बजे देहरादून पहुंचेगी। बीच में बरेली, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, आलमनगर और हरिद्वार स्टेशन पर रूकेगी। वापसी में यह ट्रेन देहरादून से 2 बजकर 25 मिनट पर चलेगी और रात में 10 बजकर 40 मिनट पर लखनऊ पहुंचेगी।

### प्रयागराज-लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस

3 प्रयागराज से गोरखपुर के बीच में पहली वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन प्रयागराज से लखनऊ होते हुए अयोध्या और फिर गोरखपुर जाएगी। यह ट्रेन 14 मार्च से चलने लगेगी। गाड़ी नंबर 22549 गोरखपुर से सुबह 6 बजकर 5 मिनट पर चलकर बस्ती, अयोध्या होते हुए 10 बजकर 20 मिनट पर लखनऊ पहुंचेगी। यहां से 10 बजकर 35 मिनट पर रवाना होगी। यह ट्रेन 11 बजकर 46 बजे रायबरेली पहुंचेगी दो मिनट के स्टापेज के बाद 1 बजकर 35 मिनट पर प्रयागराज पहुंचेगी। प्रयागराज से सवा 3 बजे चलकर 4 बजकर 56 मिनट पर रायबरेली पहुंचेगी। दो मिनट के स्टापेज के बाद लखनऊ के लिए चलेगी। सवा छह बजे लखनऊ पहुंचेगी। इसके बाद यहां से निकलकर बस्ती, अयोध्या होते हुए गोरखपुर जाएगी।

### खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस

4 गाड़ी संख्या 22469 खजुराहो-हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी। यह ट्रेन खजुराहो से दोपहर 2.50 बजे रवाना होगी। फिर 3:15 बजे महाराजा छत्रसाल छतरपुर स्टेशन और 4.10 पर टीकमगढ़ पहुंचेगी। दोनों स्टेशन पर ट्रेन 2-2 मिनट रुकेगी। इसके बाद 5 :10 बजे ललितपुर पहुंचेगी। 10 मिनट रुकने के बाद 6 :20 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर पहुंचेगी। यहां 5 मिनट रुकेगी। इसके बाद 7 :25 बजे ग्वालियर पहुंचगी। 5 मिनट के ठहराव के बाद वंदे भारत 8 :55 बजे आगरा पहुंचेगी। यहां से 9 बजे रवाना होगी और 11 :10 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंच जाएगी। वहीं, गाड़ी संख्या 22470 वंदे भारत निजामुद्दीन से सुबह 6 बजे रवाना होगी। 7 :45 बजे आगरा पहुंचेगी। 7 :50 बजे आगरा से प्रस्थान कर 9 :15 बजे ग्वालियर पहुंचेगी। 9 :20 बजे ग्वालियर से चल कर 10 :35 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पहुंचेगी। 10 :40 बजे झांसी स्टेशन से निकल कर 11 :40 बजे ललितपुर पहुंचेगी। 10 मिनट रुकने के बाद ट्रेन 12 :26 बजे टीकमगढ़ पहुंचेगी। इसके बाद 1.21 बजे छतरपुर और 2 :20 बजे खजुराहो पहुंचगी।



### एक साथ 6 हजार परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण

पीएम मोदी ने मंगलवार को गुजरात से देशभर में एक साथ 85 हजार करोड़ की करीब 6 हजार परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया। साथ ही विभिन्न स्टेशनों के बीच 10 नई सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनों का शुभारंभ और 4 वंदे भारत एक्सप्रेस के रूट के विस्तार को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान लखनऊ से सीएम योगी, देहरादून से सीएम पुष्कर सिंह धामी वर्चुअली जुड़े।

**रेल कोच कारखाना का भी शुभारंभ:** पीएम मोदी ने झांसी में बने रेल कोच नवीनीकरण कारखाना का शुभारंभ किया। झांसी के वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर जन औषधि केंद्र का भी शुभारंभ किया। झांसी, भिंड, मुरैना, ललितपुर, खजुराहो, छतरपुर, डबरा, ग्वालियर, टीकमगढ़, चित्रकूट, उरई, महोबा, मऊरानीपुर, तालबेहट समेत 18 स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल की सौगात दी। हमीरपुर रोड के गति शक्ति कार्गो टर्मिनल्स, छतरपुर, टीकमगढ़, सांक, गोहद रोड पर 4 गुड्स शेड और झांसी-मथुरा तीसरी लाइन ब्लाक का भी लोकार्पण किया।




### पीएम मोदी ने कुंभ और अयोध्या का भी किया जिक्र

कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज विकसित भारत की दिशा में देश ने एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। इस कार्यक्रम में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है। इसमें भी 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक के सिर्फ रेलवे के प्रोजेक्ट देश को मिले हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जनभावनाओं का ध्यान रखते हुए केंद्र सरकार वंदे भारत ट्रेनों की संख्या के साथ ही इनके रूट का भी विस्तार कर रही है। इसी क्रम में गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस अब प्रयागराज तक जाएगी। उन्होंने साथ ही ये भी कहा कि इस बार तो कुंभ का मेला होने वाला है तो इसका और भी महत्व बढ़ जाएगा। इसके अलावा पीएम मोदी ने अयोध्या जा रही आस्था स्पेशल ट्रेनों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विरासत भी और विकास भी के मंत्र को आत्मसात करते हुए आस्था से जुड़े हुए पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है। आज देश में रामायण सर्किट, गुरुकृपा सर्किट, जैन यात्रा पर भारत गौरव ट्रेनें चल रही हैं। यही नहीं, आस्था स्पेशल ट्रेनें तो देश भर से रामभक्तों को अयोध्या तक ले जा रही हैं। अब तक करीब 350 आस्था ट्रेनें चली हैं और इनके माध्यम से 4.5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने श्रीराम लला के दर्शन किए हैं।

### परियोजनाओं की शुरुआत पर सीएम योगी ने जताई खुशी



सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी का आभार जताते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज राष्ट्र के विकास को रफ्तार देतीं 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से सहभाग किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने पटना-लखनऊ, लखनऊ-देहरादून, रांची-वाराणसी सहित देश के लिए 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुभारंभ के साथ ही गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार प्रदान किया। देश में माल परिवहन की सुगमता के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की माल गाड़ियों को हरी झंडी भी दिखाई। विकसित भारत के नवनिर्माण को विस्तार देतीं इन सौगातों के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार। माना जा रहा है कि पीएम द्वारा यूपी के लिए रेलवे से संबंधित शुरू की गईं इन परियोजनाओं से प्रदेश के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ने से इन स्थानों पर यात्री अब और अधिक सुविधा के साथ अपने गंतव्य को पहुंच सकेंगे।

# हालात पूरी तरह सामान्य, संवेदनशील जगहों व उपद्रवी तत्वों पर हमारी कड़ी नजर: डीजीपी

- मंगलवार को प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद है।

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



देश में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने की घोषणा के बाद से ही यूपी में हाई अलर्ट लागू कर दिया गया। पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद् कर दी गईं और छुट्टी पर गए पुलिसकर्मियों को वापस बुला लिया गया है। मंगलवार को प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद है। कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें सीएए लागू होने की जानकारी पहले से ही थी इसलिए हम पहले से ही तैयार थे। इससे जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स जैसे धार्मिक नेता, पीस कमेटी, डिजिटल वालंटियर्स और सिविल डिफेंस के लोगों से लगातार वार्ता चल रही थी। उन्होंने कहा कि मैं फिर से स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि सीएए एक ऐसा कानून है जिससे किसी की नागरिकता नहीं जाएगी बल्कि ये नागरिकता देने का कानून है। इसका लाभ उन लोगों को मिलेगा जो कि हमारे पड़ोसी देशों से धार्मिक कारणों से परेशान होकर यहां आए हैं। ऐसे लोगों की संख्या भी बहुत कम है। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक नेताओं ने अधिसूचना जारी होने के बाद सकारात्मक टिप्पणी की है और हम लोग ऐहतियात बरत रहे हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 179 कंपनी पीएसी और 100 कंपनी सीएपीएफ तैनात की गई है। लगातार निगरानी की जा रही हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अफसरों की टीम लगातार लोगों से संवाद कर रही है। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। संवेदनशील जगहों व उपद्रवी तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है। कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी करेगा और अशांति फैलाने की कोशिश करेगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी मुख्यालय से फील्ड और सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी की जा रही है।

# राशन कार्ड धारकों को अब चीनी, गेहूं-चावल के साथ मिलेगा बाजरा

## मोटे अनाज को लोगों की डाइट में शामिल करने के लिए यूपी सरकार ने उठाया बड़ा कदम

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली में नई व्यवस्था लागू होने के बाद अब इस माह से ही दिया जाएगा बाजरा
- राजधानी लखनऊ के 7.80 लाख राशन कार्डधारकों के लिए भी यह एक अच्छी खबर

**जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** मोटे अनाज को लोगों की डाइट में शामिल करने के लिए यूपी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। होली से ठीक पहले इसकी शुरुआत की गई है। राशन कार्ड धारकों को गेहूं, चावल के साथ ही बाजार भी दिया जाएगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी, गेहूं और चावल के साथ ही श्रीअन्न भी वितरित किया जाएगा। राजधानी लखनऊ के 7.80 लाख राशन कार्डधारकों के लिए भी यह एक अच्छी खबर है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में नई व्यवस्था लागू होने के बाद अब इस माह से राशन कार्डधारकों को निशुल्क गेहूं-चावल के साथ अब मोटा अनाज (श्रीअन्न) भी दिया जाएगा। यहां मोटे अनाज के रूप में कार्डधारकों को बाजरा देने का निर्णय लिया गया है। अंत्योदय कार्डधारकों को सात किलोग्राम व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दो किलोग्राम बाजरा प्रति यूनिट दिया जाएगा।

### गेहूं में की गई कटौती

अब तक प्रति यूनिट पांच किलो राशन यानी दो किलो गेहूं और तीन किलो चावल पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दिया जाता था। अब नए निर्णय के बाद एक किलो गेहूं, तीन किलो चावल व एक किलो बाजरा का वितरण पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को किया जाएगा। इस तरह प्रति यूनिट पांच किलो अनाज ही वितरित किया जाएगा। प्रति यूनिट एक किलो गेहूं की कटौती के बाद मोटा अनाज के रूप में एक किलो बाजरा देने की व्यवस्था की गई है।

### पहले की तरह निशुल्क ही दिए जाएंगे आनाज

ऐसे में 35 किलो अनाज अंत्योदय कार्डधारकों को दिया जाएगा। पहले जहां गेहूं 14 किलो और चावल 21 किलो दिया जाता था वहीं अब 14 किलो गेहूं, 14 किलो चावल के साथ ही 7 किलो बाजरा मोटे अनाज के तौर पर दिया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को अब सात किलो चावल में कटौती कर दी जाएगी और उसके बदले में सात किलो बाजरा मोटा अनाज दिया जाएगा। अंत्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दिए जाने वाले राशन की मात्रा में फिलहाल किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। ये अनाज निशुल्क ही दिए जाएंगे।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# अब और सुरक्षित व सुलभ होंगी यूपी रोडवेज की बसें, हो सकेगी बसों की लाइव ट्रैकिंग

- योगी सरकार ने मंगलवार को निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन किया

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों को और सुलभ व सुरक्षित बना दिया है। इसके तहत योगी सरकार ने मंगलवार को निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन किया। इस कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से बसों की लाइव ट्रैकिंग, आपात स्थिति में रियलटाइम लोकेशन पर तत्काल सहायता समेत पैनिक बटन के अलर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे निगम की बसों को और अधिक सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। मंगलवार को निगम द्वारा 3067 करोड़ रुपए की लागत से दस बस स्टेशनों के नव निर्माण और पुनर्निर्माण के कार्य का शिलान्यास किया गया, जबकि 1048 करोड़ की लागत से बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और तीन अन्य बस स्टेशन का लोकार्पण भी किया गया।




### कमांड कंट्रोल सेंटर में 24×7 उपलब्ध रहेंगे कार्मिक

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में इन सभी परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना से मुख्यालय में परिवहन निगम की बसों की लाइव ट्रैकिंग उपलब्ध रहेगी। किसी आकस्मिक स्थिति में वास्तविक लोकेशन उपलब्ध रहने से तत्काल सहायता पहुंचाना संभव हो सकेगा। यात्रा के दौरान किसी अप्रिय स्थिति में यात्री द्वारा वाहन में स्थापित पैनिक बटन प्रेस करने पर निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर एवं संबंधित क्षेत्रीय कंट्रोल रूम में पैनिक अलर्ट प्रदर्शित होगा।

### इस सुविधा से लोगों को काफी राहत मिलेगी

कमांड कंट्रोल सेंटर तथा क्षेत्रीय कंट्रोल रूम में मॉनीटरिंग के लिए 24×7 आधार पर उपलब्ध कार्मिक द्वारा कंट्रोल रूम में अलर्ट प्राप्त होने पर त्वरित निदान के लिए निर्धारित एसओपी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि इस सुविधा से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

### अयोध्या में ड्राइविंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट की शुरुआत

उन्होंने बताया कि हमने बहुत सारी सुविधाओं को ऑनलाइन कर दिया है, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। जैसे ड्राइविंग लाइसेंस को शत-प्रतिशत ऑनलाइन कर दिया गया है और अब ड्राइविंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट का भी उद्घाटन किया जा रहा है। यह पूरी तरह ऑटोमैटिक रहेगा। इससे अब न कोई किसी को पास कर सकता है और न कोई किसी को फेल कर सकता है।

### अभी हमारे पास और भी 10 इंस्टीट्यूट हैं

उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग प्रदेश के प्रत्येक सेंटर में मॉडर्न ड्राइविंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना करने जा रहा है। कमिश्नरी लेवल पर हमने इसे खुद बनाया है, जिसमें मारुति ने 5 सेंटर को लिया है। इसमें आज अयोध्या के ड्राइविंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट की शुरुआत की जा रही है। इसके अलावा गोरखपुर, मथुरा, काशी और प्रयागराज में भी मारुति अपने सीएसआर फंड से इसको संचालित करेगी। अभी हमारे पास और भी 10 इंस्टीट्यूट हैं। बाकी हर जनपद में हम पीपीपी मॉडल पर इसको स्थापित कर रहे हैं, जिसमें एक करोड़ रुपए का अनुदान भी दिया जा रहा है।

### किसी को भी बिना ट्रेनिंग लाइसेंस नहीं दिया जाएगा

उन्होंने कहा कि अभी तक जो ड्राइविंग सेंटर थे वो आधुनिक नहीं थे। हम हर जगह पारदर्शिता के साथ आधुनिक ड्राइविंग सेंटर बना रहे हैं। अब दक्ष ड्राइवर मिलेंगे। किसी को भी बिना ट्रेनिंग लाइसेंस नहीं दिया जाएगा। इससे मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप एक्सीडेंट के मामलों में 50 प्रतिशत का जो लक्ष्य रखा गया है, उसको पूरा किया जा सकेगा।

# आईएएस अटल कुमार राय पंचायती राज के निदेशक बने फिरोजाबाद के डीएम बदले

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

आईएएस अटल कुमार राय को पंचायती राज विभाग का निदेशक नियुक्त किया गया है। वो अभी तक खाद्य व रसद विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात थे। आईएएस अटल 2010 बैच के आईएएस अफसर हैं। इसके पहले भी मंगलवार को अफसरों की तैनाती में फेरबदल किया गया। फिरोजाबाद के जिलाधिकारी उज्जवल कुमार को हटा दिया। उन्हें विशेष सचिव सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग बनाया गया है। कौशल विकास विभाग में विशेष सचिव रमेश रंजन को फिरोजाबाद का डीएम बनाया गया है। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग में विशेष अरुण प्रकाश को नगर विकास विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### हुई मिनी गुण्डा की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा रामसिंह द्वारा भोली-भाली जनता में भय व आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले आरोपी सुशील पटेल उर्फ मंजू पुत्र गणेश उर्फ चमन निवासी बरूई मजरा रुकमा बुजुर्ग, लवकुश पटेल पुत्र चुन्नू लाल निवासी बरुई, शिवनरेश पुत्र रामगोपाल निवासी तालातीर मजरा मडैयन, मुन्नीलाल उर्फ खड़क सिंह पुत्र रामदेव निवासी शहरिन, श्याम सुंदर पुत्र रामचरण पटेल निवासी लंका पुरवा, चुक्कू यादव पुत्र दादू लाल निवासी बरुई मजरा रुकमा बुजुर्ग, रिंकू पटेल उर्फ लवलेश पुत्र शिवप्रसाद निवासी लखनपुर राजकरण पुत्र बच्चा निवासी चोखड़ा मजरा ददरीमाफी, सुरेश पटेल पुत्र श्यामलाल निवासी खांच, रामहित उर्फ हितुवा पुत्र शारदा प्रसाद निवासी बरूई मजरा रुकमा बुजुर्ग व रविदास पुत्र जगन्नाथ निवासी कैलाश थाना बहिलपुरवा के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी के तहत मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

### अपर एसपी ने ली परेड की सलामी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मंगलवार को पुलिस लाइन्स में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। अपर एसपी ने निरीक्षण कर सम्बन्धित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड में अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया। इसके बाद अपर एसपी ने पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा, मैस, बैरिक, आरओ प्लांट, निर्माणाधीन आवासीय बिल्डिंग, क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन शिवनारायण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारीगणों का अर्दली रुम भी किया।

### डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने की चेकिंग

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक एलआईयू सूर्यकान्त अरुण राय के मार्गदर्शन में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा एक स्टेशन एक उत्पाद कार्यक्रम में सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन परिसर कर्वी में सघन चेकिंग की गई।

### संगीत की कोचिंग कर रहे युवक ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** दिल्ली में रहकर संगीत की कोचिंग कर रहे युवक ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खबर पाकर मौके पर पहुंचे साथियों ने देखा तो आनन फानन फंदा काटकर शव को नीचे उतार लिया। एंबुलेंस के जरिए शव को लेकर उसके घर पहुंचे और परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने घटना का कारण अज्ञात बताया। शहर कोतवाली क्षेत्र के क्योटरा मोहल्ला निवासी विजयंत 30 पुत्र रामनारायण दिल्ली के सेक्टर 23 द्वारिका पोचनपुर में रहता था। वह संगीत शिक्षक था और कोचिंग पढ़ाता था। रविवार की शाम उसने कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा ली। शाम को जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो मौके पर पहुंचे पड़ोसी साथियों ने देखा तो शव कमरे के अंदर फंदे से लटक रहा था।

# भारतीय विद्वानों और कलाकारों ने रामायण मेले में दिखाया अपना हुनर

**पांच दिवसीय रामायण मेले का हुआ समापन**

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



राष्ट्रीय रामायण मेले का समापन कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत जगद्गुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज ने करते हुए आयोजन की सफलता पर बधाई दी। कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने माल्यार्पण व शाल भेंटकर स्वागत किया। पांच दिवसीय समारोह में कला, संस्कृति, सभ्यता, विद्वता का अनूठा संगम देखने को मिला। कलाकारों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने लोगों का दिल जीता तो विद्वानों के व्याख्यानों ने समाज को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। देश के विभिन्न प्रांतों से आए मानस मर्मज्ञों की श्रीराम चरितमानस पर की गई समीक्षा ने लोगों को जीवन जीने की कला सिखाई। मंगलवार को सीतापुर स्थित रामायण मेला मंडपम में चल रहे पांच दिवसीय 51वें राष्ट्रीय रामायण मेला महोत्सव के समापन अवसर में कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत जगद्गुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य ने कहा कि यह मेला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का है, जिसकी सराहना कई देशों में होती है। उन्होंने चित्रकूट की भूमि को प्रेम की भूमि बताया। कहा कि अहंकार यदि जीवन में आया तो उसे कोपभाजन का शिकार होना पडेगा। चित्रकूटधाम की भूमि में प्रभु श्रीराम का मन एवं उनके सभी अंग यहां की रज से जुडे हुए हैं। इस भूमि को विनम्रता की भूमि बताया। कहा कि यहां के निवासियों को विनम्र बनना पडेगा। इस मौके पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय, शिवमंगल शास्त्री, प्रद्युम्न दुबे लालू, मनोज मोहन गर्ग, विनोद मिश्र, राजेन्द्र मोहन त्रिपाठी, घनश्याम अवस्थी, मो यूसुफ, राम प्रकाश श्रीवास्तव, हेमंत मिश्रा, ज्ञानचन्द्र गुप्ता, सूरज तिवारी, कलीमुद्दीन बेग, नत्थू प्रसाद सोनकर, सत्येन्द्र पांडेय, इम्तियाज अली लाला, राजेन्द्र बाबू, घनश्याम अवस्थी, डा रामलाल द्विवेदी, रवि कौशल, विनोद पांडेय, मंसूर अली, विकास आदि मौजूद रहे। मेले के समापर दिवस में हुई विद्वत सभा में विद्वानों के साथ पूरब और पश्चिमी भारत के विचारको ने भी मेले में प्रतिनिधित्व किया। सिलीगुडी के कवि मोहन दुकुन, हैदराबाद के बंगरैया शर्मा सहित डॉ पुट्टपर्ति नागपदमिनी, डॉ निर्मला देवी, डॉ विजय लक्ष्मी, डॉ जया वेंकटेश, पदमजा रानी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। चेन्नई से पधारे डीजी वैष्णव कालेज के प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार द्विवेदी 'शान बनारस' ने बताया कि श्रीराम पर संदेह करना अपनी स्मिता पर संदेह करने के बराबर है। श्रीराम ने हर क्षेत्रीय संस्कृतियों एवं अधिकारों का सम्मान किया है। जिसे आज के समाज को सीखना है। सभा की अध्यक्षता करते हुए सुल्तानपुर के गोस्वामी तुलसीदास साहित्य के मर्मज्ञ साहित्यभूषण डॉ सुशील कुमार पांडेय साहित्येन्दु ने कहा कि रामचरित मानस सामाजिक सद्भावना का संविधान तथा मानवता का मूल मंत्र है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामकथा के माध्यम से विश्व मानवता को प्रगति की मौलिक दृष्टि दी है। फैजाबाद के डॉ हरि प्रसाद दुबे, बांदा के सुरेन्द्र सिंह आदि ने रामचरित मानस के आधुनिक संदर्भो को लेकर विभिन्न पद्यों पर प्रकाश डाला।

### परेशान छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** शोहदे की धमकी से परेशान छात्रा ने कमरे अंदर बास की बल्ली में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालो में कोहराम मच गया। मृतका के पास से सुसाइड नोट भी बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष का कहना है कि तहरीर मिलने पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। बिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव की रहने वाली 18 वर्षीय छात्रा ने सोमवार की सुबह कमरे के अंदर बांस की बल्ली में साड़ी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकली तो मौके पर पहुंचे ताऊ ने देखा तो वह कमरे के अंदर फंदे पर लटक रही थी। शव देखते ही परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पिता ने बताया कि उसकी बेटी बबेरू स्थिति इंटर कालेज में दसवी में पढती थी। पड़ोसी युवक उसके साथ छेड़खानी करता था। उससे दबंगई भी करता था। इसी से परेशान होकर छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

# विद्यार्थी परिषद ने विरोध प्रदर्शन कर किया पुतला दहन



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने केरल में छात्र की हत्या के विरोध में मंगलवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान परिषद कार्यकर्ताओं ने एस.एफ.आई. का पुतला दहन किया। विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय ने बताया कि केरल में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विश्वविद्यालय में द्वितीय वर्ष के छात्र सिद्धार्थ को प्रताड़ित कर हत्या कर दी गई है। उन्होंने कहा कि वामपंथी छात्र संगठन एस.एफ.आई. छात्रों को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। यहां तक कि उनकी हत्या भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद शैक्षिक परिसरों में छात्रों के मध्य तनाव मुक्त शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए कार्य कर रहा है। जिला सह संयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का यह प्रदर्शन शिक्षण संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा और तनावमुक्त वातावरण बनाने के लिए है। साथ ही एस.एफ.आई. द्वारा छात्रों को प्रताड़ित करने एवं एस.एफ.आई. के विरोध में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदर्शन के बाद परिषद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए एस.एफ.आई. का पुतला दहन किया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल रंजन शुक्ला, सत्यम पाण्डेय सत्या, अमरदीप व रौनक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# एयरपोर्ट सेवा शुरु होने से जनपद में विकास को मिलेगा बढ़ावा : डीएम

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जनपद के नवनिर्मित देवांगना एयरपोर्ट की सेवाएं शुरु होने के बाद मंगलवार को लखनऊ से आई पहली फ्लाइट चित्रकूट के देवांगना एयरपोर्ट में 03:15 में लैंड की। इसके बाद चित्रकूट से लखनऊ के लिए भी पहली फ्लाइट रवाना हुई। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, कामतानाथ प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। लखनऊ से चित्रकूट आने-वाले पहली फ्लाइट में फ्लाइट मालिक संजय मंडाविया, सुरेश चंद्र गुप्ता, डॉ सत्यम तिवारी सहित अन्य 16 व्यक्ति शामिल रहे। फ्लाइट से चित्रकूट आए यात्रियों का जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लव कुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, कामतानाथ प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास ने फूल माला पहनकर स्वागत किया। साथ ही चित्रकूट से लखनऊ के लिए रवाना होने वाली पहली फ्लाइट में रामसागर चतुर्वेदी, रामेंद्र कुमार गौतम, संजीव अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रताप, रोहित अग्रवाल व अन्य शामिल रहे। फ्लाइट में बैठने वाले यात्रियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि एयरपोर्ट सेवा शुरु होने से जनपद चित्रकूट के विकास में एक नया मार्ग प्रशस्त होगा। इससे जनपद में शिक्षा, व्यापार, उद्योग आदि को बढावा मिलेगा। इस अवसर पर रोहिल अग्रवाल को प्रथम बोर्डिंग पास दिया गया।

### अवैध शराब बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने तीन आरोपियों को 30 लीटर कच्ची व 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसमें चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी नागेश कुमार, आरक्षी रविशंकर, महिला आरक्षी मनीषा पाण्डेय द्वारा आरोपी महिला कल्ली देवी पत्नी स्व कमलेश निवासी जयपुरिया भवन के पास सीतापुर कोतावाली कर्वी को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ व आरोपी विष्णु पुत्र रामकिंकर निवासी लोसरिया थाना नयागांव चित्रकूट को 15 लीटर कच्ची के साथ तथा थाना मऊ के उपनिरीक्षक इन्द्रजीत गौतम व उनके हमराही राहुल पाण्डेय द्वारा आरोपी अरविन्द मिश्रा पुत्र माताप्रसाद निवासी मण्डौर थाना मऊ को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# नए भारत के निर्माण के लिए महिलाओं को आना होगा आगे- ऊषा जैन

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



परमहंस संत रणछोड़दास महाराज की पावन प्रेरणा एवं आशीर्वाद से संचालित जानकीकुण्ड स्थित सेवा संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट एवं श्री सदगुरु महिला समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन सद्गुरु सभागार में किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ट्रस्टी डॉ. बी. के जैन, अध्यक्षा ऊषा जैन, उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, डॉ.पूनम अडवानी, आर बी सिंह चैहान एव सद्गुरू परिवार की महिलाएं उपस्थित रही। सर्वप्रथम मंचस्थ समस्त अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद अध्यक्षा ऊषा जैन ने बताया कि श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष अरविंद भाई मफतलाल ने आजीवन महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयास किए एवं महिला समिति की स्थापना के लिए विशेष प्रेरणास्त्रोत रहे और उन्ही की प्रेरणा से सदगुरु महिला समिति कि स्थापना वर्ष 1998 में चित्रकूट अंचल कि ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें समाजिक विकास की मुख्य धारा के साथ जोड़ने के उद्देश्य से की गयी थी। कहा कि आज 26 वर्ष पूर्ण होने पर हम सैंकड़ों महिलाओं को इस मुहीम से जोड़ सके एवं ये सभी महिलाएं शिक्षण, प्रशिक्षण प्राप्त कर आज अपने परिवार में आर्थिक सहायता करने में सक्षम हो गयी एवं अपने पैरों पर खड़ी हैं। हम मानते हैं कि महिलाओं की स्थिति में पिछले दशकों की अपेक्षा काफी सुधार एवं प्रगति हुई है, लेकिन अभी हमारा उद्देश्य पूर्ण नहीं हुआ महिलाओं में अपार सम्भावना एवं सामर्थ्य सन्निहित है, उन्हें समाज के विकास में पुरुषों के साथ कंधे से कन्धा मिला कर एक नए भारत के निर्माण के लिए आगे आना होगा।

# मुख्यमंत्री के नगर विकास का हुआ वर्चुअल लोकार्पण



जन एक्सप्रेस | बांदा

उ0प्र0 सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड की परियोजनाओं की वर्चुअल लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को नगर पालिका परिषद बांदा द्वारा नवगठित बोर्ड के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास का लक्ष्य लेकर नगर के विभिन्न मोहल्लों, वार्डों पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 139897657.00 धनराशि की लागत पर विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों में 122 विकास कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण किया गया। पालिका परिसर में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू द्वारा अनावरण करके विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। इसी तरह शहर में कूडा करकट फैलने से रोकने के लिये डोर टू डोर कूडा कलेक्शन करने के लिये रिफ्यूज एवं कम्पेक्टर एवं ट्राई रिक्शों का भी लोकार्पण किया गया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी नीलम चैधरी, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ व समस्त सभासद मौजूद रहे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ का ऐलान, समस्याएं नहीं हल हुई तो होगा अनिश्चित कालीन धरना

जन एक्सप्रेस | बांदा

**डीआईओएस को ज्ञापन सौंपकर की समस्याओं के समाधान की मांग**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट की जिला कार्यकारिणी एवं शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल जिला विद्यालय निरीक्षक एवं वित्त एवं लेखाधिकारी से मिलकर जनपद के शिक्षकों की एनपीएस धनराशि को जमा करने एवं कार्यालय स्तर पर लंबे समय से लंबित समस्याओं के यथाशीघ्र निस्तारित करने के लिए मिला संघ के जिलाध्यक्ष बालाराम एवं जिला मंत्री मोहम्मद बाकर ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को वित्त नियंत्रक, शिक्षा निदेशालय प्रयागराज के द्वारा 6 करोड़ की धनराशि तीन-चार माह पहले ही प्राप्त हो चुकी है परंतु पिछले दो वर्ष से वेतन से कटौती हो चुकी शिक्षकों की एनपीएस धनराशि को उनके प्रान खातों में नहीं जमा कराया जा रहा है जिसके कारण प्रत्येक शिक्षक का 7 से 8 लख रुपए कार्यालय पर बकाया है तथा उनको भारी नुकसान हो रहा है साथ ही साथ माह अप्रैल 2019 का एक माह का पिछला पैसा भी एनपीएस खाते में नहीं जमा हो रहा है यह एक बड़ी वित्तीय अनियमित है साथ ही साथ सितंबर 2016 से कटौती हो रही एरिया की धनराशि 8 साल बीत जाने के बावजूद भी एक रुपए खाते में नहीं जमा कराया गया है आर्यकन्या इंटर कॉलेज सहित कई विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रान नंबर आवंटित होने के बावजूद उनके वेतन से कटौती नहीं की जा रही है मार्च 2017 के शासनादेश में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली नियमावली के अध्याय 3 के अनुच्छेद 8 में एनपीएस की निकासी हेतु आज तक पटल सहायक की नियुक्ति नहीं हो सकी है जिसके कारण निकासी का कार्य शून्य है शासनादेश में पासबुक एवं लेजर के रखरखाव के स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद कार्यालय स्तर पर लेजर एवं पासबुक को आज तक किसी भी विद्यालय का प्रमाणित नहीं किया गया है जिसके कारण किसी भी शिक्षक को यह पता ही नहीं है कि अधतन उसकी कितनी धनराशि एनपीएस के खाते में जमा है इसके अलावा छेदीलाल वर्मा प्रभारी प्रधानाचार्य आदर्श किसान इंटर कॉलेज भभुआ की सर्विस बुक कार्यालय में जमा होने के बावजूद उन्हें प्रधानाचार्य पद का वेतन नहीं दिया जा रहा है , कमल वर्मा प्रवक्ता जेपी शर्मा इंटर कॉलेज बबेरू का माह अक्टूबर 2019 के वेतन का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है जबकि मुख्यमंत्री पोर्टल पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के द्वारा वेतन भुगतान करने की सूचना भी भेजी जा चुकी है।

# इनामिया अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस | बांदा



बबेरू कोतवाली पुलिस व एसटीएफ के द्वारा एनडीपीएस एक्ट के 50 हजार के इनामी वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, बबेरू कोतवाली पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा 50 हजार के इनामी एनडीपीएस एक्ट के शातिर वांछित अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र जगबीर निवासी डालयान पान्ना थाना दुजाना जनपद झज्जर हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा बताया गया की 16 जुलाई 2023 को बबेरू कोतवाली क्षेत्र में उड़ीसा से लाई जा रही अवैध गांजे की खेप को बरामद किया गया था। जिसमें दो अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार किया गया था। वहीं शेष दो अभियुक्त वांछित चल रहे थे, जिसमें बांदा पुलिस के द्वारा 50- 50 हजार का इनाम दोनों अभियुक्तों पर घोषित किया गया था। जिसमें पिछले 7 मार्च को एक अभियुक्त रिंकू राठी को गिरफ्तार का जेल भेजा जा चुका है। वही अभियुक्त मनीष वांछित चल रहा था, जिसमें बबेरू कोतवाली पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम के द्वारा गिरफ्तार कर आज मंगलवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# भाकियू के साथ विद्युत विभाग के अधिकारियों की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस | खागा, फतेहपुर



भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक आज खागा तहसील सभागार में बिजली विभाग के एक्सियन सुनील मिश्रा व चारो एसडीओ खागा, हथगाम, किशुनपुर और असोथर समेत सभी 19 पावर हाउस के जेई के साथ जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चैहान की अध्यक्षता में किया गया। बैठक मे छोटू सिंह परिहार जिला सचिव तहसील अध्यक्ष महेंद्र सिंह भदौरिया ने किसानों की ब्लॉक वार समस्या रखी और कई समस्याओ का तुरन्त निदान कराया गया। अजय प्रजापति मिडिया प्रभारी और रवि मौर्य ने हथगाम व पलिया सिठौरा पावर की समस्या रखी पलिया पावर हाउस के ग्राम यौहन में बाघ के अंदर हाई टेंशन लाइन उसको हटाने और कोतला फीडर के गौरा में ओवरलोड होने के कारण एक साल भी 100 केवीए का ट्रांसफॉर्म नहीं चलता और जल जाता है उसकी क्षमता 250 केवीए बढ़ाई जाय, कुल्हड़िया गांव से ग्यारह हजार लाइन हटाई जाय, मानपुर में ओवर लोड होने के कारण बिजली नहीं मिल पाती। इसकी क्षमता 25 केवीए बधाई जाय, कोदइला गॉव में ग्यारह हजार लाइन पोल को सही किया जाय। बैठक में विवेक सिंह, उमेश सिंह, सर्वेश सिंह, आशु सिंह, रवि मौर्य, अजय प्रजापति, दिनेश, मुश्ताक, चंद्रभान सिंह, अनूप सिंह, रवि प्रकाश, श्यामू कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

### बहन की डोली के साथ भाईयों की उठी अर्थी

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** औग थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में दो चचेरे भाइयो की मौत से परिवार सहित गॉव मातम मे डूब गया। दोनो भाई बहन की शादी के लिए चैडगरा स्थित प्रेट्रोल लेने बाईक से गये थे लौटते समय अनियत्रित बाईक विद्युत पोल से टकरा गयी। जिससे हाई बोल्टेज तार गिर जाने से दोनो की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। जहॉ बेटी की शादी की शहनाई बज रही थी। वही घटना के बाद परिजन सहित पूरा गॉव मतम मे डूब गया। जनकारी के अनुसार रामपुर निवासी अवध पाल सिंह के बेटे दीपक सिंह और चचेरे संदीप सिंह अपनी बाइक से चैडगरा पेट्रोल पंप डीजल लेने के लिए घर से निकले थे। रामपुर मोड़ के पास उनकी बाइक फिसल कर एक खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तार टूटकर दोनों भाइयों के ऊपर गिर गयी। दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। जहॉ शादी की तैयारियां चल रही थीं और घर वाले दोनों भाइयों का इंतजार कर रहे थे।

# डिजिटलाइजेशन के विरोध प्रर्दशन करके दिया सीएम सम्बोधित ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर



परिषदीय विद्यालयों में डिजिटलाइजेशन के विरोध सहित अन्य मांगों को लेकर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना दिया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री को संबोधित मांगों का एक ज्ञापन बीएसए को सौंपकर सभी मांगों को पूरा किये जाने की आवाज उठाई।

उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र की अगुवाई में पदाधिकारियों ने बीएसए कार्यालय में धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए महानिदेशक ने अपने दस नवंबर 2023 के आदेश में शिक्षकों को आनलाइन छात्र उपस्थिति व एमडीएम रजिस्टर मेंटेन करने के आदेश दिया हैं। शिक्षकों की मौलिक आपत्तियों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ द्वारा आपत्ति व्यक्त किया गया। महानिदेशक को इस आशय का पत्र भी दिया गया। जिसमें शिक्षकों की समस्याओं से भी अवगत कराया गया लेकिन कोई कार्यवाही न किए जाने से संगठन द्वारा विभाग के आदेश का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। सीएम से मांग किया कि कम्प्यूटर संबंधी आनलाइन कार्य करने के लिए कम्प्यूटर आपरेटर दिया जाय, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा सुविधा अनुमन्य किया जाय, शिक्षकों को एमडीएम से पूरी तरह मुक्त किया जाय, राज्य कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को भी ईएल प्रदान किया जाय, पूर्व में शिक्षकों को उपलबध प्रतिकर अवकाश पुनः आनलाइन दिया जाय, महिला शिक्षकों को पूर्व की भांति कम से कम तीन माह का सीसीएल एक बार में स्वीकृति की अनुमति पुनः चालू किया जाय, शिक्षकों को अनुमन्य अध्ययन अवकाश की सुविधा पुनः चालू किया जाय। इसके अलावा अन्य मांगे भी शामिल रहीं। इस मौके पर अजय मिश्र, अरूण मिश्र, ललतेश त्रिवेदी, नीरज तिवारी, शिव ओम यादव, संतोष गुप्ता, रामशंकर, राम बहादुर, संतोष पटेल आदि शिक्षक व शिक्षिकाये उपस्थित रही।

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 17°C |
| कानपुर | 32°C | 16°C |
| देहरादून | 26°C | 13°C |
| नई दिल्ली | 31°C | 16°C |

# 2.12 करोड़ परिवारों को मिलने लगा शुद्ध पेयजलः सीएम योगी

* सीएम योगी ने एक उच्चस्तरीय बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की और अफसरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हर घर नल-हर घर जल के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.65 करोड़ ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का महाभियान चल रहा है। जल जीवन मिशन के प्रारंभ से पूर्व मात्र 5.16 लाख परिवारों को ही नल से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता थी। लगातार प्रयासों से आज 2 करोड़ 12 लाख से अधिक परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। शेष घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिले, ऐसे में इस कार्य को समयबद्धता के साथ चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए। हर घर नल से जल पहुंचाने की यह योजना ईज ऑफ लिविंग के संकल्प को पूरा होने का सबसे बड़ा उदाहरण है। यह बड़े बदलाव का परिचायक है। यह मोदी की गारंटी है और मोदी की गारंटी यानी पूरा होने की गारंटी। बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में शुद्ध पेयजल एक सपना था। आज यह सपना साकार हो रहा है। यह दोनों ही क्षेत्र शीर्ष प्राथमिकता में है। अतिशीघ्र विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल की सुविधा होगी। झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट, मीरजापुर, सोनभद्र सहित पूरे विंध्य-बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन का कार्य आखिरी चरण में प्रवेश कर गया है। अवशेष कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराया जाए। शुद्ध पेयजल केवल प्यास ही नहीं बुझाता, बल्कि अनेक बीमारियों से सुरक्षित भी रखता है। हमें जल के महत्व को समझना होगा। गांव-गांव में लोगों को समझाना होगा। जल संचय के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। जल समितियों को एक्टिव रखें। पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग लें। नुक्कड़ नाटकों/लघु फिल्मों के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढाएं। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए आम जन को जागरूक किया जाए।



### गर्मी में एक भी दिन एक भी परिवार को पेयजल की समस्या नहीं होनी

गर्मी का मौसम प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में पेयजल के वैकल्पिक प्रबंध कर लिए जाएं। वर्षा कम होने के कारण जलाशयों में अपेक्षाकृत कम पानी है। हमें समय रहते इसके लिए व्यवस्था कर लेनी चाहिए। गर्मी में एक भी दिन एक भी परिवार को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। पेयजल परियोजना के कारण जगह-जगह रोड की खुदाई हुई है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है, दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। कार्यदायी संस्था की यह जिम्मेदारी है कि कार्य समाप्ति के साथ ही सड़क की मरम्मत हो जाए। पेयजल परियोजना के कारण सड़क खराब न रहे। यदि ऐसा हुआ तो जवाबदेही तय की जाए।

### हमें स्थलीय निरीक्षण की व्यवस्था को और मजबूत करना होगा

जल जीवन मिशन से 100 प्रतिशत संतृप्त गांवों का-हर एक घर का पारदर्शिता के साथ सत्यापन होना चाहिए। अगर एक भी उपभोक्ता असंतुष्ट है तो उनकी अपेक्षाओं को पूरा किया जाए। हमें स्थलीय निरीक्षण की व्यवस्था को और मजबूत करना होगा। हर गांव में प्रशिक्षित प्लम्बर की तैनाती कर दी जाए।



## इलेक्शन बॉन्ड मामले की जवाबदेही से बचने के लिए भाजपा ने जल्दी में लागू किया सीएएः स्वामी प्रसाद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा के पूर्व एमएलसी व राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के संस्थापक स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड मामले से लोगों का ध्यान हटाने के लिए जल्दबाजी में नागरिकता संशोधन कानून लागू किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से भाजपा ने जो ईमानदारी का चोला पहन रखा था वो उतर गया है। भाजपा को इस पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने इसे एक चुनावी घोटाला करार दिया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सीएए कानून 2021 में पास हो गया था पर इसे चुनाव के पहले अब लागू किया गया जब सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड मामले पर सख्त टिप्पणी की है। वो जवाबदेही से बच नहीं सकते उन्हें इसका जवाब देना होगा।

## जनता का सुझाव लेकर तैयार करेंगे संकल्प पत्रः सुरेश खन्ना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बीजेपी प्रदेश कार्यालय में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की प्रेस कॉन्फ्रेंस करके संकल्प पत्र बनाए जाने की जानकारी दी। सुरेश खन्ना ने कहा, चुनाव से पहले सभी पार्टियों घोषणा पत्र जारी करती हैं। भाजपा उसको संकल्प के रूप में जारी करती है और उसको पूरा करती है। लोकसभा 2024 का संकल्प पत्र बीजेपी मोदी की गारंटी गाड़ी के तहत प्रदेश में लोगों के सुझाव ले रही है। सुरेश खन्ना ने कहा, सुझाव आपका संकल्प हमारा अभियान को लेकर संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में 30 मार्च तक अभियान चला जाएगा, दो एलईडी वन भी चलाई जा रही हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में आम जनता से संकल्प पत्र को लेकर सुझाव लिए जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के अपने संकल्प पत्र को गंभीरता से लेती है और पूरा करती है। संकल्प पत्र के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है जिससे सुझाव लिए जा रहे हैं। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा, 2024 का चुनाव विकसित भारत के गारंटी का चुनाव है। हमारे पीएम ने 2047 तक भारत विकसित बनाना है।।पीएम के संकल्प को पूरा करने के लिए 2024 का चुनाव अति महत्वपूर्ण है। सुझाव आपका संकल्प हमारा अभियान चलाया जा रहा। जनता जो सुझाव देगी उसी के अनुरूप हमारा संकल्प पत्र होगा। 2014 से अबतक जितने भी चुनाव हुए। भाजपा ने घोषणा पत्र की जगह संकल्प पत्र प्रेषित किया। धारा 370 को हमने पूरा किया। सीएए के संकल्प हमने पूरा किया। शाही ने कहा, किसानों की आमदनी दोगुनी हो उसको पूरा किया। मोदी जी का संकल्प था हर घर शौचालय देगे पूरा किया गया। महिलाओं के लिए 1 करोड़ लखपति बनाने का काम किया गया। हर घर बिजली हर घर नल का संकल्प हमने पूरा किया।अगले 5 सालों के लिए जो सुझाव आएंगे उसको भाजपा संकल्प पत्र में स्थान देगी।अयोध्या में राम मंदिर का संकल्प था उसको हमने पूरा किया। हर जनपद में हमारे एलईडी वैन लगाकर सुझाव आपका संकल्प हमारा अभियान जारी है।




# इटौंजा नगर पंचायत का 11 करोड़ रूपए से होगा कायाकल्प

* विधायक ने इटौंजा नगर पंचायत परिसर में फीता काटकर होने विकास कार्यों का किया शिलान्यास
* इटौंजा में बहेगी विकास की गंगा, गौशाला, जल निकासी, नाली, सड़क, नल सहित अन्य विकास कार्य किए जाएंगेः अवधेश अवस्थी कमल

जन एक्सप्रेस । इटौंजा, लखनऊ

लखनऊ जिले की इटौंजा नगर पंचायत कार्यालय परिसर में मंगलवार को इटौंजा नगर में होने वाले विकास कार्यों को लेकर विधायक ने शिलान्यास किया।

बता दें कि इटौंजा नगर पंचायत अध्यक्ष अवधेश कुमार अवस्थी कमल ने नगर पंचायत में केन्द्र व राज्य सरकार की कई योजनाओं से पूरे नगर पंचायत इटौंजा का संपूर्ण विकास करने के लिए नगर पंचायत परिसर में योजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम किया। जिसमें मुख्य अतिथि बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने फीता काटकर कई योजनाओं का शिलान्यास किया।

वहीं इटौंजा नगर की जनता को संबोधित करते हुए बीकेटी भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि मोदी व योगी सरकार ऊपर से लेकर निचले पायदान तक के हर एक व्यक्ति व हर वर्ग के लोगों की गारंटी लेती है? तथा मोदी जी के राज्य में आज भारत का नाम विश्व पटल पर है दुनिया के लोग आज भारत में आना चाहते हैं मोदी ने सभी वादे पूरे किए हैं योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त कर दिया हैं आज उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है आम नागरिक खुश है राम मय है विधायक ने कहा कि 11 करोड़ रुपए की लागत से इटौंजा नगर में कान्हा गौशाला, पेयजल, जल निकासी, पानी टंकी, इंडिया मार्का हैंडपंप, सड़क नाली, इंटरलॉकिंग सड़क, लाइट अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। वहीं इस मौके पर विधायक योगेश शुक्ला ने नगर पंचायत अध्यक्ष अवधेश कुमार अवस्थी कमल के साथ में फीता काट कर योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक योगेश शुक्ला, चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल, अनुज सिंह, अरूण अवस्थी, आशीष त्रिवेदी अंशु, आकांक्ष मिश्रा, मनीष, विशू पांडेय, अंकुर गुप्ता, इटौंजा नगर पंचायत कर्मचारी, सभासद अन्य लोग मौजूद रहे।



### इटौंजा का विकास करना है मेरी पहली प्राथमिकता

इटौंजा नगर पंचायत अध्यक्ष अवधेश कुमार अवस्थी कमल ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई गई कई योजनाओं से इटौंजा नगर पंचायत का कायाकल्प किया जायेगा, इटौंजा में विकास की गंगा बहेगी। जिसमें सबसे बड़ी समस्या जल निकासी की समस्या है उसका निदान पहले किया जायेगा तथा सड़क बनाई जाएंगी, नालियों का निर्माण किया जायेगा, जगह-जगह लाइट लगाई जाएंगी, इंडियामार्का हैंडपंप भी लगाए जायेंगे एवं पानी की टंकी व पाइपलाइन सहित अन्य कई विकास कार्य किए जायेंगे। एक कान्हा गौशाला का निर्माण किया जायेगा,इन सभी कार्यों से इटौंजा में विकास की गंगा बहेगी जिससे इटौंजा नगर पंचायत सुंदर स्वच्छ व रात में जगमग होगी। जल्द ही विकास कार्य का काम चालू कर दिया जायेगा आने वाले बारिश के मौसम में जल भराव की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास पर काम करती है मोदी और योगी सरकार हर एक व्यक्ति की गारंटी लेती है और आम जनमानस एवं लोगों के लिए अच्छा कार्य कर रही है इटौंजा नगर पंचायत में संपूर्ण विकास हम करेंगे।

## योगी सरकार के नवनियुक्त मंत्रियों को आवंटित किए गए विभाग, पंचायती राज मंत्री बने ओम प्रकाश राजभर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार में नवनियुक्त मंत्रियों के विभागों का मंगलवार को बंटवारा कर दिया गया। नए मंत्रियों में ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, हज व मुस्लिम वक्फ विभाग का जिम्मा सौंपा गया। वहीं दारा सिंह चौहान कारागार विभाग संभालेंगे। पहली बार मंत्री बने सुनील शर्मा को सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग का दायित्व सौंपा गया है। अनिल कुमार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री होंगे। वहीं योगी मंत्रिमंडल के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति अब नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड विभाग के मंत्री बनाये गए हैं।

## आबकारी मंत्री ने की वर्चुअल समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के आबकारी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने निर्देश दिये कि प्रदेश में हरियाणा व अन्य पड़ोसी राज्यों से आने वाली अवैध मदिरा न आने पाये, इसके लिए बार्डर के अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें। जिला आबकारी अधिकारी आबकारी निरीक्षकों के साथ प्रति सप्ताह बैठक कर राजस्व बढ़ाने व प्रवर्तन के कार्यों की समीक्षा करें। उप आयुक्त अपने मण्डल के जिलों में लगातार भ्रमण कर मॉनीटरिंग करें। नितिन अग्रवाल आज गन्ना संस्थान में मण्डलों के उप आयुक्त आबकारी एवं जिला आबकारी अधिकारियों से राजस्व प्राप्तियों के विवरण, बीयर, विदेशी शराब एवं देशी शराब, उपभोग, प्रवर्तन कार्य, आईजीआरएस का निस्तारण एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की बिन्दुवार समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विगत वर्ष उपभोग आधारित लक्ष्य के सापेक्ष न्यूनतम राजस्व उपलब्धियों वाले 10 जनपद फिरोजाबाद, हाथरस, बदायु, हमीरपुर, जालौन, मिरजापुर, औरैया, आज़मगढ़, पीलीभीत, कानपुरनगर के जिला आबकारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व बढ़ाने की दिशा में कार्य करें एवं प्रवर्तन कार्यों में तेजी लायें। विभाग हित में अभी और परिश्रम करने की आवश्यकता है, जिससे हम ससमय लक्ष्य पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि अपनी परफारमेन्स बढ़ायें। उन्होंने बीते वर्ष की उपभोग आधारित लक्ष्य के सापेक्ष अधिकतम राजस्व उपलब्धियों वाले 10 जनपदों अमेठी, गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, बलिया, गाज़ियाबाद, बाराबंकी, शामली, श्रावस्ती, सोनभद्र, अमरोहा के अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राजस्व प्राप्ति में और बढ़ोत्तरी लायें।

# दिल्ली पुलिस द्वारा नमाजियों को लात मारना अपमान जनक नफरती व हिंसक कृत्य है: उदय पटेल

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




भाकपा (माले) ने मंगलवार को निलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर किया प्रदर्शन कारियो को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) जिला सचिव उदय पटेल ने कहा कि दिल्ली के इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास स्थित मस्जिद में 8 मार्च को जुमे की नमाज के लिए कुछ नमाजियों को जब मस्जिद के अंदर जगह नहीं मिली, तो वे बाहर सड़क पर दरी बिछाकर नमाज पढ़ने लगे। इसपर दिल्ली पुलिस ने नमाज पढ़ते नमाजियों को किक किया, उन्हें लात मारी और भगाने की कार्रवाई की। पुलिस का यह अपमानजनक, शर्मनाक, नफरती व हिंसक कृत्य है, जिसने देश का सिर नीचा किया है। इंकलाबी नौजवान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हनुमान अंबेडकर ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कानपुर में मजदूर परिवार की दो बहनों के साथ पहले गैंगरेप हुआ, दोनों ने गत 28 फरवरी 2024 को फांसी लगा कर जान दे दी या उन्हें मार कर पेंड़ पर टांग दिया गया, फिर पिता ने भी आत्महत्या कर ली। हमीरपुर जिले का यह परिवार आजीविका की तलाश में कानपुर के घाटमपुर में आकर ईंट-भट्ठा पर मजदूरी करता था। परिवार की दो फुफेरी बहनों (16 व 14 वर्ष) के साथ भट्ठा संचालक के परिवार के दो व्यक्तियों ने गैंगरेप कर फिल्म बनाई और ब्लैकमेल करने लगे। दोनों बहनों की मौत के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। भट्ठा ठेकेदार ने लड़की के पिता पर समझौते के लिए दबाव बनाना, धमकाना शुरू किया। अन्ततः लड़की के पिता ने भी हमीरपुर में 6 मार्च 2024 को आत्महत्या कर ली। इस तरह एक मजदूर परिवार तबाह हो गया। यह उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी विफलता है। राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। उन्होंने आगे कहा कि यहीं राय बरेली में एक शिक्षिका मनचलों के कारण स्कूल नही जा पा रही, परीक्षा केंद्र के बाहर से छात्रा का अपहरण हो रहा है। सरकार और उसके प्रशासन का इकबाल खत्म है । सभा को ऐक्टू के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मो अंसार ,किसान महासभा के जिलाध्यक्ष फूल चंद मौर्य, इंसाफमंच के जिलाध्यक्ष डा . हलीम महमूद ने भी संबोधित किया। बाद में दिल्ली की घटना के मद्देनजर, नफरत व पुलिसिया बर्बरता पर रोक लगाई जाए और सुरक्षा बलों का साम्प्रदायीकरण बंद करने , कानपुर की घटना की उच्चस्तरीय जांच करने व दोषियों को कड़ी सजा देने और प्रदेश सरकार की विफलता पर सरकार को निर्देशित करने संबंधित राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में माले कार्यकर्ता शामिल हुए।

## रेल ट्रैक के पास मिला शव

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। लखनऊ-वाराणसी रेल ट्रैक पर बेदूपारा के पास युवक का संदिग्ध परिस्थितयों में शव पाया गया। मृतक की बहन ने पुलिस में तहरीर देकर हत्या की आशंका जताया है। शव को पोस्टमार्टम में भेजकर पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक कि पत्नी व बच्चे मुंबई में रहते हैं। जानकारी के अनुसार लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के जखनीकला निवासी संतोष यादव (42) का शव मंगलवार को लखनऊ-वाराणसी रेल ट्रैक पर लंभुआ कोतवाली के बेदूपारा में पाया गया। उसके चेहरे आदि पर चोट के गंभीर निशान मिले हैं। शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दिया। मौके पर सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम व लंभुआ कोतवाली की टीम पहुंची। स्थलीय निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी व चार बच्चे मुंबई में रहते हैं। इनमें तीन लड़के और एक लड़की है। वही मृतक की बहन लीलावती निवासी बेलाही ने घटना को लेकर पुलिस में नामजद तहरीर दी है। उसका आरोप है कि भाई का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उसके गांव के रामनाथ यादव, संजय यादव, आदित्य यादव आदि ने भाई को रास्ते से उठाकर घर ले गए और हत्या करके शव जंगल में फेक दिया।

# आठ रेलवे स्टेशनों का बदला नाम मिली स्थानीय व धार्मिक पहचान

## सांसद स्मृति ईरानी का प्रयास हुआ सार्थक



जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिले के अन्तर्गत पड़ने वाले आठ रेलवे स्टेशनों का नाम अब जनपद से जुड़े महापुरुषों व धार्मिक स्थलों के नाम से जाना जाएगा।बताते चलें कि केंद्रीय मंत्री व सांसद अमेठी स्मृति ईरानी ने बीते शारदीय नवरात्र पर अपने संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों का नाम देवी-देवताओं के मंदिरों व स्थानीय महापुरुषों के नाम पर करने के लिए गृह मंत्री व रेल मंत्री को पत्र लिखा था।मंत्रालय की ओर जायस, निहालगढ़, अकबरगंज सहित संसदीय क्षेत्र के आठ रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।जल्द ही अमेठी संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों को पौराणिक व धार्मिक पहचान मिल जाएगी।

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति ने रेलवे स्टेशन मिश्रौली का नामकरण संग्रामपुर स्थित शक्तिपीठ मां कालिकन धाम के नाम पर करने के साथ ही जायस को गुरु गोरखनाथ धाम,बनी को स्वामी परमहंस धाम, कारिमपुर हाल्ट को कवि जायसी के नाम पर जायस सिटी,फुरसतगंज को पीढ़ी के बाबा तापेश्वर धाम,निहाल गढ को महाराजा बिजली पासी अकबरगंज रेलवे स्टेशन का नाम सिंहपुर स्थित शक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी धाम,वारिसगंज को अमर शहीद भाले सुलतानी के नाम पर नामकरण करने के लिए गृह मंत्री व रेल मंत्री भारत सरकार को पत्र भेजा था।उन्होंने बताया कि दीदी स्मृति के पत्र पर भारत सरकार ने सहमति जताते हुए रेलवे स्टेशनों के नामकरण के बदलाव की प्रक्रिया तेज कर दी है।जल्द ही संसदीय क्षेत्र के आठ रेलवे स्टेशनों की पहचान अमेठी से जुड़े महापुरुषों व धार्मिक स्थलों के नाम से होगी।रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने के साथ अमेठी संसदीय क्षेत्र को उसकी पुरानी व गौरवशाली पौराणिक पहचान भी मिलेगी।

# लोकसभा चुनाव को लेकर उड़न दस्ता एवं निगरानी टीम की बैठक

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत उड़न दस्ता टीम एवं निगरानी टीम के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा करते ही पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी।उसके उपरांत एफएसटी,एसएसटी टीमें अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर भारी मात्रा में ले जाने वाली नगदी,अवैध शराब,संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र इत्यादि की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखेंगी।ऐसी चीजें पाए जाने पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने टीमों के अधिकारियों से निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भली-भांति अध्ययन करने को कहा।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश मिश्रा,वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र सिंह,जिलाआबकारी अधिकारी अखिलेश आर्य,ई डिस्टिक मैनेजर अमित विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम सदर ने पोषण पखवाड़ा का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर। शाशन द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में पोषण पखवाड़ा दिनांक दिनांक 09 मार्च 2024 से 23 मार्च 2024 तक मनाये जाने के सफल आयोजन के निर्देश है के क्रम में आज दिनांक 12 मार्च 2024 को बाल विकास एवं पुष्टाहार बिभाग द्वारा पोषण अभियान के अंतर्गत 'निर्धारित थीम'-पोषण भी पढ़ाई भी, पारंपरिक व स्थानीय आहार प्रथाओं पर केंद्रित पोषण के प्रति संवेदनशीलता पर ध्यान केंद्रित एवं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य व आईवाईसीएफपर आधारित गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। जिसमें बाल विकास परियोजना शहर की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, रवीश्वर कुमार राव, बाल विकास परियोजना अधिकारी अजीत कुमार के साथ साथ मुख्य सेविका एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

# प्रशिक्षणों के माध्यम से शिक्षकों में होता है,सीखने-सिखाने की प्रक्रिया का विकास: धीरेन्द्र प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जनपद के ब्लाकसंसाधन केंद्र तिलोई पर निपुण भारत के अन्तर्गत चार दिवसीय शिक्षक सन्दर्शिका बुनियादी भाषा एवं गणित शिक्षा प्रशिक्षण खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप की देख-रेख में चल रहा है। जिसमें एक सौ प्रतिभागी शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं।बृजेश कुमार सिंह,मो सईद,माधवेन्द्र प्रताप सिंह, एवं शोभा शरन प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। धीरेन्द्र प्रताप सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजन अर्चन करके प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया।प्रशिक्षक माधवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रार्थना एवं प्रेरणा गीत का गायन सभी शिक्षकों से कराया।खण्ड शिक्षा अधिकारी तिलोई राम किशन कश्यप ने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया, कि समय से ब्लाक संसाधन केंद्र में उपस्थित होकर पूर्ण निष्ठा व लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करें।बृजेशकुमार सिंह एआरपी ने इस प्रशिक्षण के सम्बन्ध में विस्तार से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराय।और विद्यालय में जाकर क्रियान्वयन करने के लिए प्रेरित किया।धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी ने सभी शिक्षकों से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रेरित किया।और बुनियादी भाषा एवं गणित प्रशिक्षण में दी जा? रही जानकारी को बच्चों तक पहुंचाने की बात कही।शिक्षकों से ससमय विद्यालय पहुंचकर बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। प्रशिक्षण में सैकड़ों प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित रहे।

## डीएम व पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों व महिला थाना का लिया जायजा



जन एक्सप्रेस/अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने मंगलवार को संयुक्त रूप से कस्बा जायस में मतदान केंद्रों तथा गौरीगंज में महिला थाना का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।डीएम व एसपी ने कस्बा जायस क्षेत्र के मलिकमोहम्मद भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज जायस,राजकीय इंटरकॉलेज जायस व प्राथमिक विद्यालय जायस में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।साथ ही संबंधित अधिकारियों को वहां पर बिजली,पानी,शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। इसके उपरांत उन्होंने गौरीगंज में महिला थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना एएचटीयू व नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आईडेंटिफिकेशन सिस्टम सेल तथा कार्यालय में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# लाखों करोड़ के शिलान्यास और गारंटी के प्रचार में अरबों खर्च करने वाली सरकार के पास नहीं है देने के लिए 2000 रुपए: सरस्वती

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




उत्तर प्रदेश मिड डे मील वर्कर्स यूनियन सम्बद्ध ऐक्टू के आह्वान पर आज जिलाधिकारी कार्यालय पर रसोईया कर्मियो ने प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगो को अनसुना किए जाने पर सरकार और प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शन कारियो को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सरस्वती ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिला और गरीब उत्थान के लिए अपने मुंह मिट्ठू बनती रहे किंतु प्रदेश कामगार महिलाओं के श्रम,सम्मान की लूट की प्रयोगशाला बना हुआ है। स्कीम के नाम पर लाखों महिलाओ को गुलामों की तरह मुफ्त में खटवाया जा रहा है। सरकार वर्षो से लड़ रही स्कीम वर्कर्स के सवालों को सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसी दशा में बड़ी गोलबंदी के साथ सड़क में उतरने के लिए कोई रास्ता नही है।

जिला सचिव विद्या देवी ने कहा कि पूरे देश और प्रदेश में रोज ही लाखो करोड़ की परियोजनाओ का शिलान्यास कर जनता को लुभाया जा रहा है,पर हमारी मेहनत का कमाया बेहद अपमान जनक मानदेय देने के लिए सरकार के पास पैसा नहीं है ।रसोईया कर्मियों को मिलने वाली रू 2000ध् की मिलने वाली मानदेय की राशि का 4 माह का भुगतान बाकी है । एक ओर सरकार महिला सशक्तिकरण के अदृश्य कार्यक्रम और गारंटी के प्रचार में हजारों करोड़ खर्च कर रही है और दूसरी ओर रसोईया कर्मी और उनके परिवार हाड़ तोड़ मेहनत के बावजूद भूखे मारे जा रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों की मांगो का समर्थन करते हुए संगठन के मंडल अध्यक्ष कृष्ण आत्मा शर्मा ने कहा कि सरकार 2020 के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वर्ष 2005 से एरियर सहित न्यूनतम वेतन के भुगतान के आदेश का पालन नहीं कर रही है। प्रदेश भर में रसोईया कर्मियो की हालत बेहद खराब है । खाना बनाने के अलावा सफाई कर्मी और चपरासी का भी काम किया जाता है। धुंआ मुक्त प्रदेश में जुगाड की लकड़ी में खाना बनाने की विवशता है।

बाद में 4 माह के बकाए मानदेय के भुगतान , उच्च न्यायालय के आदेशानुसार न्यूनतम वेतन ,ईएसआई, ईपीएफ, ग्रेडूटी,पेंशन की गारंटी किए जाने तथा नवीनकरण के नाम पर निष्कासन पर रोक लगाने आदि मांगो वाला मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया गया।

## छोटे भाई ने बड़े भाई को चाकू घोंपा, मौत

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। सोमवार की रात मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के मीरपुर गांव में रिश्तों का कत्ल हो गया। यहां बाइक खड़ी करने के मामूली विवाद में सगे भाई ने सगे भाई को चाकू घोंपकर मौत के घाट उतार दिया। बेटे की मौत से माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। वही सूचना मिलने पर एसपी सोमेन वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मोतिगरपुर थाना अंतर्गत मीरपुर गांव में हृदयराम नागर के छोटे पुत्र विपिन ने गली में बाइक खड़ी की। इसको लेकर विपिन के बड़े भाई संदीप कुमार (35 वर्ष) ने आपत्ति की। तो दोनों में कहा सुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते दोनों में हाथापाई होने लगी। मां नौरंगी देवी और पिता हृदय राम नागर दोनों के मध्य बीच बचाव करने लगे। लेकिन दोनों ने मां बाप की एक न सुनी। आखिर में माता-पिता आस पड़ोस के लोगों को मदद के लिए बुलाने गए। तभी विपिन घर से चाकू लेकर आया और संदीप के पेट में चाकू घोंप दिया। संदीप चाकू लगने के बाद वही तड़पने लगा और उसकी जान निकल गई।

## वर वधु को शादी में भेंट किया गया भारतीय संविधान

# आमंत्रण कार्ड में उच्च शिक्षा का संदेश

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



शादियों में दहेज के रूप में महंगे जेवरात और मोटी रकम देने की चर्चाएं आम होती हैं लेकिन बल्दीराय तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैनी लोहरिया निवासी चंद्रभान की सुपुत्री नीलम संग पवन कुमार पुत्र श्याम लाल निवासी ग्राम देवरा के संग हुई। जिसमें वर वधु को भारतीय संविधान की पुस्तक उपहार स्वरूप उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ जनपद सुलतानपुर के जिला महामंत्री पवन कुमार द्वारा भेंट किया गया। तमाम आडंबरों को किनारे कर बौद्ध रीति रिवाज से शादी संपन्न हुई, विवाह को देखने के लिए घराती और बारातियों के अलावा काफी संख्या में लोग देर रात तक डटे रहे। बौद्ध परंपरा के अनुसार दूल्हा दुल्हन को 22 प्रतिज्ञाएं दिलाई गई। खास बात यह रही कि नव दंपति नें भारतीय संविधान की शपथ ली। इस शादी के लिए जो आमंत्रण कार्ड छपवाया गया उसमें पारंपरिक तौर पर हिंदू देवी देवताओं की जगह तथागत बौद्ध, डॉ.भीमराव अंबेडकर, सम्राट अशोक, सावित्रीबाई फुले, रामस्वामी परियार, ज्योतिबा फुले की तस्वीरों को महत्व दिया गया। इसके अलावा विज्ञान व उच्च शिक्षा को मानव जीवन में मुक्ति का मार्ग बताया है।

इस मौके पर तमाम सामाजिक कार्यकर्ता, कर्मचारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिनमें शिक्षक दान बहादुर, सर्वेश कुमार, अमित कुमार, राम प्रकाश, राजकुमार (एस आई), इन्द्रेश कुमार (सीआरपीएफ), सियाराम रावत (प्रधान पड़किया) व भारतीय संविधान की पुस्तक उपलब्ध कराने में संविधान जागरूकता मंच के सक्रिय साथी व शिक्षक जगध्यान यादव, रामबरन प्रजापति, राजदेव यादव, धर्मेन्द्र कुमार शुक्ल का विशेष योगदान रहा। वैवाहिक कार्यक्रम में उपस्थित रिश्तेदार द्वारा इस कार्य की खूब प्रशंसा की गई।

## कार्यालय: नगर निगम अयोध्या

पत्रांक: 1135/न0नि0अयो0/ई-निविदा/2024 दिनांक: 12/03/2024

### अति अल्प कालीन ई-निविदा सूचना

नगर निगम अयोध्या के निर्माण विभाग द्वारा कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत कुल 02 कार्यो की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकते हैं। निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि अलग-अलग ऑनलाइन Net Banking (NEFT/RTGS)/UPI /Debit/Credit card के माध्यम से Link-https://emdnagarnigamayodhya.in/loginwithotp से अन्तरित करना होगा। तत्क्रम में ई निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की बेबसाइट www://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रूप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 13.03.2024 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 18.03.2024 को शाम 06:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 19.03.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे |

(राजवीर सिंह)
मुख्य अभियन्ता

# आबकारी विभाग ने 357 लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़ी,13 लोगों पर सुसंगत धाराओं में कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के आदेशानुसार आगामी त्यौहारों व लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में मंगलवार को आबकारी निरीक्षकों द्वारा जनपदीय आबकारी स्टाफ के साथ थाना खीरो के अंतर्गत स्थित ग्राम महरानीगंज , थाना गुरुबक्शगंज के अंतर्गत ग्राम गोझरी व कोरिहर , थाना नसीराबाद के अंतर्गत ग्राम बरखुरदारपुर अकेलवा, थाना ऊंचाहार के अंतर्गत ग्राम भटेहरी, थाना बछरावां के अंतर्गत ग्राम बसेटा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों , आसपास के जंगलों , तालाब के किनारे आदि स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 357 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 1600 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया। 13 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त लोगों को नकली सस्ती मदिरा से दूर रहने व उक्त के सेवन से जनस्वास्थ्य को होने वाली हानियों के प्रति जागरूक किया गया तथा टोल फ्री नंबर 14405, व व्हाट्सएप नंबर 9454 466019, का प्रचार प्रसार किया गया। गांव में या आस -पास किसी भी व्यक्ति द्वारा अवैध शराब बनाने या बेचने का काम करता है तो इसकी गोपनीय सूचना आबकारी विभाग व पुलिस को देने के लिए कहा गया। तहसील के सभी लेखपालों, ग्राम चौकीदारों? एवं ग्राम प्रधानों को मैसेज के माध्यम से विभाग का मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हुए अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, तस्करी की सूचना देने हेतु कहा गया। सूचना देने वाले का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी ने कहा कि अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों में आसमान साफ रहने के कारण बर्षा होने की कोई संभावना नही है तथा हवाओं की गति सामान्य से तेज चलने के आसार है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 24.0 (-4.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.8 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 39 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# नामांतरण में किया विलम्ब तो नपेंगे ज़िम्मेदार : उपाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर



**कानपुर नगर।** कानपुर विकास प्राधिकरण में वर्षों से नामांतरण के लिए दौड़ लगा रही जनता के लिए राहत भरी खबर है। नगर के जिलाधिकारी जो के.डी.ए. उपाध्यक्ष के पद पर भी आसीन हैं। उनके द्वारा अपने अधीनस्थ विभागीय ज़िम्मेदार अधिकारियों को सख्ती से निर्देश दिए गए हैं कि वह नामांतरण के जितने भी मामले लंबित चल रहे हैं उनका तत्काल निस्तारण करें।
अन्यथा की स्थिति में अगर उनके पास नामांतरण लटकते रहने की शिकायत आई तो वह जिम्मेदार पर दंडात्मक कार्रवाई करने से चूकेंगे नहीं। मंगलवार को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आर.के. सिंह सायं काल के समय अपने जिम्मेदार अधीनस्थ अधिकारियों को सख्ती से कई मामलों में निर्देश देते हुए नज़र आए। इसी दौरान जब वह सभी अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे तभी जोन एक के स्वरूप नगर क्षेत्र में रहने वाला एक फरियादी उनके सामने नामांतरण की समस्या लेकर आ गया। जैसे ही उन्होंने फरियादी के पत्र की तरफ नजरे डालीं तो इस समय अपने जिम्मेदार अधिकारियों जो वहीं पर मौजूद थे उनसे स्पष्ट रूप से कह डाला की कई पीसीएस अधिकारी यहां पर मौजूद हैं। उसके बाद भी नामांतरण की समस्या लेकर जनता फरियादी बन यहां पर बाबुओं के इर्द गिर्द चक्कर पर चक्कर लगा रही है। उन्होंने तत्काल नामांतरण की समस्या को खत्म करने की बात कहते हुए यह भी जिम्मेदारों को निर्देश दिए हैं कि जिन लोगों के मामले नामांतरण के लिए लटके हुए हैं उन्हें फोन करके बुलाया जाए और उनके सभी लंबित मामलों का तत्काल निस्तारण किया जाए।

### कैसे जिम्मेदार लगवाते हैं चक्कर

जिस समय उपाध्यक्ष ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए उस समय नामांतरण की समस्या लेकर दो से तीन लोग और आए हुए थे। उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर अपना दर्द जन एक्सप्रेस संवाददाता को बयां करते हुए बताया कि आवेदन करने के तीन दिन बाद ही नियमानुसार बाबू को आवेदक को यह बता देना चाहिए कि उसके आवेदन में क्या कमी है और उसके बाद कार्य चालू हो जाना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं होता है। जिस समय मौके पर जे.ई. निर्माण की जांच करने आते हैं उसे समय भी वह बहुत कुछ पुराने समय की इंप्रूबमेंट ट्रस्ट के टाइम की जमा खरीद की रसीद मांगते हैं साथ ही पुराने समय से लेकर जो वर्तमान समय को देखते हुए एक्स्ट्रा बाथरूम वगैरह भी अगर बना हो तो बहुत कुछ सहना पड़ता है, कुल मिलाकर बताने वाले ने इशारों में बता दिया कि चढ़ावा चढ़ाना ही पड़ता है। कई टेबल से फाइल होकर गुजरती है जिसमें सालों लग जाते हैं।

### द्वितीय श्रेणी के कर्मचारियों की अग्नि परीक्षा आज

कानपुर विकास प्राधिकरण में तैनात द्वितीय श्रेणी के 23 कर्मचारियों की आज अग्नि परीक्षा है। मिली जानकारी के अनुसार नगर की आईटीआई में आज इनका टाइपिंग टेस्ट होना है। सूत्रों की माने तो इनमें से कई लोग दो बार टेस्ट में फेल हो चुके हैं। ऐसे में अगर यह सभी तीसरा टेस्ट वह पास ना कर पाए तो उन्हें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की श्रेणी में आना होगा।

### इन लोगों को देना है आज टेस्ट

- ज्ञानेन्द्र पाण्डेय
- सचिन शर्मा द्वितीय
- कु0 कोमल मिश्रा
- अमित सैनी
- कुलदीप यादव
- मोहित त्रिपाठी
- अनिल राठौर
- राकेश पाल
- हरि सिंह
- श्रीमती रजनी तोमर
- बृजभान सिंह
- राम कैलाश यादव
- श्रीमती मधु यादव
- अमित राजपूत
- विजय थापा
- अनिकेत पांडे
- प्रभात द्विवेदी
- चंद्रपाल सिंह
- जय प्रताप खर्चवाल
- कृष्ण पाल
- सुरेंद्र सिंह कुशवाहा
- दुर्वेश राजपूत
- श्रीमती विनीता यादव

### नामांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन के दिए निर्देश

उपाध्यक्ष आरके सिंह के द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए यह भी कहा गया कि नामांतरण के लिए जो भी आवेदन कराए जाएं वह ऑनलाइन कराए जाएं।

# विकास के पहले पायदान पर मां और मातृभाषा ही बनाती हैं रोडमैप : कुलपति



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज द्वारा भारतीय भाषा समिति भारत सरकार और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को भारतीय भाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने किया। उन्होंने कहा कि विकास के पहले पायदान पर मां और मातृभाषा ही रोडमैप बनाने का कार्य करते है। यह महज शब्दों का संग्रह नहीं है बल्कि यह हमारी संस्कृति, विरासत और पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तकनीकी के उद्गम में अब क्षेत्रीय भाषाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो चली है। क्षेत्रीय भाषा न सिर्फ हमारे विकास का पथ प्रदर्शक होती हैं बल्कि हमारी आजीविका का भी साधन बनती जा रही है। प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि मातृभाषा की प्रासंगिकता हमेशा से रही है। मातृभाषा न सिर्फ गौरव के लिए होनी चाहिये। बल्कि इसे रोजगार के लिए भी मुफीद बनाना होगा। काशी हिन्दी विश्वविद्यालय के प्रो. राम नरायन द्विवेदी ने कहा कि क्षेत्रीय भाषाएं हमारी संस्कृति को संजोकर रखती है। इसे हमें प्रमुखता से मानस पटल पर लाने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता प्रो.श्रवण कुमार शर्मा ने कहा कि हमारी भाषाएं ही हमारा भविष्य तय करती हैं। बेहतर भविष्य को मातृभाषा के माध्यम से संवारा जा सकता है।
शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास समिति के क्षेत्रीय संयोजक जगराम सिंह ने कहा कि हमें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिये। जब हमारी नींव मजबूत होगी तो हम भी मजबूत होंगे। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक आचार्य डॉ.ओम शंकर गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक भारत के पद्मवीर का विमोचन किया गया।
इस अवसर पर डॉ.विकास यादव, डॉ. ऋचा वर्मा, डॉ.सुमना विश्वास, डॉ.प्रभात गौरव मिश्र, डॉ.पूजा अग्रवाल, डॉ.लक्ष्मण कुमार, शालिनी शुक्ला, डॉ.ऋचा शुक्ला और डॉ.सोनाली मौर्य आदि शिक्षको सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सस्य वैज्ञानिक डॉ.राजीव ने शानदार जीत की हासिल



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

इंडियन सोसायटी ऑफ एग्रोनॉमी, सस्य विज्ञान संभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के द्विवार्षिक चुनाव 2024 एवं 2025 के लिए काउंसलर उत्तर प्रदेश के पद पर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के सब्जी अनुभाग कल्याणपुर में सस्य वैज्ञानिक डॉ.राजीव द्वारा 70 प्रतिशत वोट प्राप्त कर शानदार जीत हासिल की है। डॉ.राजीव ने बताया कि इंडियन सोसायटी आफ एग्रोनॉमी चुनाव के लिए दिनांक 1 से 10 मार्च 2024 तक ऑनलाइन वोटिंग प्रक्रिया हुई। जिसमें संपूर्ण उत्तर प्रदेश राज्य से 304 आजीवन सदस्यों के सापेक्ष 180 सदस्यों (59.21 प्रतिशत) द्वारा मतदान में भाग लिया गया तथा ऑनलाइन मतदान की गणना दिनांक 11 मार्च को इंडियन सोसायटी आफ एग्रोनॉमी मुख्यालय नई दिल्ली पर हुई। डॉ.राजीव की शानदार जीत के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह द्वारा उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी।

## जीते दर्ज़ करने वालों का जोरदार स्वागत



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

यू.पी.राज्य कर अमीन संघ के प्रांतीय चुनाव में गाजियाबाद के अभिषेक सिंह अध्यक्ष, लखनऊ के शिवकुमार महामंत्री एवं कानपुर के राकेश कुमार ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। राज्य कर कार्यालय लखनपुर में राकेश कुमार का भव्य स्वागत किया गया, इस अवसर पर मिनिस्टीरियल संघ के जोन अध्यक्ष रोहित तिवारी, जोन मंत्री उमेश कुमार, जिलाध्यक्ष दीपक चंदेल, जिलामंत्री शोभित अग्रवाल अमीन संघ के जिलाध्यक्ष मनोज विद्यार्थी, जिलामंत्री कमलेश यादव, रामबहादुर, अजय गुप्ता, प्रमोद शुक्ला, सुरेश तिवारी, मोहित मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र गौतम आदि कर्मचारी मौजूद रहें।

# फर्जी सिपाही और टी.एस.आई.ने अधिवक्ता को बनाया शिकार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शहर में फर्जी सिपाही और टीएसआई बनकर गैंग यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों से अवैध वसूली किए जाने का मामला तब सामने आया जब इन दोनों का शिकार एक अधिवक्ता हो गया। जब उसने साथियों से बात बताई तो पता चला कि कई लोगों के साथ यह खेल हुआ है। अधिवक्ताओं ने छानबीन कर एक फर्जी सिपाही और टीएसआई का पता लगा लिया और मंगलवार को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मिल शिकायत की है। शिकायत दर्ज कराने पहुंचे पीड़ित अधिवक्ता अंकित यादव ने बताया कि वे थाना चकेरी अन्तर्गत श्याम नगर बाईपास के पास से अपनी कार से दही लेने जा रहे थे। इस दौरान सीट बेल्ट न लगाए होने के कारण एक हेड कांस्टेबल ने उनको रोक लिया और पैसे की मांग की गई। इतने में ही ट्राफिक की गाड़ी से एक युवक आया जो अपने को टीएसआई बता रहा था और रौब गांठना शुरु कर दिया। अधिवक्ता ने रुपया नकद होने का हवाला दिया तो टीएसआई ने आनलाइन पेमेंट की बात कह दी। इस पर अधिवक्ता ने पांच सौ रुपया आनलाइन पेमेंट कर दिया। पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि जब उन्होंने इस घटना की बात अपने मित्रों से करी तो पता चला कि जो हेड कांस्टेबल बना था उसका नाम शिवम शुक्ला है जो होमगार्ड है। टीएसआई जो बना था उसका नाम राजीव दीक्षित है और वह हेड कांस्टेबल है। दोनों लोग पहले भी ऐसे मामलों में जेल जा चुके हैं। अधिवक्ताओं ने फर्जी सिपाही और टीएसआई के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने ली पुलिस आयुक्त से मांग की है।

## नहर में मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के साढ़ थाना क्षेत्र स्थित बेहटा बुजुर्ग गांव की नहर में मंगलवार सुबह एक युवक का शव उतराता हुआ दिखाई दिया तो स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस कहना है कि उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी। मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि साढ़ के बेहटा बुजुर्ग गांव में स्थित नहर में मंगलवार सुबह 30 वर्षीय युवक का शव पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। उसकी मृत्यु कैसे हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। उसके शरीर पर कोई चोट भी नहीं दिखी है। हालांकि मृत्यु का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# फल की दुकान में लगी आग, लाखों का माल जलकर खाक

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत देर रात फल की दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया दुकान मालिक ने आरोप लगाया है कि दबंग महिला ने पेट्रोल डालकर दुकान में आग लगाई गई है। क्षेत्र में रहने वाली दबंग महिला ने ही आग लगवाई है। आग की सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची है तकरीबन 1 घंटे की मशक्कत के बाद दुकान की आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया था किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं हुई है कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महाराणा प्रताप स्कूल के पास में छोटू गुप्ता की फल की दुकान है सोमवार की देर रात दुकान में आग लगने की सूचना छोटू को मिली इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना देने पर मौके पर दमकल कर्मी पहुंचे। कर्मियों ने 1 घंटे में आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग ने सब कुछ तबाह कर दिया था छोटू गुप्ता ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में ही रहने वाली एक महिला ने दुकान में आग लगा दी है। काफी दिनों से वह धमका रही थी और दुकान हटवाने का दबाव बना रही थी। उसने बताया कि आज से तकरीबन 6 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है दुकान में कुछ भी नहीं बचा है छोटू ने कल्याणपुर थाने में महिला के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है।

# रोज़ाना तरावीह के बाद मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी द्वारा संक्षिप्त दर्स ए कुरआन का सिलसिला शुरू

जन एक्सप्रेस | कामिल अंसारी

**कानपुर नगर।** जामा मस्जिद अशरफाबाद जाजमऊ में रोज़ाना तरावीह के बाद संक्षिप्त दर्स ए कुरआन का सिलसिला मस्जिद के इमाम व जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी द्वारा शुरू हुआ। पहली तरावीह पढ़ाने के बाद सूरह बक़रह की कुछ आयतों की व्याख्या करते हुए मौलाना अब्दुल्लाह क़ासमी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की सफलता का प्रमुख आधार इस्लाम धर्म पर है। शरीअत ने जहां स्वयं को मुसलमाना बनाये रखने और अल्लाह का फरमाबरदार बनाये रखने का पाबन्द किया है।
वहीं उसी के साथ हम पर दूसरों की भी कुछ ज़िम्मेदारियां हैं। मुख्यरूप से माता-पिता को इस बात का पाबन्द किया है कि वह अपन जीवन में अपने बच्चों की दुनियावी ज़रूरतों से ज़्यादा दीनी ज़रूरतों को पूरा करने पर ध्यान केन्द्रित करें और अपने बच्चों को सही-सही मुसलमान बनाने, अल्लाह, नबी स0अ0व0, कुरआन, सहाबा रजि0 का परिचय कराने और अपने बच्चों को दीन से जोड़े रखने के लिये फिक्रमंद हों। मौलाना ने इसका महत्व बताते हुए हज़रत याकूब अलैहिस्सलाम के अंतिम समय का वाक़िया भी बयान किया जिसमें उन्होंने अपने बच्चों से पूछा कि तुम मेरे बाद किसकी इबादत करोगे ? और उनके बच्चों ने जवाब दिया कि हम उसी रब की इबादत करेंगे जो आपका रब है और हम मुसलमान रहेंगे। इससे पूर्व मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी ने अपने विशिष्ट अंदाज में ठहर-ठहर कर तरावीह पढ़ाई, जिसे नमाज़ियों ने सराहते हुए हौसला अफज़ाई की। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में अवाम मौजूद रहे। इस वर्ष जामा मस्जिद अशरफाबाद जाजमऊ में सत्ताइसवीं शब को कुरआन का दौर मुकम्मल होगा।

### कुल हिन्द इस्लामिक इल्मी अकादमी कानपुर की अल-शरिया हेल्पलाइन से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर

- प्रश्न: माहे रमज़ान शुरू हो रहा है और में इस वक़्त यात्रा पर हूं, सुबह तक घर पहुंच सकूंगा, रोज़ा तो रख लूंगा लेकिन आज तरावीह में शिरकत ना हो सकेगी तो क्या मुझे तरावीह की क़ज़ा करनी चाहिए?
- उत्तर: छूटी हुई तरावीह में क़ज़ा नहीं है। लेकिन जो कुरआन सुनने से रह गया है वह किसी दिन तरावीह में पढ़ लें या सुन लें ताकि मुकम्मल कुरआन का सवाब हासिल हो जाये।
- प्रश्न: मुफ्ती साहब हमारी मस्जिद में तरावीह की दो जमाअतें होती हैं एक नीचे के हिस्से में और एक ऊपर के हिस्से में तो जो लेग ऊपर के हिस्से में तरावीह पढ़ते हैं वह फर्ज़ नमाज़ में ही ऊपर चले जाते हैं जबकि मस्जिद के नीचे के हिस्से में जगह रहती है तो अब प्रश्न यह है कि उन लोगों का यह अमल शरीअत के अनुसार कैसा है ?
- उत्तर: मस्जिद के नीचे के हिस्से में जगह होते हुए ऊपर के हिस्से में सफ़(पिंक्ति) बनाना मकरूह है इसलिये ऊपर के हिस्से में तरावीह की जमाअत में शामिल होने वालों को इसका ख्याल रखना चाहिए कि फर्ज़ नमाज़ की अदायगी के लिये पहले नीचे की सफ़ों(पिंक्तियों) को पूरा करें उसके बाद ऊपर के हिस्से में जायें क्योंकि यह सफ़ों(पिंक्तियों) की दुरूस्तगी के खिलाफ अमल है जबकि हदीसों में सफ़ों(पिंक्तियों) को दुरूस्त रखने की ताकीद आई है।
- प्रश्न: क्या रमज़ान में प्रतिदिन रोज़े की नियत करना ज़रूरी है ?
- उत्तर: हां रमज़ान के रोज़े की नियत प्रतिदिन करना ज़रूरी है। लेकिन अगर किसी ने शुरू रमज़ान में ही नियत की कि मैं पूरे रोज़े रखूंगा और इसी नियत के साथ वह प्रतिदिन सेहरी व इफ्तार करता है। यद्यपि वह प्रतिदिन अपनी नियत पुनर्वलोकन नहीं करता या उसको ध्यान नहीं रहता तो भी उसका रोज़ा हो जायेगा। उसका यह सेहरी करना स्वयं नियत के समानान्तर है।

## पेंटिंग मजदूर हाई टेंशन लाइन की चपेट आया, मौत



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। शहर में जिम्मेदार विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अपनी आंखों पर गांधारी रूपी पट्टी बांधे हुए हैं जिस कारण शहर में भवनों के निर्माण ऐसे हो गए हैं कि उन कार्यरत मजदूर अक्सर हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर अपना जीवन गवा बैठ रहे हैं। जिन मजदूरों की मौत होती है वह अपने पीछे अपने परिवार को रोता बिलखता छोड़ दुनिया से विदा ले लेते हैं। मंगलवार को एक पुताई कर रहा पेंटिंग का मजदूर हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर अपना जीवन गवा बैठा। नौबस्ता मछरिया निवासी कृपा शंकर रावत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे।परिवार पत्नी कुसुमा और दो बच्चे हैं। परिजनों ने बताया कि वे श्याम नगर में विश्वनाथ मिश्रा के निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा थे।और रोज की तरह आज भी काम करने गए तो मकान मालिक विश्व नाथ मिश्र ने मजदूर को सीढ़ी लगाकर मकान के छज्जे की पुताई करने के लिए कहा जैसे ही मजदूर ने पुताई का काम शुरू किया वैसे ही बाहर हाई टेंशन लाइनों के दौड़ रहे करंट की चपेटए आ गए। जिससे वह बुरी तरह झुलस गए। आनन फानन उन्हें कांशीराम अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सांझा बुझा कर मामला शांत कराया और पीड़ीत दुखी परिजनों को हर संभव मदद का विश्वास दिया है।

# ट्रैफिक अधिकारी ने बुजुर्ग से की अभद्रता, वीडियो हुआ वायरल

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में यातायात व्यवस्था को शुद्धरण करने के लिए सभी प्रमुख चौराहों पर बदलाव किया गया है। साथ ही साथ उन जगहों पर ट्रैफिक विभाग के जिम्मेदारों की तैनाती भी की गई है कि कौन वाहन किधर से जाएगा। क्योंकि लोगों को अभी जानकारी का आभाव है। मंगलवार को जानकारी के आभाव में एक बुजुर्ग पुरानी व्यवस्था के अनुसार चौराहे पर आगे बढ़ गया तो एक टीएसआई ने उसे पकड़कर अभद्रता की और जेल भेजने की धमकी तक दे डाली। मामले का वीडियो जमकर वायरल हो गया है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि जन एक्सप्रेस दैनिक समाचार पत्र नहीं करता है। आपको बताते चलें कि बीते दिन मंगलवार को सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्मों पर एक वीडियो जमकर वायरल हुआ जिसमें चौराहे पर तैनात टीएसआई और पुलिसकर्मी एक बुजुर्ग को धकिया रहे हैं इसके साथ ही उस बुजुर्ग को टीएसआई जेल में डालने की धमकी भी दे रहा है। वायरल वीडियो पर लोग पुलिस के इस व्यवहार पर तरह तरह के कमेंट भी लिख रहे हैं और बताया जा रहा है कि यह वायरल वीडियो बाकरगंज चौराहे का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाकरगंज चौराहे पर यू टर्न ट्रैफिक व्यवस्था की गई। जिससे लोग अभी नई व्यवस्था को समझ नहीं पा रहे हैं। हालांकि लोगों को जानकारी देने के लिए वहां पर टीएसआई और पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं और नई व्यवस्था के अनुसार यातायात को संचालित करते हैं। लेकिन पुरानी व्यवस्था को दिमाग में रखते हुए एक बुजुर्ग चौराहे से गुजरने लगा जिस पर पुलिसकर्मी उसे धकियाते हुए वीडियो में नजर आ रहे हैं। वहां पर मौजूद टीएसआई से जब बुजुर्ग ने यातायात व्यवस्था के बारे में पूंछा तो टीएसआई बौखला गया और बुजुर्ग को जेल भेजने तक की धमकी दे डाली। पूरे मामले का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में डीसीपी यातायात आरती सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## इत्र कारोबारी को अदालत ने किया बरी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर की स्पेशल सीजेएम की अदालत ने कल मंगलवार को इत्र कारोबारी पीयूष जैन को बरी कर दिया है। उक्त जानकारी मीडिया को व्यापारी के अधिवक्ता योगेश भसीना द्वारा दी गई है। अधिवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्टम विभाग ने इत्र व्यापारी पीयूष जैन के पास से 23 किलोग्राम सोना बरामद किया था। इस पूरे प्रकरण में व्यापारी ने विभाग की सभी शर्तें मानी हैं। शर्तों को मानने पर पटना कमिश्नर ने कंपाउंडिंग का आदेश कर न्यायालय को सूचित किया था। इसके बाद पीयूष जैन ने 56 लाख रुपए का जुर्माना जमा कर दिया है। इस मामले में अदालत के आदेश के विरुद्ध कहीं अपील नहीं करेंगे।

# पीएम ने किया वर्चुवल 85 हजार करोड़ से ज्यादा की रेल परियोजनाओं का लोकार्पण




जन एक्सप्रेस | विनीत सिन्हा

कानपुर नगर। केंद्र सरकार की ओर से भारतीय रेल को बड़ा तोहफा मिला है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 85 हजार करोड़ से ज्यादा की रेल परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसी क्रम में भारत के 674 स्टेशनों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 10 जोड़ी वंदे भारत का शुभारंभ के साथ ही 4 वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार किया गया। कार्यक्रम में कानपुर की मेयर प्रमिला पांडे भी पहुंची उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास की बयार चला रहे हैं उसी का यह नतीजा है कि इतना बड़ा उद्घाटन किया जा रहा है। कानपुर को इससे पहले इतनी बड़ी सौगात कभी नहीं मिली। अब कानपुर मेमो शेड का उद्धघाटन होने से कानपुर में ही गाड़ियों की मरम्मत हो जाएगी।

## वैवाहिक कार्यक्रम में चली गोली से बुर्जुग घायल, एक गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के घाटमपुर थाना क्षेत्र के नौरंग गांव में स्थित महक गार्डन गेस्ट हाउस में आयोजित शादी कार्यक्रम के दौरान एक युवक को गोली मारने एवं कार से टक्कर मारकर छह लोगों को घायल करने के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही आरंभ की है। एक आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।
जानकारी देते हुए डीसीपी साउथ रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि घाटमपुर थाना क्षेत्र के महक गार्डन गेस्ट हाउस में बारातियों से अगवानी के दौरान गाड़ी की जगह हटाने को लेकर बहस होने पर उनके एक साथी द्वारा कट्टे से फायर कर दिया गया। जिससे दौलतपुर बारा गांव निवासी राजेश सचान 59 वर्ष गोली लगने से घायल हो गए हैं इसके बाद गोपाल सचान अपने स्कॉर्पियो कार से भागते समय टक्कर मारकर छह लोगों को घायल कर भाग निकला था। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके तत्काल आरोपियों को तलाश शुरू कर दी गई थी। टीम ने तत्काल दबिश देकर एक आरोपित संजू सचान पुत्र सुजीत कुमार को गिरफ्तार करके तमंचा बरामद कर लिया है। अन्य की तलाश जारी है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# भारत में उच्च शिक्षा और विकास का दशक

**एआईएसएचई वर्ष 2021–22 के अनुसार, उच्च शिक्षा में नामांकन वर्ष 2014–15 में 3.42 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2021–22 में 4.33 करोड़ हो गया। जीईआर वर्ष 2014–15 में 23.7 से बढ़कर वर्ष 2021–22 में 28.4 हो गया, महिला जीईआर वर्ष 2014–15 में 22.4 से बढ़कर वर्ष 2021–22 में 28.5 हो गया। इस विस्तार के परिणामस्वरूप लाखों युवा उच्च शिक्षा में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें पहले से कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों के प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक परिवर्तनकारी रोडमैप के रूप में उभरी है, जिसमें बहु–विषयक शिक्षा, कौशल विकास और उद्योग भागीदारी पर जोर दिया गया है।**

*भारत की प्रगति के चित्रपट में, बीता दशक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की कहानी का जीवंत सूत्रधार रहा है। यह अवधि बदलाव को दर्शाती है, जहां शैक्षणिक संस्थान केवल ज्ञान के मंदिर भर नहीं रहे, बल्कि शिक्षण और समाज को समान रूप से आकार देते हुए नवाचार की आजमाइश बन गए। वैश्विकस्तर पर हो रहे परिवर्तनों के बीच, भारत का उच्च शिक्षा क्षेत्र उत्तरोत्तर विकसित हो रहा है। धूप में कमल की तरह खिल रहा है। यह केवल संख्या में वृद्धि का ही नहीं, बल्कि क्षमता की जागृति का भी प्रतीक है, जो भविष्य को ज्ञान, कौशल और विजन के सूत्र से बुन रहा है। अब जबकि भारत विश्व के लिए मानव संसाधनों का सबसे बड़ा उत्पादक बनने की दिशा में क्रमिक रूप से आगे बढ़ रहा है, हम भविष्य के संभावित घटनाक्रमों का अनुमान लगाते हुए बीते दशक में उच्च शिक्षा के परिदृश्य में भारत द्वारा की गई प्रगति पर विचार करते हैं। संभावनाओं से भरपूर दशक की शुरुआतः भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य वर्ष 2013-14 में बड़े बदलाव की ओर अग्रसर होने के कारण एक अहम पड़ाव पर था। हालांकि उसकी प्रगति स्पष्ट थी, लेकिन पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण चुनौतियां यथावत थीं।18-23 वर्ष आयु वर्ग के लिए लगभग 23 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) के साथ पहुंच और नामांकन सीमित थे, जिनसे नितांत क्षेत्रीय असमानताएं एवं सामाजिक-आर्थिक बाधाएं प्रकट होती थीं। 723 विश्वविद्यालयों और 36,634 कॉलेजों सहित संस्थागत परिदृश्य, बुनियादी ढांचे की बाधाओं से विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में जूझ रहा था। वित्त पोषण एक और महत्वपूर्ण मुद्दा था। जीडीपी के 3.84 प्रतिशत के कुल शैक्षिक व्यय में से उच्च शिक्षा को सीमित आवंटन प्राप्त हो रहा था। यद्यपि एमओओसी जैसी डिजिटल पहल (एनपीटीईएल के एक प्रमुख उपलब्धि होने के नाते) उभर चुकी थी लेकिन असमान इंटरनेट कनेक्टिविटी और ढांचागत चुनौतियों के कारण उसकी पहुंच सीमित थी। ऑनलाइन शिक्षा, हालांकि संभावनाएं दर्शा रही थी, लेकिन मुख्यधारा के शिक्षण अनुभवों में पूर्ण एकीकरण के सामर्थ्य के साथ वह अपनी प्रारंभिक अवस्था में थी। इन चुनौतियों के बावजूद, वर्ष 2013-14 आत्मनिरीक्षण और सुधार का दौर भी रहा। इसने भविष्य में आगे बढ़ने की महत्वपूर्ण प्रेरणा का कार्य किया, जहां भारतीय उच्च शिक्षा पहुंच के अंतर को पाटने, गुणवत्ता बढ़ाने और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों को अपनाने का प्रयास करेगी। प्रमुख सुधार और पहलः 2014 के बाद के वर्ष भारतीय उच्च शिक्षा को परिवर्तनकारी पथ पर आगे बढ़ाने की दिशा में हुए ठोस प्रयासों के साक्षी रहे। शिक्षा तक पहुंच को व्यापक बनाने, उसकी गुणवत्ता बढ़ाने और तकनीकी प्रगति को अपनाने के प्रति लक्षित सुधारों और पहलों ने इस परिदृश्य को नया आकार दिया। नए विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की विशेषकर वंचित क्षेत्रों में स्थापना से संस्थागत नेटवर्क में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। साथ ही श्रेयस योजना, प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा योजना, सब्सिडी के माध्यम से छात्र ऋण को किफायती बनाने के प्रयास (केंद्रीय क्षेत्र ब्याज सब्सिडी योजना 2009 को मजबूत करना) और क्रेडिट गारंटी फंड आवंटन (सीसीएफ योजना 2015) करने आदि जैसे लक्षित छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के साथ हाशिये पर मौजूद समुदायों तक इस पहुंच का विस्तार हुआ और देश भर में महत्वकांक्षाओं को प्रेरणा मिली।*

### एक्सप्रेस आलेख

**प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है। बहरहाल, धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है।**

# हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है धूम्रपान



योगेश कुमार गोयल

**डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।**

धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 13 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है, जो इस साल 'तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा' विषय के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है। दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। तीन दशक पूर्व प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। धूम्रपान कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सिगरेटों के खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए। अपनी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं। गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है। बहरहाल, धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।



**संगठन का अनुमान है कि विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है।**

### एक्सप्रेस कविता

*युद्ध के बाद बड़ा पश्चाताप ही परिणति होती है, अक्सर होता है ऐसा देश या इंसान दुख और पश्चाताप में डूब जाता है हमेशा के लिए। सम्राट अशोक भी कलिंग युद्ध के बाद पश्चाताप में ही बुद्ध की शरण में गया था, युद्ध, हिंसा, किसी समस्या का हल नहीं। फिर क्यों लोग करते हैं इतना ज्यादा हिंसा पर भरोसा। युद्ध में जीत जीत नहीं होती। बलपूर्वक हिंसा से किसी से जीतना वीरता नहीं होती, क्रूरता की परिणति ही है मुस्कान और शांती मानवीय सभ्यता ,शिक्षा और संस्कृति ,संस्कारों का प्रतिफल है, परायों का हिस्सा, जीवन हरण है, तो अहिंसक, अशिक्षित मानव प्रेम, शांति और सौहाद्र का संदेशवाहक सौगुना भला होता है, इतने विकासवान होकर, चंद्रमा की सतह को छूकर, नवीन जिंदगी की खोज में गया मानव।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**नजरअंदाज करो उन लोगों को जो आपके बारे में पीठ पीछे बात करते हैं, क्योंकि वो उसी जगह रहने लायक हैं, आपसे पीछे**





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितीया 07:13 तक |
| नक्षत्रः | रेवती 20:29 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | शुभा, 07:53 |
| सूर्योदयः | 06:35 |
| सूर्यास्तः | 18:27 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 15:29-16:58 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:07-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

**ना खाया है कुछ भी !**

*रुक रुक कर छापेमारी ।*
*पकड़ रही है ज़ोर ।।*
*क्या करें क्या ना करें ।*
*है चिंता घनघोर ।।*
*है देना जवाब भी ।*
*नहीं रहे वो डर ।।*
*आओ चाहे ऑफिस ।*
*या मिल लो घर ।।*
*आ रहे बयान अब ।*
*सामना है करना ।।*
*ना खाया है कुछ भी ।*
*सीखा भुखे रहना ।।*
*देख लें इतिहास हमारा ।*
*अब तक इमानदार ।।*
*लाख करें ज्यादती ।*
*हम ही असरदार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पेट और कमर में फैट जमा होने का कारण हो सकती हैं कई स्वास्थ्य समस्याएं, न करें नजरअंदाज



**आज** के समय में वजन बढ़ना या बेली फैट होना किसी भी व्यक्ति को परेशान कर देता है। हमारी अनहेल्दी लाइफस्टाइल, जंक फूड्स और शारीरिक गतिविधियां न करना अक्सर मोटापा बढ़ने का कारण बनती हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो स्वस्थ जीवनशैली और हेल्दी फूड्स लेने के बाद भी पेट के आसपास की बढ़ती चर्बी को कम नहीं कर पाते हैं। हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करने के बाद भी बेली फैट बढ़ने या कम न होने के पीछे कई स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं।

**डायबिटीजः** डायबिटीज में इंसुलिन प्रतिरोध आपके शरीर में मोटापा यानी फैट को बढ़ावा दे सकता है, खासकर पेट के आसपास के क्षेत्र में, जिससे पेट की चर्बी बढ़ सकती है।

**पॉलिसिस्टिक ओवरी डिजीज (पीसीओडी):** पॉलिसिस्टिक ओवरी डिजीज में हार्मोन्स असंतुलित हो जाते हैं, ऐसे में इंसुलिन प्रतिरोध और बढ़े हुए एण्ड्रोजन स्तर के कारण पेट के आसपास चर्बी जमा होने लगती है, जिससे बेली फैट बढ़ जाता है।

**हाइपोथायरायडिज्मः**हाइपोथायरायडिज्म एक ऐसी समस्या है, जिसमें थायराइड की कार्यक्षमता कम होने लगती है और चयापचय धीमा हो सकता है। हाइपोथायरायडिज्म के कारण वजन बढ़ने की समस्या हो सकती है, जिससे पेट की चर्बी भी बढ़ सकती है।

**मेनोपॉजः** मेनोपॉज के दौरान आपके शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होते हैं, जो वजन बढ़ने का कारण बन सकते हैं। मेनोपॉज के कारण एस्ट्रोजन हार्मोन के स्तर में कमी आ सकती है, जिससे पेट के आस-पास चर्बी बढ़ सकती है और जमा हो सकती है।

**गट हेल्थ से जुड़ी समस्याएं**

- गट बैक्टीरिया में असंतुलन वजन बढ़ने का कारण बन सकता है, जिससे चयापचय भी प्रभावित होता है। गट हेल्थ में समस्या के कारण पेट फूलने की समस्या हो सकती है, जो आमतौर पर बेली फैट या पेट के फूले होने का कारण बन सकता है।

**प्रसवोत्तर**

- प्रसवोत्तर यानी बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं के शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव और चयापचय में परिवर्तन होते हैं, जो पेट की चर्बी को बढ़ाने का काम कर सकते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# उत्तर प्रदेश में भाजपा के जातीय समीकरण के सामने पस्त विपक्ष



आशीष वशिष्ठ

**भारतीय जनता पार्टी को साल 2014, 2019 के लोकसभा चुनाव में और साल 2017 तथा 2022 के विधानसभा में अच्छी–खासी संख्या में ओबीसी वोटर्स का साथ मिला। सपा की नीतियों से असंतुष्ट ओबीसी समुदाय ने भाजपा का दामन थामा।**

**उत्तर प्रदेश के 73 फीसद मुसलमानों ने सपा–बसपा गठबंधन, 14 फीसद ने कांग्रेस, 8 फीसद ने भाजपा गठबंधन और पांच फीसद ने अन्य दलों को वोट किया। अन्य जातियों में से 50 फीसद ने भाजपा गठबंधन, 35 फीसद ने सपा–बसपा, 1 फीसद ने कांग्रेस और 14 फीसद ने अन्य दलों को वोट किया। वास्तव में, सामान्य, गैर यादव ओबीसी, अन्य अति पिछड़े, और गैर जाटव दलित पर भारतीय जनता पार्टी की अच्छी पकड़ है।**

**एक** पुरानी राजनीतिक कहावत है कि दिल्ली का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। कहते हैं यहां पर जिसने जितनी सीटें जीतीं, उसके लिए नई दिल्ली तक पहुंचने का रास्ता उतना ही आसान हुआ। उत्तर प्रदेश में विजय का परचम लहराने के लिए जातियों की समझ ही सब कुछ है। यहां विकास के नाम पर वोट भी तभी मिलता है, जब जातियों को सही तरह से साधा जाए। बात चाहे ओबीसी की हो, मुस्लिम की हो या सवर्ण समाज को साधने की, सभी का उत्तर प्रदेश की सियासत में अहम योगदान रहता है। यहां के बारे में एक कहावत चर्चित है कि यहां वोटर नेता को वोट नहीं देते बल्कि जाति को देते हैं। जाहिर है कि सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश पर हर पार्टी की नजर है। यहां भारतीय जनता पार्टी से लेकर सपा, कांग्रेस और बसपा भी अपना जनाधार मजबूत करने में पूरी ताकत के साथ जुट गई है। जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर अपने-अपने वोट बैंक को दुरुस्त करने के लिए खास रणनीति बनाई जा रही है। इस मद्देनजर जो एक कम्युनिटी प्रदेश की हर राजनीतिक पार्टी की नजर में है, वो ओबीसी समुदाय है। प्रदेश में मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा ओबीसी से आता है और जिसकी ओर उनका झुकाव होता है, वही पार्टी यहां सबसे मजबूत स्थिति में मानी जाती है। ऐसे में इन्हें लुभाने के लिए हर पार्टी अपने-अपने स्तर पर अपनी-अपनी रणनीति के अनुसार कोशिश कर रही है। उत्तर प्रदेश में ओबीसी वोट का प्रतिशत 52 फीसदी है। ये ओबीसी वोट, यादव और गैर यादव में बंटा हुआ है। यादव वोट 11 फीसदी है तो गैर यादव 43 फीसदी है। ओबीसी वोट में यादव जाति के बाद सबसे ज्यादा संख्या कुर्मी मतदाताओं की है। इसके बाद मौर्य और कुशवाहा और चौथे नंबर पर लोध जाति है। पिछड़ा वर्ग में पांचवीं सबसे बड़ी जाति के रूप में मल्लाह (निषाद) हैं। ओबीसी वोट बैंक में राजभर बिरादरी की आबादी दो फीसदी से कम है। राज्य में दलित वोट बैंक, जाटव और गैर जाटव में बंटा हुआ है। दलितों में जाटव जाति की संख्या कुल वोट का 54 फीसदी है। दलितों में 16 फीसदी पासी और 15 फीसदी वाल्मीकि जाति है। राज्य में सवर्ण मतदाता की आबादी 23 फीसदी है। इसमें सबसे ज्यादा 11 फीसदी ब्राह्मण, आठ फीसदी राजपूत और दो फीसदी कायस्थ है। देश में उत्तर प्रदेश मुस्लिम जनसंख्या के हिसाब लिहाज से चौथा सबसे बड़ा राज्य है। यहां पर लगभग 20 प्रतिशत मुस्लिम रहते हैं। 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-अपना दल गठबंधन को 50.76 फीसदी वोट मिले थे। भाजपा ने 62 और अपना दल ने दो सीट जीती थीं। सपा-बसपा और आरएलडी गठबंधन को 38.89 फीसदी वोट मिले थे। सपा ने पांच और बसपा ने 10 सीटें जीती थीं। 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के लिए सबसे शर्मनाक रहा। उसे 6.31 प्रतिशत वोट शेयर के साथ सिर्फ एक सीट पर जीत मिली। अगर साल 2014 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ 71 सीट मिलीं और पार्टी के खाते में 42.3 फीसदी वोट गए। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी और आरएलडी का खाता भी नहीं खुला। बसपा को 19.6 फीसदी वोट मिले। सपा ने पांच ही लोकसभा सीट जीती। उसे कुल 22.2 फीसदी वोट मिले। कांग्रेस ने दो सीटें जीती और उसका वोट फीसदी 7.5 रहा। थिंक टैंक सीएसडीएस और लोकनीति के एक सर्वे के मुताबिक 2019 के चुनाव में 82 फीसदी ब्राह्मणों ने भाजपा और उसके सहयोगियों के लिए वोट किया। 89 फीसदी राजपूतों ने भाजपा को वोट दिया। वैश्यों का 70 फीसदी वोट भाजपा के खाते में गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में निर्णायक माने जाने वाले जाटों का 91 फीसदी वोट भाजपा को मिला। वर्ण व्यवस्था की अन्य जातियों में से 5 फीसदी ने कांग्रेस, 84 फीसदी ने भाजपा गठबंधन और 10 फीसदी ने सपा-बसपा गठबंधन को वोट किया। ओबीसी की दूसरी बड़ी जाति कोइरी-कुर्मी का 80 फीसदी वोट भाजपा, 14 फीसदी वोट सपा-बसपा, कांग्रेस को 5 फीसद और अन्य दलों को 1 फीसदी वोट मिला। यादव-कोइरी-कुर्मी के अलावा ओबीसी की अन्य जातियों में से 72 फीसदी ने भाजपा, 18 फीसदी ने सपा-बसपा, 5 फीसदी ने कांग्रेस और 5 फीसदी ने अन्य दलों को वोट किया। अनुसूचित जाति की बड़ी जातियों में से एक जाटव है। इस जाति का 75 फीसद वोट सपा-बसपा, 17 फीसद भाजपा, 1 फीसद कांग्रेस और अन्य दलों को 7 फीसद वोट मिल। एससी की अन्य जातियों के वोटों में से भाजपा गठबंधन को 48 फीसद, सपा-बसपा गठबंधन को 42 फीसद, कांग्रेस को 7 फीसद और 3 फीसद ने अन्य दलों को वोट किया।

# ब्रेड बास्केट की दुकान से एक लाख की चोरी चोर पुलिस की पकड़ से दूर

जन एक्सप्रेस | सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** शहर में अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं दिख रहा है। ताबड़तोड़ फायरिंग की घटनाओं को अंजाम दे दहशत फैलाई जा रही वहीं चोरी चोरी, लूट की घटनाएं हो रहीं हैं बताते चलें पुलिस से बेखौफ चोरों ने शहर की रोडवेज चौकी के सामने स्थित एक ब्रेड बास्केट की दुकान की टिनशेड काटकर अंदर घुसे चोर लैपटॉप, चाकलेट, सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर और नगदी समेत करीब एक लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। खास बात यह है कि पुलिस चौकी पर बैठी रही और उसे पता नहीं चला।शहर के मोहल्ला आवास विकास निकट डॉन बॉस्को स्कूल निवासी विक्रम सचदेवा की रोडवेज पुलिस चौकी के सामने ब्रेड बास्केट की दुकान है। रोडवेज बस अड्डा होने के कारण इस मार्ग पर पूरी रात आवागमन रहता है। दुकान के सामने ही रोडवेज पुलिस चौकी है, जिस पर रात में भी होमगार्ड और सिपाही रहते हैं। पुलिस से बेखौफ चोर सोमवार की रात दुकान की छत पर चढ़ गए और उस पर पड़ी टिनशेड काटकर दुकान के अंदर घुस गए। चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के तार काट दिए और बेखौफ होकर दुकान में रखा सामान खंगाल डाला। घटना की जानकारी सुबह तब हुई।जब वह दुकान खोलने पहुंचे। दुकान के अंदर घुसते ही उनकी नजर दुकान में बिखरे पड़े सामान पर पड़ी। उन्होंने छत की तरफ नजर दौड़ाई तो देखा कि टिनशेट कटी हुई थी। दुकान में रखा लैपटॉप, चॉकलेट, नगदी समेत करीब एक लाख रुपये का सामान गायब था। यह देख उनके होश उड़ गए। दुकान स्वामी ने बताया कि चोर सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी निकालकर अपने साथ ले गए हैं।पुलिस चौकी के सामने हुई चोरी की वारदात के बाद आसपास के व्यापारियों में भी हड़कंप मच गया। तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पर रोडवेज चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। दुकानदार ने चोरों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। बताते चलें कि शहर में इन दिनों अपराधी पुलिस से बेखौफ हैं। वाहन चोरियों के साथ ही बंद घरों को चोर निशाना बना रहे हैं।

# जहरीली कच्ची शराब का होने वाला उत्पादन व बिक्री पर रोक लगाने की मांग

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी



प्रदेश के मुख्यमंत्री से गोला व ग्रामीण क्षेत्रों में जहरीली कच्ची शराब का होने वाला उत्पादन व बिक्री पर रोक लगाने की मांग।होली पर्व पर पियक्कड़ों के हुडदंग मचाने से शांति व्यवस्था का खतरा बना हुआ है इसको लेकर भारतीय बजरंग दल के बजरंगियों ने आज उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। गोला गोकर्णनाथ (खीरी) नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जहरीली कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री का अवैध कारोबार जारी है। घर घर में कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री के चलते क्षेत्र में अशांति का खतरा पैदा होने लगा है जिसको देखकर भारतीय बजरंग दल के बजरंगियों ने आज मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी गोला को सौंपा है। जानकारी के अनुसार होली का हुडदंग त्योहार आ गया है इसके बावजूद जहरीली कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री का खेल बराबर जारी है।मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को प्रेषित ज्ञापन में बजरंगियों ने कहा कि जिला आबकारी विभाग व गोला की लापरवाही के चलते जहरीली कच्ची शराब का गोरख धंधा बंद कराने व दोषियों को दंडित कराने की मांग की है। आगे कहा कि गोलागोकर्णनाथ नगर व उसके आसपास जहरीली कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री का खेल खुलेआम जारी है। इस जहरीली कच्ची शराब को पीकर तमाम परिवार असमय मौत का शिकार हो चुके हैं आए दिन जहरीली कच्ची शराब के बढते प्रचलन से वाद विवाद का सिलसिला भी हुआ करता है। कच्ची शराब की लपटों में सैकड़ों परिवार झुलस रहे हैं इनके मुख्य स्थल के बारे में आबकारी पुलिस को सब पता है। मुख्य स्थलों में गोला नगर के विभिन्न मोहल्ले जिसमें खुटार रोड निकट डाक्टर बंगाली के पीछे व पश्चिमी दीक्षिताना में निकट लालबहादुर शास्त्री इंटर कालेज व बदनाम ग्राम कोंधवा बहेरा भुसौरिया जहानपुर अलियापुर द्वारिका गंज व भवानी गंज आदि ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम उत्पादन व बिक्री का खेल जारी है जिसमें कोंधवा ग्राम ठीक तहसील गोला के पीछे स्थिति है इस ग्राम में एक दर्जन से अधिक मकानों में उत्पादन व लगभग दो दर्जन से अधिक जहरीली कच्ची शराब की दुकानें खुलेआम संचालित है। भारतीय बजरंग दल के बजरंगियों ने जहरीली कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री पर तत्काल प्रभाव से कारवाई की मांग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से करते हुए उप जिलाधिकारी गोला को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार गोला सुखबीर सिंह को सौंपा है। भारतीय बजरंग दल के प्रदेश सचिव अशोक जोशी, जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा, जिला प्रभारी होतीलाल रस्तोगी, गौ रक्षा प्रमुख अध्यक्ष अनूप गुप्ता, हिमांशु जोषी, प्रशांत गुप्ता नगर उपाध्यक्ष, विजय यादव ब्लाक उपाध्यक्ष, मोहित राठौर, दीपक सक्सेना, रिंकू वर्मा, अंश गुप्ता, विकास प्रजापति मीडिया प्रभारी, शिवम,आदित्य आदि तमाम।

# चैती मेला के लिए 37 लाख रुपए का बजट पास



जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

मंगलवार को पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता में चैती मेला 2024 के सम्बन्ध में बोर्ड बैठक आहूत की गई। बैठक में मेला सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में चैती मेला कराने का 37 लाख रुपये का बजट पास किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने बताया कि बिजली की दरों पर 20 प्रतिशत, भूमि आवंटन में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई।पालिका का वार्षिक बजट भी पास किया गया। मेला चैती को सम्पन्न कराने के लिए 37 लाख रुपये का बजट सर्व सम्मति से पास किया गया। बोर्ड की बैठक में सभासद नानकचंद वर्मा, राजेश वर्मा, कफील अहमद,आशीष अवस्थी ने चैती मेला को बेहतर सम्पन्न कराने के सुझाव दिए। संचालन मोहित गिरि ने किया।

बैठक में उप जिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी रत्नाकर मिश्र, सभासद हर्ष अवस्थी, दीपिका सैनी, धर्मेंद्र बाल्मीकि, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र तिवारी, रियाजुद्दीन, सूफियान खान, इजरान अहमद, अनिल कुमार गुप्ता, हरिओम वर्मा, आनन्द किशोर उर्फ भोली गिरि, राजेश अवस्थी, रज्जन, शाहिद, दानिश आदि पालिका कर्मचारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, जेई अमित कुमार, लिपिक अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# ट्रक और डीसीएम की जबरदस्त टक्कर, एक की मौत चार घायल

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

मंगलवार के दिन दोपहर बाद गोला लखीमपुर मार्ग पर ग्राम जलालपुर के पास एक डीसीएम और ट्रक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि डीसीएम के परखचे उड़ गए। इस दुर्घटना में डीसीएम में बैठी हुई सवारी में से एक की मौत हो गई जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार ग्राम नदौसी थाना सीबीगंज बरेली निवासी ड्राइवर रघुवीर 55 वर्ष पुत्र श्यामलाल डीसीएम गाड़ी लेकर लखीमपुर से गोला की तरफ आ रहा था। बताते हैं डीसीएम जब जलालपुर ग्राम के मोड़ के पास पहुंची तो गोला की तरफ से जा रहे एक ट्रक ने डीसीएम में जोरदार की टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क दुर्घटना से डीसीएम के परखच्चे उड़ गए और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। ड्राइवर के अलावा डीसीएम में बैठी महिला सुनीता 50 वर्ष पत्नी हरिराम निवासी गढ़ी मिदनिया लखीमपुर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके अलावा ब्रजकिशोर 50 वर्ष पुत्र फकीरा , जगदेवी 65 वर्ष पत्नी ब्रजकिशोर ग्राम मिदनिया गढ़ी लखीमपुर , मयंक शुक्ला 19 वर्ष पुत्र परमेश्वर निवासी सलेमपुर थाना खीरी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला एंबुलेंस से लाया गया। डीसीएम चालक रघुवीर तथा अन्य सभी घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सभी घायलों और मृतक के परिजनों को पुलिस ने सूचना दी है।

# मेड काटने के विवाद में मां बेटी जख्मी

जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी खीरी



कोतवाली क्षेत्र के गांव बौधी खुर्द में खेत की मेड काटने को लेकर हुए विवाद में एक दलित मां बेटी द्वारा विरोध करने पर दबंगों ने सरेराह ट्रैक्टर से लोहे की पटिया और डंडों से ताबड़तोड़ प्रहार कर लहूलुहान कर देने पर परिजनों की सूचना से पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है।गांव बौधी खुर्द निवासी अर्चना देवी पुत्री स्वर्गीय कलेक्टर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया मंगलवार को 12 बजे करीब गांव के लोगों द्वारा उसके खेत की जबरन मेड काट ली थी। जिस पर उसकी बहन ललिता देवी और मां कलावती ने खेत पर जाकर विरोध जताया जिस पर गांव के दबंगों द्वारा एक राय होकर डंडा और लोहे की पाटिया से ताबड़तोड़ हमला कर मरणासन्न कर दिया। सूचना पर पहुंची पीड़िता को जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता ने अपनी बहन और मां को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां हालत नाजुक होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह का कहना है मामले की जांच कराई जा रही है तहरीर मिलते ही दोषियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## शादी का दबाव बनाने पर युवती को पीटा,आरोपी युवक पुलिस हिरासत में

**जन एक्सप्रेस/ हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली की एक कालोनी निवासी युवती ने पड़ोस के युवक पर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर घटना की जांच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली एक कालोनी निवासी युवती ने बताया मोहल्ले का ही युवक बीते चार वर्ष से उससे शारीरिक संबंध बना रहा है, और शादी का वादा कर रहा था। सोमवार को सुबह चार बजे युवक ने उसे फोन कर घर के बाहर मिलने के बुलाया।उसके फोन के बाद वह उससे मिलने घर के बाहर गई। मकान के बाहर ही वह उससे मिली। युवक ने उसके साथ उस समय संबंध बनाए। जब उसने शादी के लिए उससे निवेदन किया तो युवक ने उसके साथ मारपीट की। उसके बाद उसने घटना से अपने परिजनों को अवगत करवाया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्रैक्टर ट्राली पलटने से सवार 2 युवकों की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद/सीतापुर।** सरसों फसल का भूसा लादने जा रही ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक मौके से ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। महमूदाबाद कोतवाली के मीरनगर गांव के पास गोधौरी-महमूदाबाद मार्ग पर सरसों फसल का भूसा भरने जा रही ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे रामदास आर्य के खेत में पलट गयी। ट्राली के नीचे दबने से उसपर सवार महमूदाबाद के कटरा गैसापुर बहलोलनगर के इकबाल (22) पुत्र नसीम व जाफरपुर टेड़वा के इश्तियाक (35) पुत्र मुस्ताक की मौके पर मौत हो गई जबकि नूरपुर निवासी हसीब पुत्र महबूब घायल हो गए। ट्रैक्टर-ट्राली पलटने के बाद नूरपुर का चालक मेराज मौके से भाग निकला। ट्रैक्टर-ट्राली पलटी देख बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों मृतकों के शवों व घायल को ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे से बाहर निकाला। सूचना पर कोतवाल अनिल सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की।



### सीओ ने कोतवाली बुलाकर माझा विक्रेताओं को चेतावनी दी

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** प्रतिबंधित चाइनीज माझे को लेकर क्षेत्राधिकारी शाहाबाद पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं। मंगलवार को कोतवाली में पतंग विक्रेताओं को बुलाकर चाइनीज माझा बेचने पर दंडित करने की चेतावनी दी। मंगलवार को शाम 5 :00 बजे क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने नगर के समस्त पतंग विक्रेताओं को बुलाकर बैठक की और उन्हें स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई यदि प्रतिबंधित चाइनीज माझा बिक्री किया गया तो पतंग विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी ने बताया चाइनीज माझा काफी खतरनाक किस्म का माझा है जिससे सैकड़ो लोग घायल हो चुके हैं। उसके बाद भी पतंग विक्रेता मामूली लालच में गैर कानूनी काम कर रहे हैं। चाइनीज मांझे को पूरी तरह से प्रतिबंध कर रखा गया है। क्षेत्राधिकारी ने कहा आज सभी को बैठक में बुलाकर चेतावनी दी जा रही है कि चाइनीज माझा अपनी-अपनी दुकानों से हटा दें। बुधवार से हर दुकान की चेकिंग होगी और जिस दुकानदार के यहां चाइनीस माझा बिक्री करते हुए पाया गय उस पतंग विक्रेता के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। पतंग विक्रेताओं ने क्षेत्राधिकारी को चाइनीज माझा न बेचने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा भी मौजूद रहे।

### एसडीएम के निर्देश पर 29 ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** चार दिन पूर्व हरपालपुर थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव में ग्रामीणों ने *रोड नही तो वोट नही* व शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए लोगो को मतदान न करने के लिए उकसाने के बाद एसडीएम के निर्देश पर पहुंची राजस्व टीम ने मामले की जांच पड़ताल कर लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने बाले 29 अराजक लोगो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार बीते चार दिन पूर्व 9 मार्च को हरपालपुर थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव में ग्रामीणों ने एकत्र होकर रोड नही तो वोट नही व शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की थी।इसकी जानकारी मिलते ही एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक संजय कुमार व क्षेत्रीय लेखपाल सत्येंद्र सिंह को सेमरिया गांव भेजकर ग्रामीणों से जांच पड़ताल कराई गई जिसमें राजस्व टीम को बतयै गया कि गांव की रास्ता में पानी भरा होने व रास्ते का निर्माण न होने के कारण ग्रामीणों द्वारा नारेबाजी की गई।

महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 12.03.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित 'होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि' संबंधी सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन किया गया है, जो निम्नानुसार है:-

- रेलगाड़ी सं. 01663 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) को रेलगाड़ी सं. 01661 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी पढ़ा जाए।

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत् रहेगा।

रेलयात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

रेलयात्रियों को परामर्श दिया जाता है कि रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 अथवा NTES App पर रेलगाड़ियों की स्थिति देखकर अपनी यात्रा प्लान करें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सीएम डैशबोर्ड पर चल रही योजनाओं का डीएम ने किया समीक्षा, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

सरकार की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में अफसरों संग विकास कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की। बैठक का सफल संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।बैठक में डीएम ने सीएम डैशबोर्ड के मानकों पर जिलों में चल रही सरकार की सभी योजनाओं, सभी विभागों के कामकाज, कानून व्यवस्था की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार पूर्णतया कटिबद्ध है।अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से होना चाहिए।इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि अपने कार्यों में सुधार लाये। जनता के हित में कार्य करने के लिए अधिकारियों के पास जो भी पत्र आते हैं उसका समय अंतर्गत निस्तारण करें।डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की भी समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार करे। उसमें गंभीरता दिखाये। सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों को टीम भावना के रूप में काम करना चाहिए और अपने जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने का पूरा प्रयास करना चाहिए।

# आज होगा रियायती ऋण वितरण कार्यक्रम, डीएम ने ली तैयारी बैठक

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



मंगलवार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में 13 मार्च को सायं 04 बजे आयोजित रियायती ऋण वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अफसर प्रतिभाग करेंगे। जनपदीय कार्यक्रम आयोजन के संबंध में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में अफसरों की बैठक लेकर संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा तय की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम,राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम,राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से लाभार्थियों को 13 मार्च को सायं 04 बजे रियायती ऋण वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा। इस कार्यक्रम को पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअल संबोधित करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम सफल आयोजन के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश देते हुए उनके उत्तरदायित्व बताएं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,भारत सरकार की सहायक अनुभाग अधिकारी अंकिता जाँगिड़ ने बताया कि सरकार आर्थिक सशक्तीकरण योजनाओं के तहत जिले के लक्षित समूहों के लाभार्थियों के साथ वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से हाइब्रिड मोड में विस्तृत विचार विमर्श किये जाने हेतु एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) तेजस्वी मिश्रा को नोडल अधिकारी बनाया गया है।कार्यक्रम की शुरुआत में एडीएम संजय कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। कार्यक्रम में एसडीएम रेनू मिश्र, राजीव निगम, एलडीएम अजय कुमार पांडेय, डीएसडब्ल्यूओ (विकास) तेजस्वी मिश्रा, आईटीआई के फोरमैन अवधेश कुमार, संबंधित बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग में लगभग 50 घर जलकर हुए राख

जन एक्सप्रेस | सिंगाही खीरी



थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बथुआ मजरा महादेवा अज्ञात कारणों से लगी आग में लगभग 50 घर जलकर में राख नगदी समेत लाखों का सामान जल गया सूचना पर फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया वही क्षेत्रीय लेखपाल विश्वजीत वर्मा ने आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बथुआ के माजरा महदेवा में मंगलवार की दोपहर में अज्ञात करणो से आग लग गई आग ने उत्तम कुमार के घर से लगी आग राजकुमार जगदंबा नंदकिशोर रामनरेश महेश कुमार नरेंद्र कुमार हरशेव कुमार इंद्रबली सहित लगभग 50 घरों को अपने आगोश में ले लिया देखते ही देखते हैं आग प्रचंड रूप धारण करते हुए पूरे गांव को चपेट में ले लिया तेज हवा के चलने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे घरों में रखी नगदी समेत लाखों का सम्मान जलकर राख हो गया जिसमे महेश कुमार का एक मवेसी जलकर मर गया सूचना पर मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड व पुलिसकर्मियों ने ग्रामीण को सहयोग से घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया वहीं सूचना पर पहुंचे तहसीलदार एसडीएम ने भी नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की पुण्य तिथि पर माल्यर्पण कर पुष्प चढ़ाए

जन एक्सप्रेस | सीतापुर



मंगलवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्व. महेंद्र सिंह वर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव पोखराकलां स्थित शिवरानी राम अकबाल महाविद्यालय में मनाई गई। पुण्यतिथि के मौके पर उनके छोटे भाई पूर्वमंत्री और छह बार विधायक रहे नरेंद्र सिंह वर्मा, बेटे उत्कर्ष वर्मा समेत सैकड़ों लोगों ने महेंद्र सिंह वर्मा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने के साथ पुष्पार्चन किया। इस मौके पर गायत्री परिवार द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए हवन का विधान कराया गया। इस दौरान विधायक लहरपुर अनिल वर्मा, ब्लाक प्रमुख पहला अजय यादव, ब्लाक प्रमुख महमूदाबाद मुकेश वर्मा, मनोज सिंह, प्रेम सागर मौर्या, डा. अजीत चौधरी, डा. सुशील वर्मा, विवेक वर्मा, मानसी वर्मा, कोपल चौधरी, बृजेश वर्मा, अनिल यादव, पूर्व प्रमुख अमर सिंह, प्रदीप वर्मा, उमाशंकर वर्मा, डा. अनिरुद्ध वर्मा, डा. सफीक, आमिर अराफात, मो. कादिर, ओम प्रकाश, सोनू, मुनीर खां सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पार्चन किया।

# शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है अपने आचरण से लोगों के हृदय में स्थान बनाता है: उमेश वर्मा

जन एक्सप्रेस | सीतापुर




शिक्षक पूरे समाज के लिए मार्गदर्शक होता है। उसे अपने कार्यों और आचरण से लोगों के हृदय में अपना स्थान बनाने के लिए बहुत परिश्रम और त्याग करना पड़ता है। किंतु उसके निधन के बाद परिवार को कोई सहारा देने वाला नहीं होता। ऐसे में जो संस्थाएं उनके परिवार को आर्थिक मदद प्रदान करती हैं उन्हें समाज के द्वारा विशेष प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। टीम पहल के प्रदेश सह संयोजक निर्भय सिंह का स्वागत करते हुए जिला प्रभारी उमेश वर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं, अनुदेशकों और शिक्षा मित्रों को टीम पहल की सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में टीम पहल के सात हजार सदस्य हैं। किसी सदस्य का निधन होने पर प्रत्येक सदस्य उसके नामिनी के खाते में सौ रुपए का अंशदान भेजता है। अब तक टीम पहल 28 परिवारों को लगभग एक करोड़ रुपए से अधिक सहायता राशि प्रदान कर चुकी है। जनवरी माह में सिधौली ब्लॉक के दिवंगत शिक्षक अमित कुमार, फरवरी माह में कसमंडा ब्लॉक के दिवंगत शिक्षक अरुण वाजपेयी के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। अप्रैल में रेउसा ब्लॉक के दिवंगत शिक्षक राम प्रसाद और मई में बिसवां ब्लॉक की दिवंगत शिक्षिका हुमा मेराज के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जानी है। टीम के द्वारा प्रत्येक परिवार को पाँच से छः लाख रुपये तक की आर्थिक मदद की जाती है। टीम पहल के प्रदेश संयोजक का स्वागत जिला प्रभारी उमेश वर्मा, सह जिला प्रभारी ज्ञानेश मिश्र, ब्लॉक प्रभारी संतोष वर्मा, सत्य शरण, कमलेश यादव, मोहित सिंह, अर्चना वर्मा, दीप्ति वर्मा, ऊषा वर्मा, पवन कुमार व शिवेंद्र प्रताप के द्वारा किया गया।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरोरा में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतका के मायके पक्ष द्वारा ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाया जा रहा है। कोंच कोतवाली क्षेत्र ग्राम बिरोरा निवासी श्रीराम का परिवार सोमवार की शाम खेत पर काम कर रहा था। जबकि घर में उसकी 28 वर्षीय पत्नी किरण अकेली थी। तभी घर में अकेली पत्नी ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते फांसी लगा ली। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई। जब परिवार के लोग खेत से घर लौटे तब उन्होंने शव को फांसी के फंदे पर लटका देखा और उनमें हड़कंप मच गया। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लिया। वहीं मृतका के मायके पक्ष ग्राम करहिया लोहाई मुस्तक़िल से आए परिवार के लोग भी पीएम हाउस पहुंच गए। मृतका के पिता रामरतन ने बताया कि 6 साल पहले उसने अपनी पुत्री किरण की शादी की थी। आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# एसओजी की सलीम गुर्जर गैंग के सदस्यों से हुई मुठभेड़

*** पुलिस की पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल**

जन एक्सप्रेस । उरई



एसओजी टीम ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल करते हुए दंपति के साथ गोली मारकर लूटपाट करने वाले 25 हजार के इनामियां सलीम गुर्जर डकैत गैंग के दो सदस्यों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की फायरिंग के दौरान पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।
कुठौंद थाना क्षेत्र में बीती 18 फरवरी की शाम जालौनी माता मंदिर के पास बाइक सवार बदमाशों ने दम्पति को गोली मारकर घायलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। एसपी डॉ. ईरज राजा ने घटना को गंभीरता से लिया और खुलासे के लिए टीम का गठन किया था। मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए एसओजी प्रभारी सत्येंद्र कुमार यादव ने सर्विलांस टीम के सहयोग से घटना स्थल के आस पास से लेकर सभी आने जाने वाले रास्तों के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए थे। इतना ही नहीं मुखविर को एक्टिव किया और अन्य साक्ष्य एकत्रित कर कई पुराने अपराधियों से भी पूछताछ की। जिसमे कुछ लोगो के नाम प्रकाश में आए। जिनको वांछित कर उन पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। एसओजी प्रभारी सर्विलांस व थाना पुलिस की संयुक्त टीम के साथ लगातार गिरफ्तारी के प्रयास में लगे हुए थे। जिन्होंने रविवार को मुखबिर की सूचना पर जलौनी माता के पास संदिग्ध बाइक सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। जिन्होंने भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फ़ायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। जिसमें 25 हज़ार रुपए का ईनामिया जनपद औरैया के थाना अयाना का हिस्ट्रीशीटर सलीम गुर्जर डकैत गैंग का सदस्य रिज़वान उर्फ़ डूंडा उर्फ़ लूला थाना बकेवर इटावा, हिस्ट्रीशीटर पंकज उर्फ़ रंगोली दोनों पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें हिरासत में लेकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। इस दौरान पुलिस ने बदमाशों के पास से भारी मात्रा में लूटे हुए आभूषण, 23 हज़ार 412 रुपए नगद व दो असलाह ज़दि व खोखा एक फर्जी आधार कार्ड व एक चोरी की बाइक बरामद की है। इस दौरान उप निरीक्षक मोहित यादव, रवि भदोरिया, ब्रिजेन्द्र भदौरिया, विनय प्रताप सिंह, कर्मवीर सिंह, आकाश जैन, आकाश कुमार, श्रीराम प्रजापति, अश्वनी, जगदीश, मनोज, अमित, प्रदीप, अंकुश, निरंजन सिंह, सहित टीम मौजूद रहीं।

## अधिवक्ताओं ने राजस्व न्यायालयों में न्यायिक कार्य करने का लिया फैसला

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** मंगलवार को अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार की अध्यक्षता में आमसभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछले दिनों से चल रही राजस्व न्यायालयों की हड़ताल को स्थगित करने का फैसला सर्वसम्मति से लेकर 13 मार्च से वकीलों के द्वारा राजस्व न्यायालयों में न्यायिक कार्य करने का निर्णय लिया गया है। तहसील परिसर में आयोजित बैठक में जानकारी देते हुए बार संघ अध्यक्ष ने बताया कि 20 फरवरी से विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत चल रहे थे। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया है कि हड़ताल को स्थगित किया गया है तथा 13 मार्च से सभी अधिवक्ता उपजिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय तथा नायब तहसीलदार न्यायालयों के न्यायिक कार्य करेंगे।

## अर्द्धसैनिक बलों द्वारा क्षेत्र में किया गया पैदल गश्त



जन एक्सप्रेस । देवरिया

मंगलवार को जनपद देवरिया में प्राप्त अर्द्धसैनिक बल सीआईएसएफ की कम्पनी द्वारा भाटपाररानी सर्किल अन्तर्गत थाना श्रीरामपुर व थाना बनकटा के संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष मय पुलिस टीम के साथ पैदल गस्त करते हुए आम जन मानस में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करायी गयी एवं निर्भिक होकर अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग किये जाने हेतु जागरूक किया गया। पैदल गस्त के क्रम में थाना श्रीरामपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामपुर प्रतापपुर, चित्रसेन बनकटा, सिकटिया, पड़री, मिश्रौली, हरेराम चौराहा, बंकुल, भवानी छापर, हाटा तथा चकिया कोठी इसी क्रम में थाना बनकटा क्षेत्रान्तर्गत अकटही बाजार, सोहनपुर बाजार, फफेलिया बाजार, रामपुर बुजुर्ग, रतसिया कोठी, अहिरौली बघेल, ब्लाक बनकटा व बंजरिया( बनकटा बाजार) क्षेत्रों में पैदल गस्त किया गया। इस अवसर पर कम्पनी कमाण्डर सीआईएसएफ नीलमणि मिश्रा प्रभारी निरीक्षक श्रीरामपुर कल्याण सिंह सागर तथा थानाध्यक्ष बनकटा अमित कुमार राय सहित थानें के समस्त पुलिस बल मौजूद रहे।

# ग्राम सभा की भूमि पर भूमाफियाओं के कब्जे का आरोप

*** प्रधान प्रतिनिधि ने एसडीएम को सौंपा पत्रक कार्रवाई की मांग**

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

उत्तर प्रदेश की योगीजी की सरकार जहाँ दबंग व्यक्तयों द्वारा भूमि अधिग्रहण को लेकर उनको कब्जे से मुक्त कराने का अथक प्रयास कर रही है और समय समय पर बुलडोजर चलाकर कब्जा मुक्त कराया जा रहा है परंतु कुछ दबंगों द्वारा बुल्डोजर चलाने वाली सरकार से भी डर नहीं है और भूमाफिया अपने रवैये से बाज नही आ रहें है , जिसका जीता जागता उदाहरण प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद के गोला तहसील अंतर्गत ग्राम सभा देवारीबारी का है जहाँ गांव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा पानी की टंकी के लिए सुरक्षित जमीन पर कब्जा करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप । मंगलवार को गाँव के लगभग दो दर्जन ग्रामीण संग प्रधान प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुमार ने सम्बंधित मामले में उपजिलाधिकारी गोला को शिकायत पत्र देकर कार्यवाई की मांग की। शिकायत पत्र में प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि गोला तहसील अंतर्गत ग्रामसभा देवारीबारी में आराजी संख्या 0264 रकबा 0.130 हे0 सरकारी अभिलेख में आबादी के खाते में अंकित है । किंतु पूरी तरह से खाली होने के कारण दिनांक 07-06-2022 को प्रधान व लेखपाल द्वारा जल जीवन मिशन योजना के लिए प्रस्तावित कर दिया था । प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि गाँव के ही दबंग व्यक्ति कृष्ण मुरारी यादव पुत्र श्रीराम देव यादव द्वारा दिनांक 19.06.2022 को उक्त सुरक्षित जमीन पर रातोरात जबरन कब्जा कर लिया गया । प्रधान प्रतिनिधि ने तहसील प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए एसडीएम व तहसीलदार पर आरोप लगाया कि इस प्रकरण के बारे में जानकारी होने के बावजूद भी सुरक्षित भूमि को अतिक्रमण हटाने का आश्वासन देने के बाद भी अतिक्रमण को हटाने में तहसील प्रशासन केवल हीलाहवाली करते गए । जिसका लाभ पाकर दबंग व्यकि विपक्षी दीवानी न्यायालय की शरण मे जाकर मुकदमा दायर कर रखा है । प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि न्यायालय से स्पष्ट दिशा निर्देश दिया गया है कि उक्त आदेश से ग्रामसभा व राज्य सरकार का कोई हित प्रभावित नहीं होगा किन्तु तहसील प्रशासन उक्त आदेश मानने को तैयार नहीं है ।

## छात्रा को घर से अगवा करने की दबंगों ने की कोशिश

जन एक्सप्रेस । महोबा

महोबा जनपद में कक्षा 12वीं की छात्रा को घर से अगवा करने की कोशिका का मामला सामने आया है। दबंगों ने दलित छात्रा के घर पहुंच कर उसे जबरन उठाने की कोशिश की है। बाइक सवार दबंगों ने दरवाजे पर फायर भी किया और जब बचाव करने परिजन पहुंचे तो उनके साथ मारपीट कर दी। इस मारपीट में छात्रा का वृद्ध दादा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। वहीं तहरीर के बावजूद भी स्थानीय पुलिस ने आरोपी दबंगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। जिससे हताश और परेशान छात्रा पूरे मामले की शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। मामला जनपद के कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है। जहां बीते रोज कक्षा 12 में पढ़ने वाली अनुसूचित जाति की नाबालिग लड़की को आधा दर्जन दबंगों ने घर से अगवा करने की कोशिश की है। छात्रा का पिता द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनके गांव में रहने वाला है युवक जिसका नाम शिवम है। वह अपने पांच अन्य साथियों के साथ बाइक से उनके घर आ गया और जबरन उनकी पुत्री को खींचकर ले जाने की कोशिश करने लगा। जिसके चीख पुकार मचाने पर उसके परीजन बचाने के लिए दौड़े तो आरोप है कि हवाई फायरिंग कर दी यही नहीं छात्रा के परिजनों के साथ मारपीट कर दी गई।

# हैदराबाद की कंपनी ने खेतों में फसल का निरीक्षण किया

*** प्रगतिशील किसान प्रमोद चौधरी की फसल का हुआ निरीक्षण**

जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज



फरेंदा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सभा लेजार महदेवा में मंगलवार की सुबह एकक्षोम लाइफ साइंस हैदराबाद की कंपनी ने जांबिया के तीन किसानों को लाकर फसल का निरीक्षण कराया एवं इसी गांव के किसान प्रमोद चौधरी के खेत में कंपनी ने ऑर्गेनिक उत्पाद से उगाई गई और कंपनी की देखरेख में तैयार फसल का निरीक्षण करते हुए हैदराबाद से आए कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर पी सुरेश ने बताया कि कंपनी ऑर्गेनिक उत्पाद तैयार करती है, जिसमें बुवाई के समय सुपर सॉइल सिंचाई के समय में ऑफ में कास्ट की बायो पंकज के लिए सेफ केयर का प्रयोग किया जाता है और साथ ही कंपनी 60 - 70 दिन में ड्रोन कैमरे से दवाओं का छिड़काव करती है उन्होंने बताया कि इसके प्रयोग से 10 से 40 करले आ जाते हैं। साथ ही कहा कि तेलंगाना, हैदराबाद, तमिलनाडु, महाराष्ट्र में 80 से 90 करले आते हैं। इसमें प्रमुख रूप से तेलंगाना कंपनी के हेड जानिबासा, कृषिका अनमैंड एयर सॉल्यूशन ड्रोन कैमरा के विंग कमांडर सोम सुंदर, क्रिनिया प्रोडक्शन के हेड सुमिधा, जांविया कंट्री हेड क्रिबुका करन, वसीम अंसारी, डा अजय कुमार, एसडीओं राजेश कुमार, प्रमोद चौधरी उपस्थित रहे।

**किसान सम्मान समारोह का हुआ आयोजन**

कॉलोनी थाना क्षेत्र के शांतिनगर चौराहे पर किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जांबिया अफ्रीका से किसान समशिला डारुस, मुंगा स्टीफर, कडमुंगा मलाया को सम्मानित किया गया। साथ ही स्थानीय किसानों को भी सम्मानित किया गया।

## मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की हुई बैठक



जन एक्सप्रेस । कालपी

केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा सीएए लागू करने व रमजान माह को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन के द्वारा ऐतिहात के तौर पर कदम उठाना शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को मुस्लिम धर्मगुरुओं तथा पेश इमामों के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। कोतवाली परिसर में सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी की मौजूदगी में एसडीएम हेमंत पटेल की अध्यक्षता में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में नगर में शांति एवं सद्भाव का माहौल बनाए रखने के लिए विचार व्यक्त किए गए। सीओ ने कहा कि सीएए कानून नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, नागरिकता को खत्म करने के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि भ्रामक व भड़काऊ खबरों को सोशल मीडिया में कतई पोस्ट ना करें, वरना कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसपी ने कहा कि रमजान माह के मौके पर सफाई, रोशनी, पेयजल व विद्युत आपूर्ति की पुर्णतः व्यवस्था की गई है। अगर कोई समस्या होती है तो उसे प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद व अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ ने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर सद्भाव व प्रेम का माहौल कायम रखकर नगर की गौरवशाली परंपरा को कायम रखें।

# बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उन्मुखीकरण कार्यशाला व संगोष्ठी सम्पन्न

*** दर्जनों प्रधानाध्यापकों व ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया**

जन एक्सप्रेस । देवरिया

भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष, अध्यापक ,चिंतक व साहित्यकार डॉ पवन कुमार राय ने कहा है सन्2047 तक देश को दुनिया के विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खडे करने का जो सपना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देखा है ,उसमें प्राथमिक शिक्षा एक महत्वपूर्ण कडी है और इस सपने को साकार रूप देने में ग्राम प्रधानों,अध्यापकों, प्रधानाध्यापकों तथा विद्यालय प्रबंधन समिति अपनी अहं भूमिका निभा रहे हैं। डाक्टर राय भाटपार रानी के मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज के सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अयोजित ग्राम प्रधानों, विधालय प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा प्रधानाध्यापकों के ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी और कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित लोगों का अह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन कायाकल्प व निपुण अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए गावों में जागरुकता अभियान चलायें और लोगों को प्रेरित करें डॉ राय ने कहा कि भारत देश तभी विकसित हो सकेगा जब इसके सभी गांव हर क्षेत्र में पूर्ण संतृप्त हो जायें और इसके लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी व विकास योजनाओं को रूट स्तर पर क्रियान्वित करने व सफल बनाने में गावों की सरकार की महती भूमिका है7 इस समारोह में निपुण अभियान व कायाकल्प योजना में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले दर्जनों प्रधानाध्यापकों व ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का सफल संचालन प्रधानाध्यापक डॉ. संजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। इ अवसर पर मतदाता जागरूकता शपथ भाटपार रानी के तहसीलदार द्वारा दिलाया गया। इस अवसर करीब 250 ग्राम प्रधान,प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यगण तथा बीआरसी समन्यवक अजय कुमार सिंह ,सगीर अहमद,अवध बिहारी पाण्डेय, टी.एन तिवारी, अनील कुमार आलोक कुमार, अशोक चौरसिया, दीनदयाल कुशवाहा, रमेश यादव,प्रियरंजन राय,यशवन्त,संगीता चौरसिया, विजय दूबे ,मुसाफिर प्रसाद, कमलावती यादव,गौरव पाण्डेय, नीलम,विरेन्द्र कुमार, कन्हैया, शिवमंगल प्रताप, विष्णी त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

## बदमाशों ने युवक के पैर में मारी गोली, चल रहा इलाज




जन एक्सप्रेस । देवरिया

सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपरपाती नहर रोड पर सोमवार की आधी रात को बदमाशों ने देवनाथ यादव (45) पुत्र चंद्रबली यादव को गोली मार दी। घायल युवक की सूचना पर मौके पर सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी, सदर कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने पहुंच कर जांच, पड़ताल की। पुलिस घायल युवक को लेकर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी पहुंची। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देख बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। घायल युवक के पैर में गोली लगी है। तहरीर व बयान के आधार पर पुलिस आगे की जांच में जुटी। घायल युवक बनकटा थाना क्षेत्र के भठवा पाण्डेय का निवासी है।

## भ्रामक खबरों पर न दें ध्यान, अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पैनी नजर: एसपी

जन एक्सप्रेस । उरई



एसपी ने नागरिकता संशोधन कानून व त्यौहारों को देखते हुए मंगलवार को एसडीएम व सीओ सहित पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त किया। इस दौरान आम जनमानस से जनसंवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। वल्कि भ्रामक खबरों पर न दें ध्यान देने की लोगों से अपील की।
नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के नोटिफिकेशन जारी होने, लोकसभा चुनाव व त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने एसडीएम, सीओ, कोतवाल सहित पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। एसपी ने नगर क्षेत्र के संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों समेत नगर के प्रमुख चौराहों व मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। इस दौरान आम जनमानस, दुकानदारों, राहगीरों और विभिन्न धर्मगुरुओं से जनसंवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की भ्रामक खबरों व अफवाहों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मों पर सतत् निगरानी की जा रही है। भड़काऊ पोस्ट, भ्रामक खबर व अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जनपद में शांति व कानून व्यवस्था बनायें रखने में पुलिस को सहयोग प्रदान करें। किसी प्रकार की सामप्रदायिकता, भड़काऊ पोस्ट, भ्रामक खबर साझा करने से बचें। पैदल गश्त के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## खनन के दौरान पहाड़ का एक हिस्सा गिरने से हुआ बड़ा हादसा चार मजदूरों की मौत

जन एक्सप्रेस । महोबा

यूपी के महोबा में पहाड़ पर खनन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। खनन कार्य के दौरान अचानक पहाड़ का हिस्सा भरभरा कर खदान में जा गिरा। जहां करीब 15 मजदूर कार्य कर रहे थे। इस हादसे में जिला प्रशासन ने अभी तक चार मजदूरों की मौत की पुष्टि की हैं, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि हादसे में एक पोकलेंड मशीन सहित तीन ट्रैक्टर मलबे में अभी भी दबे हुए है। प्रशासन दो पोकलेंड मशीन लगाकर अभी भी रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर एहतियातन मलबे में मजदूरों को खोजने के काम में जुटा हुआ है।
उत्तर प्रदेश में पत्थर मंडी के नाम से चर्चित कबरई में यह दर्दनाक हादसा हुआ है। बताया जाता है कि कबरई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पहरा गांव में डीआरएस पहाड़ का पट्टा धनराज सिंह के नाम पर है। इस पहाड़ पर आज तकरीबन एक दर्जन से अधिक मजदूर खनन कार्य पर लगे हुए थे। पहाड़ पर होने वाले विस्फोट के लिए मजदूरों द्वारा होल करने का काम किया जा रहा था तभी बताया जाता है कि अचानक पहाड़ का एक हिस्सा अचानक भर भराकर 500 फीट गहरी खदान में जा गिरा, जैसे ही पहाड़ का हिस्सा गिरा मजदूरों में अफरा तफरी मच गई। इससे पहले मजदूर कुछ समझ पाते अचानक गिरे पहाड़ के मलवे के नीचे कई मजदूर दब गए। पहाड़ पर खनन के दौरान हुए हादसे की सूचना मिलते ही मजदूरों के परिजनों में कोहरा मच गया और देखते ही देखते पूरा गांव पहाड़ पर इकठ्ठा हो गया । हादसे के बाद से पहाड़ संचालक मौके से फरार बताया जा रहा है।

## मुहम्मद फतेह हुए सपा यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस/बघौचघाट,देवरिया।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा की संतुति पर यूथ जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम अंसारी ने पथरदेवा विधानसभा के मलसी खास निवासी सक्रिय कार्यकर्ता मुहम्मद फतेह को संगठन का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष मुहम्मद फतेह ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के नितियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए अनवरत संघर्ष जारी रहेगा।आगामी लोकसभा चुनाव मे गठबंधन से जो भी प्रत्याशी होगा उसे पुरी ताकत के साथ मजबूती प्रदान करना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

**अवैध परिवहन का गढ़ जालौन को बनाने में क्यो जुटे हमीरपुर के खनन माफिया**

# जालौन सीमा से बालू के अवैध परिवहन पर चार ट्रकों पर कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह बादशाह



**उरई/कालपी।** हमीरपुर जिले की मौरंग खदानों से जालौन जिले की सीमा से होकर गुजरने वाले वाहनों पर जिला प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सोमवार की देर रात कालपी एसडीएम और खनिज विभाग की टीम ने जिले से सीमा से होकर गुजरने वाले मौरंग से भरे ट्रकों पर कार्रवाई की है। जिला प्रशासन को लगातार जानकारी मिली रही थी। कि हमीरपुर के खंड संचालक जालौन जिले की सीमा में मौरंग का अवैध खनन कर रहे हैं। कालपी प्रशासन ने हमीरपुर जिले की मौरंग खनन से भरे चार ट्रकों को बिना प्रपत्रों के पकड़ लिया। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है।
हमीरपुर के खनन माफिया कई माह से जालौन जिले की सीमा में मौरंग का खनन कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने इस पर पहले कार्रवाई की थी। इसके बाद भी हमीरपुर के खंड संचालक अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। हमीरपुर के खंड संचालकों ने प्रशासन की कार्रवाई से बचने के लिए जोल्हुपुर मोड़ पर अपने कुछ एजेंट बैठा रखे हैं। जो प्रति गाड़ी नजराना लेते है चेकिंग पर निकले अधिकारियों की दिन रात निगरानी करते है और सूचना खदान संचालकों को देते हैं। जिससे अधिकारी की कार्यवाही अधूरी रह जाती है चेकिंग टीम लौटने के बाद लोकेशन माफियाओं और खनन माफिया का असली खेल शुरू होता और खदान से ट्रकों की आवाजाही शुरू की हो जाती है इस बात की जानकारी जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को लंबे समय से मिल रही थी। सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर मौरंग का अवैध परिवहन करने वाले ट्रकों की रात के समय सघन चेकिंग की गई। जिसमे कालपी एसडीएम हेमंत पटेल और खनिज निरीक्षक आनंद कुमार ने हमीरपुर की खदानों से अवैध परिवहन करके आने वाले ट्रकों को रोक लिया। जिसमे चार वाहनों पर कोई भी प्रपत्र नहीं पाए गए हैं। चारों वाहनों को आटा मंडी में खड़े कराए गए हैं। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद बालू खदान संचालकों में हडकंप मच गया है। फिलहाल अब खनिज और परिवहन विभाग के साथ ही राजस्व विभाग की टीम ने भी अधिकारियों की लोकेशन देने वाले एजेंटों पर अपनी निगाह टेढ़ी कर ली है।

## 'देश में बनेगी एक बार फिर मोदी सरकार'

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। प्रदेश में हिंदुत्व को धार देने वाले योगी आदित्यनाथ के अंशगिक संगठन विश्व हिंदू महा संघ के दो दिवसीय महिला वंदन कार्यक्रम का समापन राम नगरी अयोध्या धाम में सकुशल संपन्न हो गया हो गया कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से आए हुए लगभग 1000 महिला पुरुष प्रतिभागियों ने प्रतिभा ग किया कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी महिला प्रदेश अध्यक्ष संतोष मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश यादव अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र कुमार पाठक गोरक्षा प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दुबे किन्नर समाज के प्रदेश अध्यक्ष काजल किरण के साथ आई प्रदेश के सभी जिलों के डेलिगेट्स ने सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी निभाकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया है कार्यक्रम में अयोध्या के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विजय शंकर पांडे ने सक्रिय भूमिका अदा करके सम्मेलन में आए हुए अतिथियों के सेवा सत्कार एवं भोजन आवास की सुविधा प्रदान करने में दिन रात लगे रहे कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर उन्होंने अपने संगठन के सभी पदाधिकारी एवं इसमें भागीदार रहे सभी विशिष्ट जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### प्रधानमंत्री ने अयोध्या की 2062 करोड़ की लागत की पांच परियोजनाओं का वर्चुअली किया शिलान्यास व लोकार्पण

# केन्द्र सरकार द्वारा अयोध्या का अभूतपूर्व विकास किया जा रहा है: लल्लू सिंह

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा अयोध्या की 2062 करोड़ की लागत की पांच परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण वर्चुअली किया। इस दौरान अयोध्या में चार स्थानों पर समारोह का अयोजन किया गया। समारोह में प्रधानमंत्री के भाषण को लाइव सुना गया।अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा अयोध्या का अभूतपूर्व विकास किया जा रहा है। शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए रामपथ का निर्माण हो गया है। 6 रेलवे ओबर ब्रिज बन रहें है। अयोध्या सहित इसके आसपास के धार्मिक आस्था के केन्द्र का समुचित विकास किया गया है। अयोध्या को पूरे विश्व की धार्मिक राजधानी के रूप में विकसित किया गया है। अयोध्या कैंट स्टेशन पर आयोजित समारोह में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, तिलक राम मौर्य, शैलेन्द्र कोरी मौजूद रहे।रौजागांव स्टेशन पर आयोजित समारोह में विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि मोदी सरकार में जन-धन व आधार व मोबाइल ने न केवल सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों में से लीकेज को खत्म किया है बल्कि सब लाभर्थियों को उनका हक बिना कि बिचौलिए के सीधे उनके बैंक एकाउंट में पहुंच रहा है। अन्न योजना में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा दी गई है। समारोह में शिवगोविन्द पांडेय, धर्मेन्द्र सिंह, रामदीन वर्मा मौजूद रहे।सलारपुर में आयोजित समारोह में विधायक डा. अमित सिंह चौहान के कहा सरकार की हर नीति में भारत प्रथम है। जनकल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से सभी पात्र व्यक्तियों को लाभ दिया गया है। किसान की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। महिलाओं का उत्थान हुआ है। गरीब के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। श्रमिकों को सम्मान मिला है। इस दौरान रामू प्रियदर्शी, अवधेश पांडेय बादल, इन्द्रभान सिंह उपस्थित रहे। बिल्हरि घाट स्टेशन पर आयोजित समारोह में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा विगत दस सालों में देश ने कई उपलब्धियों का साक्षात्कार किया है। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ ने देश में सहभागिता का नया अध्याय शुरू किया है। कोविड प्रबंधन तथा जन-भागीदारी की चर्चा पूरे विश्व में हो रही है। बिल्हरि घाट पर आयोजित समारोह में जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, रणधीर सिंह डब्लू उपस्थित रहे। सभी स्थानों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास

अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर 105.68 करोड़ की लागत से बनने वाले यूनिवर्सल कोचिंग मेटिनेंस का शिलान्यास, 1796.35 करोड़ की लागत से 161 किमी. अयोध्या – सलारपुर – बाराबंकी रेलवे लाइन दोहरीकरण का लोकार्पण ,सलारपुर रेलवे स्टेशन में 150 करोड़ की लागत से निर्मित मालगोदाम का लोकार्पण, बिल्हरि घाट कोल साइडिंग लागत 10 करोड का लोकार्पण व रौजागांव स्टेशन स्थित मालगोदाम 9.5 करोड़ लागत का शिलान्यास , रौजागांव स्टेशन स्थित मालगोदाम 9.5 करोड़ लागत का शिलान्यास।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नगर पालिका बलरामपुर की सफाई गाड़ियों को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



जन एक्सप्रेस/बलरामपुर। बलरामपुर नगर पालिका क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए 25 नई सफाई गाड़िया मिली है। ,जो की वार्डो में घर घर जा कर कचरा उठाएगी। इन गाड़ियों को मंगलवार को डीएम अरविंद सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों को डस्टबीन भी वितरित किया। डीएम ने कहा की नई सफाई वाहनों से नगर पालिका में साफ सफाई की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। सभी स्वच्छता के प्रति जागरूक हो,घरों से निकलने वाला गीला एवं सुखा कचरा नगर पालिका के सफाई वाहनों में ही रखें। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह,एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,ईओ नगर पालिका व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### भगवान राम लला के दर्शन करने आये वृद्ध की हार्ट अटैक से मौत

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। भगवान राम लला के दर्शन करने के लिए लगातार भक्तों की संख्या में वृद्धि हो रही है द्य कोल्हापुर महाराष्ट्र से दर्शन करने आये 62 वर्षीय महती गानों पाती की दर्शन करने के लिए लाइन में 62 वर्षीय वृद्ध को हल्का सा हार्ड अटेक आया द्य पास पड़ोस में दर्शन के लिए लाइन में लगे लोगो ने एंबुलेंस को फोन किया द्य फोन करने के करीब आधे घण्टे बाद एंबुलेंस घटना स्थल पर पहुची और श्री राम राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया द्य जँहा चिकित्सको ने मृतक घोषित कर दिया द्य

### सांसद के नेतृत्व में हुई वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन की अगुवानी

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। पटना से चलकर बनारस होते हुए वंदेभारत ट्रेन मंगलवार को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर पहुंची। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। ट्रेन लखनऊ जाएगी। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर सांसद लल्लू सिंह की अगुवाई में अगवानी की गई। सांसद लल्लू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि रामनगरी अयोध्या आने वाले तीर्थयात्रियों को उच्च कोटि की परिवाहन सुविधाएं देने के लिए सरकार कटिबद्ध है। वंदेभारत ट्रेन यात्रियों को अत्याधुनिक तकनीक व सुविधाओं का अहसास करायेगी। बिहार से अयोध्या की दूरी इससे कम समय में तय हो सकेगी। दोनो राज्यों के बीच यह पयर्टन व व्यापारिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होगा। लखनऊ व पटना शहर को यह ट्रेन जोड़ने का काम करेगी। रामनगरी अयोध्या दर्शन के लिए बिहार से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह ट्रेन अच्छे विकल्पों में एक होगी। मौके पर महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, अभिषेक मिश्रा समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### बिल्वहरिघाट रेलवे स्टेशन का हुआ लोकार्पण

जन एक्सप्रेस/पूराबाजार-अयोध्या। दस करोड़ की लागत से बने बिल्वहरिघाट रेलवे स्टेशन का लोकार्पण और 5 करोड़ 50 लाख की लागत से बनने वाले गुड्स सेड का वर्चुअल शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में विकास के लिए यातायात की सुविधा का विशेष महत्व है। भाजपा सरकार रेलवे व सड़कों का निर्माण कर विकास में गति प्रदान कर रही है। विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने भाजपा की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि जनता से किए गए वादों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। इसे उन्होंने मोदी की गारंटी बताया ।इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री शारदा यादव, महानगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह डब्लू, रामप्रीत वर्मा, डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी, स्वाति सिंह, मण्डल अध्यक्ष वरुण चौधरी मंडल प्रभारी दिनेश मिश्र, प्रधान अनूप वर्मा, स्टेशन अधीक्षक आरएस यादव, बी एस मीणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवनारायण तिवारी, अध्यक्ष नंदकुमार सिंह, मंडल महामंत्री ओम प्रकाश यादव, राजेश पाठक, प्रधान नारा रमेश सिंह, सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग व भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनता भाजपा सरकार की डबल इंजन की सरकार से निजात चाहती है: पारसनाथ यादव



जन एक्सप्रेस/अयोध्या। समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद ने आज मसौधा बीकापुर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया इस अवसर पर समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के तमाम नेता कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे इस अवसर पर पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने कहा की यह लोकसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है इसको जीतने के लिए कार्यकर्ता अभी से जी जान से जुट जाए क्योंकि केंद्र की सत्ता को बदलना है जिससे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बन सके इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा की जनता भाजपा सरकार की डबल इंजन की सरकार से निजात चाहती है इस सरकार में नौजवान बेरोजगार किसान मजदूर व्यापारी सभी वर्ग परेशान है सब चाहते हैं की पीडीए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताकर केंद्र में नई सरकार बने कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामदास वर्मा ने किया व संचालन जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से बलराम मौर्य अजय वर्मा सूरज निषाद चौधरी बलराम यादव सूर्य नारायण यादव खामा अशोक वर्मा पंकज सिंह रामसागर रावत अजीत वर्मा अब्दुल हकीम इंद्र मोहन प्रदीप वर्मा दिवाकर कनौजिया अनीश प्रधान अतुल चौधरी मनोज यादव विपिन यादव अखिलेश पांडे दुर्गेश सोनी अंबुज निधि राम नारायण वर्मा फूले वर्मा मुकेश कनौजिया मनोज निषाद राजमणि यादव सियाराम बर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सपा को मिल्कीपुर विधानसभा में लगा तगड़ा झटका

### पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित कई ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान व बीडीसी सदस्य सहित सैकड़ों लोग भाजपा में हुए शामिल

जन एक्सप्रेस | अयोध्या




सपा को मिल्कीपुर विधानसभा में तगड़ा झटका लगा है। समाजवादी पार्टी से पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित कई ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान व बीडीसी सदस्य सहित सैकड़ों मंगलवार को भाजपा में शामिल हुए। लोक सभा चुनाव कार्यालय पर सांसद लल्लू सिंह जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने ध्वज देकर सभी को पार्टी का सदस्य बनाया। सभी का माल्यार्पण कर व रामनामी पहना कर स्वागत किया गया।

सदस्यता लेने वालों में दो बार अमानीगंज ब्लाक के प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य रह चुके राम प्रगट रावत, प्रदीप कुमार रावत प्रधान मंझनपुर, सालिक राम प्रधान चमरूपुर, संतराम रावत प्रधान डीली सरैया, विजय कुमार प्रधान अटेसर, राजकुमार रावत पूर्व प्रधान कदईकला, शेषपाल मौर्या पूर्व प्रधान विनायकपुर, जगदम्बा प्रसाद रावत पूर्व प्रधान नरेन्दाभादा, अरूण कुमार पूर्व प्रधान जयराजपुर, शिवकुमार राजव पूर्व बीडीसी विनायक पुर, अनिल कुमार पप्पू पूर्व बीडीसी डीली सरैया, सूबेदार प्रधान झबरा, छोटेलाल पूर्व प्रधान शामिल है।आयोजित कार्यक्रम में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सभी नए सदस्यों को भाजपा में स्वागत है। सभी को अन्त्योदय तथा अंतिम व्यक्ति के उत्थान की नीति पर कार्य करते हुए पार्टी की विचार धारा को आगे बढ़ाना है। पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रगट रावत ने कहा कि सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। राष्ट्र का हित मोदी सरकार में सुरक्षित है।इस दौरान महामंत्री राधेश्याम त्यागी, राघवेन्द्र पाण्डेय, रघुनंदन चौरसिया, अखंड प्रताप सिंह डिम्पल,सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा का प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन आज

अयोध्या। भाजपा का प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन बुधवार को रीडगंज स्थित कोहिनूर पैलेस में दोपहर दो बजे से होगा। अयोध्या विधान सभा मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को सांसद , पूर्व केन्द्रीय मंत्री राष्ट्रीय प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## ट्रस्ट द्वारा छात्राओं में स्टेशनरी कट तथा स्वीट वितरण किया गया



जन एक्सप्रेस | अयोध्याधाम

शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट के सौजन्य से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण अंचल के विद्यालयों में स्टेशनरी किट तथा स्वीट का वितरण किया गया । कक्षा 6 से लेकर 8 की छात्राओं के लिए पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राओं तथा विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र स्टेशनरी किट व मिठाई देकर सम्मानित किया गया । उक्त प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्येंद्र वेदांती जी महाराज ने अपने हाथ से प्रतिभागी छात्राओं को सम्मान पत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया । प्रमुख डॉक्टर विजय शंकर मौर्य ने बालिका शिक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाने का तथा अभिभावक को जागरूक करने का आश्वासन दिया । कार्यक्रम का संचालन राज्य पुरस्कार विजेता सुनील कुमार आनंद जी ने किया । कार्यक्रम के सफल संचालन में वैभव शंकर मौर्य सत्यम पाल अशोक शर्मा शिवम सिंह ज्ञान श्रीवास्तव आदि सदस्यों का सहयोग रहा।

## भाजपा किसान मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे ग्राम परिक्रमा अभियान का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर

जनपद में किसान मोर्चा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर एक महीने से चल रहा ग्राम परिक्रमा अभियान का समापन जलालपुर विधानसभा के मालीपुर मंडल के रुकुनुद्दीनपुर ग्राम पंचायत में संपन्न हुआ, सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाने और गांव-गांव इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है जिससे खेती के रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पढ़े-लिखे युवा गांव में ही रहकर कृषि की ओर आकर्षित होंगे जब देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे भारतीय कृषि सारी दुनिया को दिशा देने वाली होनी चाहिए अमृत काल में हिंदुस्तान की कृषि की विश्व प्रशंसा करें यहां ज्ञान लेने आए हैं ऐसा हमारा गौरव हो विश्व कल्याण की भूमिका निर्वहन करने में भारत समर्थ हो, सभा को पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राम प्रकाश यादव ने कहा विकसित भारत बनाने के लिए मोदी जी की योजनाएं गारंटी की तरह लागू हो रहे हैं कार्यक्रम को विधानसभा के संयोजक अनंतराम मिश्रा, नंद तिवारी राणा आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री किसान मोर्चा डॉ संतोष सिंह ने किया आभार एवं समापन किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम किशोर राजभर ने किया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान दयाशंकर राजभर,अमित त्रिपाठी, सचिन आजाद पाण्डेय, नीरज विश्वकर्मा ,सुरेश गुप्ता धर्मेंद्र सिंह गरबा विशाल गौतम, धीरेंद्र भारती कमल चौहान, चंद्रमणि मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष शुभम पांडे, माया यादव, विजय आदि उपस्थित रहे।

## कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट के तहत इनवाइटेड टॉक का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीज कॉलेज में मंगलवार को कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा इनवाइटेड टॉक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार 12 मार्च को एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में बीएड विभाग में कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा %%करियर अपॉर्चुनिटीज एंड गाइडेंस फॉर बी एड स्टूडेंट्स%% विषय पर इनवाइटेड टॉक का आयोजन किया गया । कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप में एलेन कैरियर इंस्टिट्यूट कोटा, राजस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर मनोज राय ने अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के कई मूल मंत्र देते हुए कहा कि खुद से निश्चय किए गए लक्ष्य पर सकारात्मक रहकर कार्य करना चाहिए तथा किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए वॉइस माड्यूलेशन बहुत जरूरी बताया।

उन्होंने एलेन इंस्टीट्यूट कोटा, राजस्थान में नीट की तैयारी कर रहे प्रतियोगी छात्र-छात्राओं की गतिविधियों से परिचय कराया कि वे लोग किस तरह तैयारी करते हैं। उन्होंने बीएड पाठ्यक्रम को व्यक्तित्व विकास तथा कैरियर के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राम रहीस, असिस्टेंट प्रोफेसर बी. एड. विभाग ने बीएड के विद्यार्थियों को बीएड की विभिन्न क्षेत्रों में करियर अपॉर्चुनिटीज के बारे में विस्तार से बताया। सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ. बसंत कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को टीजीटी व पीजीटी में सफल होने के गुरु मंत्र दिए। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत बी एड की छात्राओं रुचि चौधरी, अर्चना मौर्य एवं पल्लवी वर्मा द्वारा सरस्वती वंदना से की गई। कल्पना पांडे, आकांक्षा वर्मा व पल्लवी वर्मा ने अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत गया । डॉ. सीमा सिंह ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ. राम रहीस ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बीएड के लगभग 65 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## बच्चों को दी गई हवा के लक्षण, मिश्रण एवं अमिश्रण पदार्थ की जानकारी

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में मंगलवार को कक्षा 5 व 6 की छात्र-छात्राओं को विज्ञान विषय पर आधारित हवा के लक्षण एवं मिश्रण तथा आमिश्रण पदार्था के बारे में प्रयोगात्मक विधि से बताया गया।

जानकारी के अनुसार 12 मार्च को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में कक्षा-5 व 6 के छात्र-छात्राओं को विज्ञान विषय के अध्यापिका एवं अध्यापक शिखा पाण्डेय व मणिशंकर पाण्डेय ने विज्ञान विषय पर आधारित हवा के लक्षण एवं मिश्रण तथा आमिश्रण पदार्था के बारे में प्रयोगात्मक विधि से बताया। शिखा पाण्डेय ने सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि जैसे कि हम सभी जानते है कि हवा के कई लक्षण होते है जैसे हवा जगह घेरता है, हवा में भार होता है, हवा का कोई रंग नही होता है, हवा को हम देख नही सकते केवल महसूस कर सकते है, परन्तु विज्ञान इसे कहने से नही बल्कि प्रयोगात्मक विधि से ही साबित करता है कि हवा में यह सारे गुण मौजूद होते है। इसी प्रक्रिया के दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे गुब्बारो को फुलाया और देखा कि हवा पिचके हुए गुब्बारे को एक नया आकार मिला जिससे यह साबित होता है कि हवा जगह घेरती है। दूसरे परीक्षण को बच्चे करते हुए यह पता लगाये कि जिस गुब्बारें मे हवा है उसका भार ज्यादा है तथा जिस गुब्बारे में हवा नही है उसका भार कम है। अध्यापक मणिशंकर पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को बताया कि जब कोई प्रक्रिया आप प्रयोग की विधि से करेंगे तो वह आसानी से सीख जायेंगे तथा वह आप अपने पूरे जीवन में नही भूलेंगे। जब आप विषय को रट के पढ़ते है या याद करते है तो कुछ समय पश्चात् आपके मस्तिष्क से उतर जाता है, परन्तु प्रयोगात्मक विधि में ऐसा नही होता है।

## सांसद व डीएम ने संयुक्त रूप से शक्ति रसोई कैंटीन का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। अयोध्या के लोकप्रिय सांसद लल्लू सिंह व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने शक्ति रसोई कलेक्ट्रेट कैंटीन का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट परिसर में किया। सांसद एवं जिलाधिकारी ने बताया कि शक्ति रसोई के माध्यम से कलेक्ट्रेट प्रशासन के कार्मिकों तथा आगन्तुकों को शुद्व एवं अच्छे भोजन न्यूनतम दरों पर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि शक्ति कैंटीन में नाश्ता, चाय, मिष्ठान, नमकीन तथा भोजन की व्यवस्था रहेगी, जिसका लाभ आमजन को होगा तथा शक्ति रसोई के माध्यम से 5 किमी0 के दायरे तक निःशुल्क टिफिन सर्विस भी मुहैया करायी जा रही है। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में पीओ यामिनी रंजन अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अभाविप ने सिद्धार्थन की न्याय हेतु किया विरोध प्रदर्शन, एसएफआई का पुतला फूंका, बैन करने की मांग

जन एक्सप्रेस | अयोध्याधाम



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय इकाई द्वारा केरल के छात्र सिद्धार्थन को न्याय दिलाने व उनकी मृत्यु की जिम्मेदार एसएफआई को बैन करने के लिए विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर विरोध प्रदर्शन कर एसएफआई का पुतला दहन किया गया।अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि एसएफआई के कार्यकर्ताओ द्वारा सिद्धार्थ के साथ मारपीट की गई व उन्हें बर्बरतापूर्वक शारीरिक व मानसिक यातनाएं दी गई।केरल सरकार द्वारा अपराधियों को बचाना व इस घटना को केवल आत्महत्या का स्वरूप देकर जांच मे हीलाहवाली करना केरल सरकार की संवेदनहीनता को दिखाता है।अभाविप द्वारा इस विषय को राष्ट्रीय पटल पर उठाने के बाद सीबीआई को जांच सौंपी गई।एसएफआई का चरित्र परिसर में विद्यार्थियों को उनकी स्वच्छंदता को समाप्त करके व दबाव बनाकर उन्हे जबरन अपने अनुरूप व्यवहार करने के लिए विवश करने का रहा है।सिद्धार्थ की मृत्यु के केंद्र में एसएफआई के अपराधियों का यही चरित्र है।अभाविप विद्यार्थी हित में सदैव संकल्पित रही है इसी क्रम में अभाविप कार्यकर्ता आज पूरे देशभर में विश्वविद्यालय परिसरों में सिद्धार्थन को न्याय दिलाने व एसएफआई को प्रतिबंधित करने हेतु विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।महानगर मंत्री सत्यम दूबे ने कहा अभाविप माँग करती है कि उन सभी साधनों एवं तंत्रो की सुनिश्चितता की जाय जिससे पशु चिकित्सा समुदाय जे एस सिद्धार्थन को न्याय मिल सकें। यह घटना अत्यंत हृदय विदारक है एसएफआई की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह है

प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से सेवार्थं विद्यार्थी सहसंयोजक अर्पित श्रीवास्तव, विभाग सहसंयोजक अंशुमान सिंह ,महानगर सहमंत्री शशांक विद्यार्थी ,स्कूली शिक्षा अभियान संयोजक आशुतोष राणा, कार्यलय मंत्री दुर्गेश तिवारी, ,इकाई मंत्री शेषमणि, अंशुमान शुक्ला, नगर सहमंत्री किशन सिंह ,इकाई उपाध्यक्ष ऋषभ पांडे, पूर्व जिला संयोजक अंकुर सिंह योगेंद्र ,विस्तारक अश्वनी मौर्य, हर्ष उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा जिलामंत्री की हत्या करने वाले बदमाशों को जौनपुर पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर





जौनपुर भाजपा किसान मोर्चा के जिला प्रमोद यादव के हत्यारों से पुलिस की बीती रात मुठभेड़ हो गई बदमाशों ने पुलिस टीम पर धुंवाधार फायरिंग किया बदमाश की एक गोली सिकरारा थानाध्यक्ष के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी , पुलिस द्वारा चलाई गोली से एक बदमाश घायल हो गया । दो अन्य शूटर को दबोचा गया। बदमाशों के कब्जे से एक देशी पिस्टल.32 बोर,चार जिन्दा कारतूस .32 बोर,एक खोखा कारतूस .32 बोर, 04 मोबाइल व 02 स्कार्पियो बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा जनपद में चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध सघन अभियान के क्रम में मुखबिर ने सूचना दी गयी कि भजपा के जिला मंत्री प्रमोद यादव की गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतारने वाले बदमाश गुलजारगंज से कठार मलसिल तिराहा होते हुए मडियाहू की तरफ जाने वाले है। उक्त सूचना पर विश्वास करके थानाध्यक्ष सिकरारा द्वारा थानाध्यक्ष बक्शा एंव प्रभारी निरीक्षक मडियाहूं जनपद जौनपुर को सूचना से अवगत कराते हुए गुलजारगंज बाजार के बाहर कठार रोड पर मेरे द्वारा वाहनो का सघन चेकिंग अभियान प्रारम्भ किया गया इतने में एक स्कार्पियों ब्लैक कलर वाहन सं0 यूपी62सीएस7474 की आते हुए दिखाई दी। उक्त वाहन को रूकने का इशारा करने पर उक्त अभियुक्त द्वारा अपनी गाडी को न रोकते हुए हम पुलिस वालो के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भागने लगा। जिनका पीछा किया गया तब तक आगे से थाना मडियाहू एंव थाना बक्शा की पुलिस बल के आ जाने से अभियुक्तगण घिर गये तथा अन्धाधुन्ध फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किये। अभियुक्तों की फायरिंग के दौरान एक गोली थानाध्यक्ष सिकरारा के बुलेट प्रूफ जैकेट में आकर लगी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में एक अभियुक्त सचिन यादव उर्फ देवा पुत्र महेन्द्र यादव निवासी ग्राम देवापार थाना मडियाहूं जौनपुर के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल होकर गिर गया। तथा शेष दो अभियुक्त अन्धेरे का लाभ उठाकर भाग गये। घेराबंदी के दौरान मुकदमें से संबंधित सहयोगी वांछित अन्य दो अभियुक्त 1.विजय यादव पुत्र मेवालाल यादव निवासी ग्राम बोधापुर थाना सिकरारा जनपद जौनपुर 2.चन्द्रशेखर यादव पुत्र रामदुलार यादव निवासी ग्राम प्रेमराजपुर थाना-सिकरारा, जिला- जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात घायल अभियुक्त की तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्टल.32 बोर ,चार जिन्दा कारतूस .32 बोर .एक खोखा कारतूस .32 बोर.तीन मोबाइल ,एक स्कार्पियो बरंग काला वाहन सं0 यूपी 62सीएस7474 बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 059/2024 धारा 307 भादवि व 3/25 आयुद्ध अधि0 पंजीकृत किया गया। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि उक्त अभियुक्त थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 55/2024 धारा 302/120बी/34 भादवि का वांछित अभियुक्त है। अभियुक्त के विरूद्ध अग्रेतर विधिक एंव विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही।

# भाजपा कार्यकर्ताओं से भरी बस को ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर, 1 की मौत, कई घायल

* भाजपा जिलाध्यक्ष अस्पताल पहुंचकर घायलों से मिले

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर हादसों का सिलसिला जारी है। लगातार तीन दिन से हो रहे हादसों से लोग दहल उठे हैं। मंगलवार को फिर एक हादसा त्रिलोचन बाजार में हो गया। सोनभद्र से अयोध्या के लिए जा रही भाजपा कार्यकर्ताओं की बस को पीछे से ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में सवार एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई जबकि कई कार्यकर्ता घायल हो गए। जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बस में कुल 41 भाजपा कार्यकर्ता सवार थे। बताते चलें कि जब से अयोध्या में श्रीराम लला विराजमान हुए हैं तभी से देश समेत दुनियाभर के लोग श्रीराम लला के दर्शन के लिए लालायित हैं। देश के विभिन्न प्रदेशों से भाजपा के कार्यकर्ता श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या के लिए रवाना हो रहे हैं। इसी क्रम में सोनभद्र से भी 41 भाजपा कार्यकर्ता जय श्रीराम के उद्घोष के साथ अयोध्या के लिए खुशी खुशी रवाना हुए थे। सोनभद्र से अयोध्या की दूरी लगभग 350 किलोमीटर है। सोनभद्र से अयोध्या के लिए प्रस्थान करने के बाद लंबी दूरी होने के नाते बीच-बीच में जलपान करते हुए भाजपा के कार्यकर्ता हंसी खुशी जा रहे थे। उन्हें क्या पता था कि जब वह जौनपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोचन बाजार में पहुंचेंगे तो वह हादसे के शिकार हो जाएंगे। जैसे ही उनकी बस त्रिलोचन बाजार में पहुंची पीछे से चल रही ट्रक ने भाजपा कार्यकर्ताओं की बस में जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में कई भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। शोरगुल की आवाज सुनकर स्थानीय लोगो ने के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को बस से निकाल कर घायलों को स्थानीय अस्पताल भेजवाया। जहां 19 वर्षीय अशोक पटेल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और 4 भाजपा कार्यकर्ताओं को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का इलाज चल रहा है। सूचना पर जौनपुर के भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह भी मौके पर जिला अस्पताल पहुंचे और भाजपा कार्यकर्ताओं का कुशलक्षेम पूछा। इस घटना को लेकर लोग कह रहे थे कि मंगलवार के दिन अमंगल हो गया। वहीं ट्रक चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सीमेंट लदा ट्रैक्टर पलटा, लगी आग

**जन एक्सप्रेस/मडियाहं।** मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के सीरिया गांव स्थित बसूही नदी पुलिया के पास मंगलवार को सुबह 6 :30 बजे के लगभग सीमेंट लदा ट्रैक्टर पलट जाने के बाद ट्रैक्टर में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि सिधवन स्थित एक सीमेंट फैक्ट्री से



ट्रैक्टर यू पी 62 बी क्यू 2362 पर ड्राइवर तारा चंद परफेक्ट ब्रांड का सीमेंट लेकर जौनपुर जा रहा था। वह जैसे ही सीरिया गांव स्थित बसूही पुल से नीचे उतरते ही चालक ट्रैक्टर से अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से उसमें आग लग गई और ट्रैक्टर धू धू कर जलने लगा। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ट्रैक्टर चालक को मामूली चोटे आई है।

### लेखपाल संघ चुनाव सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज तहसील मुख्यालय स्थित सभागार में लेखपाल संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी बदलापुर तहसील अध्यक्ष लाल चन्द्र पाण्डेय एवं सहायक चुनाव अधिकारी जिला कोषाध्यक्ष धनश्याम पटेल के देखरेख में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर विकास सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अमरजीत बिन्द, कनिष्ठ उपाध्याय पद पर सतेन्द्र यादव, मंत्री विवेक सिंह निर्वाचित हुये। वहीं उपमंत्री पद पर श्रृतुराज चौधरी, कोषाध्यक्ष ज्योति तिवारी एवं आडिटर पद पर रविकांत कों चुना गया। निर्विरोध निर्वाचित घोषित होने पर लेखपालों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से लाद बधाई दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष संजय कुमार, सनदंन भट्ट, पवन सिंह, राज केसरवानी, रोहित सिंह, अमरजीत सहाय अभिषेक आदि लेखपाल मौजूद रहे।

### औषधि नीरीक्षक ने मैराज जनरल स्टोर पर मारा छापा, क्रीम व साबुन के लिए सैंपल

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** ब्रांडेड कंपनियों के नकली उत्पाद बेचने की शिकायत पर ड्रग इंस्पेक्टर ने टीम के साथ नगर के तहसील रोड स्थित जनरल स्टोर पर अचानक छापा मारकर क्रीम व साबुन के सैंपल लिए। कार्यवाही से मेडिकल स्टोर व जनरल स्टोर के व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। नगर के जागरूक लोगों द्वारा जिलाधिकारी से तहसील रोड स्थित मैराज जनरल स्टोर पर ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली क्रीम साबुन, सैम्पू व अन्य कॉस्मेटिक उत्पाद बिक्री किए जाने की शिकायत की गई। शिकायत पर जिला औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य ने टीम के साथ जनरल स्टोर पर अचानक छापा मारा। जिससे प्रतिष्ठान पर हड़कंप मच गया। दुकान में मौजूद ब्रांडेड कंपनियों की क्रीम व साबुन के विल मौके पर दुकानस्वामी नहीं दिखा पाया। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि दुकान के कॉस्मेटिक उत्पाद नकली होने की शिकायत मिली थी। क्रीम व साबुन का सैंपल लिया गया है। जिसे जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। कार्यवाही से नगर के मेडिकल स्टोर स्वामियों व जनरल स्टोर दुकानदारों में घंटों हड़कंप मचा रहा।

### आज महादेव सेतु का लोकार्पण करेंगे सीएम योगी

**जन एक्सप्रेस/बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को बरेली के महादेव सेतु (कुतुबखाना पुल) का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही कई विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन का कार्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया गया। कार्यक्रम को लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को मुख्यमंत्री का एनएसजी सुरक्षा दस्ता बरेली पहुंच गया। मुख्यमंत्री बुधवार को फर्रुखाबाद से राजकीय हेलीकॉप्टर से दोपहर 3.05 बजे बरेली पुलिस लाइन के लिए रवाना होंगे। 3.35 बजे पुलिस लाइन पहुंचकर चार बजे बरेली कॉलेज जनसभा स्थल पहुंचेंगे।

# शाहगंज रोडवेज का परिवहन मंत्री ने किया वर्चुअल शिलान्यास

* बहुप्रतीक्षित रोडवेज कायाकल्प कों तैयार
* विधायक रमेश सिंह का प्रयास लाया रंग

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



शाहगंज नगर का रोडवेज परिसर जनप्रतिनिधियों की घोर उदासीनता के चलते जर्जरतम अवस्था मे पहुंच चुका है।विधायक रमेश सिंह के प्रयास से हो रहे कायाकल्प का मंगलवार को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने लखनऊ से वर्चुअल शिलान्यास किया। श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार गरीबों तथा आम यात्रियों को सुखद सार्वजनिक सेवा उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है। रोडवेज अपने अस्तित्व की अंतिम सांसे गिन रहा था। अपने साथ मौजूद विधायक रमेश सिंह की ओर इशारा करते हुए उन्होंने बताया कि जब यह समस्या मेरे संज्ञान में आई तो मैंने तत्काल इसके कायाकल्प के लिए आवश्यक धनराशि जारी की। उन्होंने बताया कि कायाकल्प के अंतर्गत यात्री प्रतीक्षालय, आफिस, बसों के सर्विस सेंटर तथा पूरे परिसर में फर्श व चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें दो करोड़ पच्चीस लाख रुपए की लागत आ रही है। कार्यक्रम का स्थानीय बस अड्डे से लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान रीजनल मैनेजर आजमगढ़ मनोज बाजपेयी, सेवा प्रबंधक आजमगढ़ एस के सेठ, सहायक रीजनल मैनेजर ए के पाल, अवर अभियंता सुनील सिंह, मंडल अध्यक्ष चिंताहरण शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता बेचन सिंह, मुस्तकीम अहमद, ओम चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत

* अधिवक्ताओं ने तहसील में नारेबाजी कर न्यायालय बंद कराया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



मछलीशहर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ता लामबंद होकर मंगलवार को भी तहसील में प्रदर्शन किया। तहसील में नारेबाजी कर सभी न्यायालय बंद कराया।न्यायिक कार्य से भी अधिवक्ता विरत रहे। अधिवक्ता भवन में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को साधारण सभा की बैठक हुई।जिसमें मात्र तहसीलदार न्यायिक न्यायालय के ही वहिष्कार का निर्णय लिया गया।लेकिन अधिवक्ताओं का आरोप था कि कोरम के अभाव में निर्णय लिया गया है।जबकि तहसील में लेखपाल,राजस्व निरीक्षक से लेकर सभी अधिकारियों व सभी पटल पर भ्रष्टाचार व्याप्त है।ऐसी स्थिति में सभी न्यायालयों का बहिष्कार होना चाहिए।तभी अधिकारियों पर दबाव बनेगा।अधिवक्ताओं के विरोध के बाद न्यायालय में बैठे तहसीलदार को भी बिना मुकदमें की सुनवाई किए न्यायालय से उठकर जाना पड़ा। कई दिनों से तहसील में हड़ताल जारी है।इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह,हरि नायक तिवारी,शंकर मोहन श्रीवास्तव,विनय पांडेय, प्रेम बिहारी यादव, वीरेंद्र मौर्य, जितेंद्र श्रीवास्तव, आलोक विश्वकर्मा, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, अमित सिंह, अशोक मिश्रा, कुंवर भारत सिंह, अवनींद्र दूबे, राज कुमार पटवा, हरि शंकर यादव,राज कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।

# शारदा नदी पर 9.98 करोड की लागत से 15 सौ मी. जियो बैग कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

* नदी के तट पर विधि विधान से किया गया हवन पूजन
* बाढ़ बचाव कार्य शुरू होने से चंदिया हजारा के ग्रामीणों में खुशी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** चंदिया हजारा को बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए प्रस्तावित जिओ बैग के कार्य का भाजपा विधायक ने शारदा नदी के तट पर विधि विधान से हवन पूजन कर शुभारंभ किया।उन्होंने जिम्मेदारों को बाढ़ बचाव कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और समय अवधि में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।नदी की बाढ़ और कटान से बचाव को करीब 9.98 करोड़ रुपए की लागत से जिओ बैग लगाए जाएंगे। कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव चंदिया हजारा,राहुलनगर, खिरकिया बरगदिया में गत वर्ष शारदा नदी ने तमाम किसानों की जमीन फसल समेत नदी में समा गई। कई बार आबादी में बाढ़ का पानी भी घुसा। शारदा नदी के कटान को रोकने और गांव में बाढ़ की रोकथाम के लिए चंदिया हजारों के ग्रामीणों ने ड्रेजिंग सिस्टम से चैनेलाइजेशन कार्य व जिओ बैग कार्य कराने की मांग को लेकर चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले 102 दिन धरना प्रदर्शन किया।मांग पूरी होने पर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।बताते हैं कि ड्रेजिंग द्वारा चैनलाइजेशन कार्यदायी संस्था कार्यशाला स्थापना खंड अधिशासी अभियंता कानपुर और नदी के दाएं तट पर करीब 15 सौ मीटर जिओ बैग लगाने के कार्य की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था बाढ़ खंड पीलीभीत की है। जीओ बैग लगाने की प्रस्तावित कार्यों की वित्तीय स्वीकृति शासन द्वारा पहले मिल चुकी है। तीन दिन पहले मशीनें पहुंचने पर जल्द कार्य शुरू होने की ग्रामीणों को उम्मीद जगी। मंगलवार को विधायक बाबूराम पासवान ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से नदी किनारे शारदा मैया को प्रसन्न करने के लिए विधि विधान से हवन-पूजन किया। इसके बाद कार्य में शामिल मशीन का भी पूजन किया और नदी किनारे जिओ बैग लगाकर कार्य का शुभारंभ कराया। विधायक ने जिओ बैग लगाने का कार्य निर्धारित समय में पूरा करने के जिम्मेदारों को निर्देश दिए। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री भारतेन्दु, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय विश्वास, डा. सुशांत हलधर, अभिमन्यू सिंह, सिंचाई विभाग के एक्सईएन आशुतोष कुमार, एसडीओ डीएन शुक्ला, जेई प्रभू दयाल, डीके सिंह, प्रधान वासुदेव कुंडू, चंदिया हजारा क्षेत्र बचाव संघर्ष समिति के प्रवीर सरकार, दिलीप वैरागी, शंकर धाड़ा, दिपांकर हलदार, निरंजन मंडल, कमलेश, गौरंग, सुचित्रा विश्वास, मलिना, सुभद्र,सनातन बैध, शंकर राय, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी गन्ने के खेत में डेरा जमाए रहा बाघ, लोग भयभीत

* वन विभाग की टीम पर निगरानी में लापरवाही का आरोप, लोगों में रोष
* पीटीआर की माला रेंज के जंगल से सटे गांव बैजूनगर का मामला

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** जंगल से निकलकर आबादी के निकट गन्ने के खेत में पहुंचा बाघ दूसरे दिन भी डेरा जमाए रहा। आरोप है कि वन विभाग की टीम उसे पकड़ने या जंगल में खदेड़ने का प्रयास नहीं कर रही है। निगरानी भी गाड़ी में बैठकर ही की जा रही है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। एक दिन पहले पीटीआर की माला रेंज के जंगल से बाहर निकला बाघ कलीनगर के गांव बैजूनगर के समीप एक नदी के पास खेतों में पहुंच गया था। उसने एक छुट्टा गोवंश का भी शिकार किया। बाघ को देख ग्रामीणों में खलबली मच गई। बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। शोर मचाने पर बाघ गांव इटौरिया के डोरी लाल के गन्ने के खेत में जाकर छिप गया। सूचना पर वन दरोगा राम भरत के अलावा सामाजिक वानिकी की टीम पहुंच गई। देर शाम तक बाघ खेतों में ही डेरा डाले रहा। मंगलवार को भी बाघ का मूवमेंट गन्ने के खेत में बना रहा। बड़ी संख्या में मौजूद लोग हो-हल्ला कर उसे जंगल की तरफ भगाने का प्रयास करते रहे। आरोप है कि निगरानी कर हरी वन विभाग की टीम दूर खड़ी गाड़ी में ही बैठकर नजारा देखती रही। उन्होंने ग्रामीणों को बाघ से दूर करने की भी जहमत नहीं उठाई। वन विभाग द्वारा बाघ को पकड़ने के लिए भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। देर शाम तक बाघ की मौजूदगी खेतों में ही बरकरार रही। ग्रामीणों ने बाघ की दहशत से निजात दिलाने की मांग की है।

# डॉ आस्था बनी नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान संविधान प्रबन्ध मंडल की सदस्य

* पूरे प्रदेश से बनाई गई सात सदस्यीय कमेटी में उन्हें स्थान मिला है
* प्रबंध मंडल के सदस्य बनाए जाने पर उन्हें पालिका सभासदों व पालिका कर्मचारियों ने बधाई दी

जन एक्सप्रेस । विनय यादव



**पीलीभीत।** नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल को नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान लखनऊ के संचालन हेतु बनाए गए संविधान, नियमावली और स्मृति पत्र के प्रावधानों के अंतर्गत संस्थान के संविधान और नियमावली के अंतर्गत प्रबंध मंडल का सदस्य बनाया गया है। पूरे प्रदेश से बनाई गई सात सदस्यीय कमेटी में उन्हें स्थान मिला है। नगर विकास अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया है, कि नगरीय प्रशिक्षण एवं एवं शोध संस्थान लखनऊ के संचालन हेतु बनाए गए संविधान एवं नियमावली तथा स्मृति चिन्ह के प्रावधानों के अंतर्गत सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के अधीन संविधान एवं नियमावली के अंतर्गत प्रस्तर 22 में प्रबंध मंडल के सदस्यों की सूची में सात सदस्यों को नामित किया गया है। पत्र में प्रदेश भर की नगर पालिकाओं के अध्यक्ष में से नगर पालिका परिषद पीलीभीत की अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल को सदस्य बनाया गया है। डॉ आस्था के अलावा महापौर नगर निगम गोरखपुर के डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, नगर आयुक्त लखनऊ इंद्रजीत सिंह, नगर पालिका परिषद सीतापुर के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी, संध्या मिश्रा, अंशु त्रिपाठी, लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी को प्रबंध मंडल का सदस्य बनाया गया है। पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था के नगर प्रशिक्षण शोध संस्थान के संचालन हेतु बनाए गए संविधान और नियमावली प्रबंध मंडल के सदस्य बनाए जाने पर उन्हें पालिका सभासदों व पालिका कर्मचारियों ने बधाई दी है।

## सेल्हा मेला कमेटी पर लगाए गंभीर आरोप, डीएम से शिकायत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायत सेल्हा में स्थित सुप्रसिद्ध सैय्यद सेल्हा बाबा में लगने वाले मेले को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की है। इसमें मेला कमेटी पर गंभी आरोप लगाए हैं। कमेटी की जांच कराकर कार्रवाई करने और मेला कमेटी को निरस्त कर प्रशासनिक सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर से मेला कराने की मांग की गई है। शिकायतकर्ताओं ने डीएम को बताया कि ग्राम पंचायत सेल्हा में प्रसिद्ध सेला बाबा का धार्मिक स्थल है। हर वर्ष होली के बाद मेला लगता है जिसमें सभी धर्मों के लोग पहुंचते हैं। आरोप है कि 35 किमी. दूर पूरनपुर के कुछ लोगों ने कमेटी बनाकर कब्जाकर मेला कराते हैं। खेतों में गेहूं की फसल को पब्लिक द्वारा नुकसान पहुंचता है। साफ-सफाई न होने से पूरे साल धार्मिक परिसर में गंदगी व्याप्त रहती है। बड़े पैमाने पर मुर्गा के अवशेष इधर-उधर फेंक दिए जाते हैं।

# सबका साथ-सबका विकास सबका-विश्वास सबका प्रयास की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

* राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार भाजपा जिला अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



मंगलवार को सूचना विभाग की ओर से सबका साथ-सबका विकास सबका-विश्वास सबका प्रयास की नुमाइश गांधी प्रेक्षागृह प्रांगण में लगाई गई। तीन दिवसीय प्रदर्शनी का राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उ0प्र0 संजय सिंह गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं में यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में रू. 40 लाख करोड़ के निवेश एमओयू, यूपी में 1.75 करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन, रू. 451 करोड़ से काशी में बन रहा अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, 15 करोड से अधिक लोगों को मुफ्त राशन, विद्यार्थियों को यूनीफार्म, बैग व स्टेशनरी के लिए डीबीटी के माध्यम से 1200 रू., अंतर्देशीय जल मार्ग वाराणसी से हल्दिया, अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति, मेट्रो का तीव्र विस्तार बढ़ी रफ्तार, सिंगल विण्डो पोर्टल निवेश मित्र का संचालन उद्यमियों को 457 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध, 58,000 बी.सी.सखी का चयन, एक जनपद एक उत्पाद, मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन, 96 लाख एमएसएमई इकाइयां, 04 अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित 1 निर्माणाधीन, 2.61 करोड़ शौचालय का निर्माण, 36,000 करोड़ रूपये से 86 लाख लघु एवं सीमान्त किसानों को ऋण मोचन, 9 करोड़ से अधिक गरीबो के प्रति परिवार रू. 5 लाख तक की सुविधा, 1.58 करोड़ घरों में बिजली कनेक्शन, ओलम्पिक पदक विजेताओं का सम्मान, उ0प्र0 में 55.83 लाख से अधिक परिवारों को अपनी छत, 10 लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाकर 1.05 करोड़ से अधिक महिलाओं को रोजगार सहित विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई है। राज्यमंत्री श्री गंगवार, जिलाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा प्रदर्शनी का भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर, अपर सूचना अधिकारी विपिन कुमार, गणमान्य नागरिक, पत्रकार बन्धु, जिला सूचना कार्यालय के मुकेश कुमार, ललित कुमार, अमित कुमार व रूप बसन्त सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लापता मजदूर का माइनर में पड़ा मिला शव

**बीती शाम से था लापता, परिजन कर रहे थे खोजबीन**



जन एक्सप्रेस | उन्नाव

आसीवन थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम से लापता मजदूर का शव सुबह संदिग्ध परिस्थितियों के माइनर के अंदर पड़ा देख ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसीवन थाना क्षेत्र के रामदीन खेड़ा गांव निवासी विनोद उर्फ छोटू (45) पुत्र स्व.श्याम लाल पासी टेडर्स की दुकान पर मजदूरी करता था। सोमवार की शाम को घर से साइकिल लेकर निकाला था। देर रात घर नही पहुंचा तब परिजनो ने खोज बीन शुरू कर दी। मगर कही पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह मल्हीमऊ गांव की पुलिया के पास माइनर के बीच में शव पड़ा देख ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का एक पुत्र आदर्श और बेटी पायल है। पत्नी सुमित्रा सहित मां रुक्मिणी मौत से आहत हैं। घटना के सम्बंध में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि अभी मृतक के परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

# बिठूर गंगापुल के गड्ढे ले लेंगे जनता की जान

जन एक्सप्रेस | सनी राव मोघे



**कानपुर नगर।** बिठूर को उन्नाव से जोड़ने वाला नया गंगापुल जिसमें प्रतिदिन हजारों वाहन इस पार से उस पार जाया करते हैं। 24 घंटे चलने वाला यह पुल जिससे लखनऊ हरदोई सफीपुर बांगरमऊ के लिए हजारों वाहन आया जाया करते हैं। लेकिन अब यह पुल यहां से निकलने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत का सबक बना हुआ है। पुल की सड़क जगह जगह से टूटने लगी है। कई बार क्षेत्रीय जनता ने अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। हालत यह है कि आए दिन कोई ना कोई राहगीर गिरकर चोटहिल हो रहा है। आपको बताते चलें इस पुल का निर्माण समाजवादी पार्टी सरकार में कराया गया था।

पुल को बने हुए कुछ ही वर्ष बीते हैं और पुल की सड़क जगह-जगह से टूटने लगी है। समझने वाली बात यह है कि इस पुल से आए दिन हजारों की तादाद में वहां इस पार से उसे पार आया जाया करते हैं। क्षेत्रीय लोगों की माने तो सड़क टूटने की शिकायत कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की जा चुकी है। इसके अलावा विभाग के अधिकारियों को भी कई बार प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया जा चुका है। लेकिन अभी तक विभाग के अधिकारियों ने सुध नहीं ली है। गंगा नदी पर बनने वाले पुलों में सबसे लंबा पुल यही माना गया है। हैरत की बात तो यह है कि इस पुल पर अभी तक लाइट नहीं लगाई गई है। जिसकी वजह से रात में सफर करने वालों के लिए यह गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। 20 मार्च को परिक्रमा का मेला है। जिसमें कानपुर के अलावा अन्य जिलों से भी श्रद्धालु पुरुष महिलाएं इस मेले में शामिल होने के लिए आते हैं। लेकिन इसके बाद भी अभी तक विभाग के अधिकारियों ने इन गड्ढों की मरम्मत नहीं कराई है ऐसा लगता है कि विभाग के अधिकारियों को किसी बड़ी घटना का इंतजार है।

## चोरों ने सूने घर पार किए नगदी और जेवरात



जन एक्सप्रेस | उन्नाव

पुरवा कोतवाली के मंगतखेड़ा गांव में चोरों ने सूने घर से सोने-चांदी के जेवर सहित हजारों की नगदी पार कर दी। पीड़ित ने अज्ञात चोरों सहित चचेरे भाई पर भी आशंका जताई है। कोतवाली पुलिस ने जांच बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगतखेड़ा निवासी पप्पू लाल पुत्र स्व. नन्हकऊ के मुताबिक बीते 11 मार्च की सुबह वह परिवार के साथ मेहमानी में गया था।जहां घर सूना पाकर कमरे व बक्से का ताला तोड़कर सारा जेवर व गहना चोर उठा ले गये। जिसमें चांदी के 2 बिछुआ, पायल, हाफपेटी, बालचोटी चांदी व नवदम्पति का सोने की बेसर व 25 गिफ्ट का सामान सहित 40 हजार की नगदी आदि चोरी कर ले गये।जिसमें दिन रात आवारा लोगों को बैठाकर शराब बेचने वाले चचेरे भाई के शामिल होने की आशंका है। पीड़ित की तहरीर बाद कोतवाली पुलिस ने जांच बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# सड़क हादसों में आधा दर्जन वाहन सवार घायल



**डम्फर के नीचे आयी बाइक, बाल बाल बचा चालक**

जन एक्सप्रेस | नवाबगंज/उन्नाव

राजमार्ग पर हुये सड़क हादसों में करीब आधा दर्जन वाहन सवार गंभीर रुप से घायल हो गये। स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे घायलों के प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। एक हादसे में डम्फर के टायर के नीचे बाइक आ गई लेकिन गनीमत रही कि बाइक चालक बाल बाल बच गया। पहला हादसा राजमार्ग स्थित पक्षी विहार के पास हुआ। जिसमें दो बाईक सवार विमलेश और विकास पुत्रगण राजनरायन निवासी करोवन उन्नाव अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गये। 108 एम्बुलेंस ने युवकों को नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। दूसरे हादसे में वाहन सवार रोहित शर्मा व अंकिल शर्मा पुत्रगण भिखारीलाल व अमित सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी नवाबगंज, दीपक पटेल पुत्र प्रीतम निवीसी भोपतीखेड़ा गोमतीनगर लखनऊ को चोटें आयी। 108 एम्बुलेंस ने घायलों को स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जिसमें विमलेश और विकास को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल भेजा।

तीसरी घटना सोहरामऊ थाना क्षेत्र के राजमार्ग स्थित भल्लाफार्म मोड़ के समीप हुयी। जिसमें सुरेश पुत्र गुरुचरन निवासी असोहा की बाईक ट्रक के नीचे आ गयी और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। परन्तु बाइक सवार सुरेश बाल बाल बच गया केवल मामूली रूप से चोटहिल हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हटवाकर खड़ा कराया है।

# युवक का फंदे से लटका मिला शव, हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक का शव घर से चन्द कदम दूर एक आम के बाग के पेड़ में गमछे के फंदे से लटका मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई ने हत्या का आरोप लगया है। कोतवाली क्षेत्र सफीपुर ग्रामीण के मजरा मोही खेड़ा निवासी अनिल (20) पुत्र स्व. शंकर का शव? मंगलवार की दोपहर को घर से चन्द कदम दूर गाँव के निवासी नन्हा के आम के बाग के पेड़ में गमछे के फंदे से लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता शंकर की कुछ ही दिन पहले मौत हुई थी। अभी? परिजन सदमे से ऊबर भी नही पाये थे कि पिता के बाद पुत्र की मौत हो गयी। बताया जा रहा हैं कि शंकर ने दो विवाह किये थे। पहला विवाह फूलमती से किया था जिसकी लगभग 16 वर्ष पूर्व मौत हो गयी थी। इसके बाद शंकर ने दूसरा विवाह शारदा से किया जिससे एक बेटा है। कुल मिलकर दो पत्नियों से एक बेटी व तीन बेटे है। मृतक के भाई विजय ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतक व सौतेली माँ के बीच एक मकान को लेकर विवाद चल रहा था। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताता शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# प्याज की खुदरा बिक्री में बेतहाशा मूल्य वृद्धि पर सपाइयों ने जताया रोष

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के अध्यक्ष हाजी फजल महमूद को सब्जी विक्रेता दुकानदारों ने सपा कार्यालय में दिन में 3 बजे आयोजित बैठक में बताया कि प्याज का निर्यात होने के कारण प्याज का खुदरा बिक्री में बेतहाशा मूल्य बढ़ रहा है इसकी वजह से जनता की जेब पर बेवजह भार बढ़ जाने से परेशानी बढ़ गई है। सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद संबोधित करते हुए कहा कि देश में प्याज के उत्पादन गिरावट आई है उसके बाबजूद सरकार प्याज का निर्यात की अनुमति देकर जनता बजट बिगाड़ दिया है इसे सपा ने गंभीरता से लेकर व्यापारियों की बैठक बुलाकर मंथन कर आकलन किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आगे कहा कि एक सप्ताह पूर्व फल उचित मूल्य पर बिक रहे थे आज केला सेब खीरा अमरुद टमाटर आलू आदि फलों व सब्जियों के खुदरा दामों में बेतहाशा मूल्य वृद्धि हो जाने के कारण हो जाने से जनता में नाराजगी है क्योंकि रमजान के दिनों के बाद नवरात्रि भी अगले महीने आने वाली है यदि फल सब्जी के दामों पर सरकार ने नियंत्रण न किया और प्याज की निर्यात पर रोक ना लगायी तो जनता चुनाव में जवाब देने के लिए कदम उठाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर परमवीर सिंह गंभीर आनंद शुक्ला महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर जानकी वर्मा खुर्शीद आलम इनायतुल्लाह अंसारी नरेंद्र कुमार मोहम्मद रईस तौसीफ सिद्दीकी गोपाल गुप्ता अंश राजपूत अनिल चौबे आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मजदूर को मजदूरी मांगना पड़ा भारी, दबंगों ने पीटा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



होरा कछार नंगा पुरवा गांव का रहने वाला बराती राजपूत उम्र 32 वर्ष पुत्र कैलाश पेशे से मजदूर है। बराती के मुताबिक बीती 9 तारीख को शाम 8:30 बजे वह गांव के ही रमाकांत के घर मजदूरी के पैसे मांगने के लिए गया था। मजदूर की मजदूरी तो नहीं दी बल्कि उसे लाठी डंडों व लोहे की राड से पीटना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने जब बराती को पिटता हुआ देखा तो उसके पीटे जाने की सूचना उसके घर पर दे दी। जिसके बाद बराती की पत्नी वंदना और मां राधा बीच बचाव करने पहुंची। जिस पर दबंगों ने उन्हें भी जमकर पीट दिया। इसके बाद बराती ने बिठूर थाने में दबंग के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। बिठूर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# प्रदूषण नियंत्रण विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर एवं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कल्याणपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.के. मित्रा ने परंपरागत तरीके से सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की समन्वयक एवं जैव रसायन विज्ञान प्रमुख प्रोफेसर डॉक्टर सीमा परोहा आचार्य जैव रसायन ने प्रशिक्षण हेतु देश के विभिन्न प्रांतो से आए वरिष्ठ वैज्ञानिकों सुप्रसिद्ध पर्यावरणवेत्ताओं एवं व्याख्यान दाताओं का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के मूल विषय वस्तु पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डी स्वाईन ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से पर्यावरणीय संरक्षण को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। साथ ही वर्तमान परिदृश्य में शर्करा एवं एथेनॉल के उत्पादन में आने वाली चुनौतियों के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने विभिन्न इकाइयों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। साथ ही साथ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिकों और अधिकारियों से आवाहन किया कि वह उपलब्ध आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल हेतु मीलों और आसवनियों को जागरूक करें जिससे जीवनदाई वायु जल और प्रकृति के अन्य घटकों की रक्षा की जा सकें। कार्यक्रम के चलते संस्थान के विशिष्ट सहायक आचार्य शैलेंद्र कुमार त्रिवेदी ने अपने संबोधन में प्लांटेशन व्हाइट सूगर एवं रिफाइंड शुगर उत्पादन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्थान के सहायक शर्करा अभियांत्रिकी अनूप कुमार कनौजिया ने चीनी मिलों के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी चार्टर 2.0 पर प्रकाश डालते हुए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दायित्व की चर्चा की। इसी कड़ी में महेंद्र कुमार यादव, विवेक प्रताप सिंह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

### किसानों के 35 सदस्य दल को गन्ना उत्पादन को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

राष्ट्रीय सरकार संस्थान कानपुर में 11 मार्च से 15 मार्च तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में बिहार के पूर्वी चंपारण पश्चिमी चंपारण एवं गोपालगंज जिले के प्रगतिशील गन्ना किसानों का मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर राज्य एक्सपोजर विजिट सह प्रशिक्षण मैं संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डी स्वाईन मैं कम लागत में अधिक उत्पादन वाली गन्ने की प्रजातियों के उपयोग पर जोर देते हुए कई उन्नत गाने की प्रजातियों के बारे में जानकारी दी।

# जॉब पाकर खुश हुए विद्यार्थी



**बिल्हौर कस्बा स्थित इंडस इंस्टीट्यूट के 14 विद्यार्थियों को मिली नौकरी**

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कस्बा अंतर्गत ककवन रोड स्थित इंडस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के 14 विद्यार्थियों का चयन सनबीम लाइटवेटिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा किया गया। चयनित विद्यार्थियों में विकास कुमार पुत्र महेश चंद्र, रौनक पुत्र हरीबाबू, अनुराग पुत्र रामसेवक, शिवम पुत्र रामबाबू, अनीश कुमार पुत्र सुरेश चंद्र, सूरज गौतम पुत्र राजू गौतम, अर्पित पुत्र नेम सिंह, कपिल कटियार पुत्र दिनेश कटियार, अमन कुमार पुत्र श्याम नारायण, अखिलेश कुमार पुत्र महेश चंद्र, उत्तम कुमार पुत्र नेकराम, मनु कुमार पुत्र शिवकुमार, गोविंद पुत्र बाबूराम, संदीप पुत्र राकेश शामिल हैं। वहीं बीते माह में योकोहामा कंपनी द्वारा 12 विद्यार्थियों को चयनित किया गया था। सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्थान के निदेशक डॉ.निर्भय सिंह परमार, रजिस्ट्रार धीरज जोशी, डीन शैक्षणिक अनंत सिंह, डीन ह्यूमन रिसोर्सेज विजय दीक्षित, प्लेसमेंट हेड आशीष कुमार के साथ साथ हिमतोष नारायण द्विवेदी, सुभाष मिश्र, संजय त्रिपाठी, माला त्रिपाठी आदि ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। आपको बताते चलें कि उक्त संस्थान में एमबीए, बी.टेक एवं पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रम संचालित हैं। वहीं संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रभारी ने जानकारी दी कि शीघ्र ही कई कंपनियों द्वारा संस्थान में आकर सभी अपेक्षित विद्यार्थियों को नौकरी के ऑफर दिए जायेंगे जिसके लिए संपर्क जारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि शत प्रतिशत विद्यार्थियों को मिलेगी नौकरी।

## पत्नी ने घर आने से किया इंकार, पति ने मौत को लगाया गले



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव चौकी अंतर्गत देवरा गाँव मे युवक ने फांसी लगा कर जान दे दी है। मामला सोमवार शाम का है जब गाँव निवासी सुरेश पाल उम्र 33 वर्ष ने पत्नी के मायके जाने के कारण घर मे एक कमरे के अंदर धन्नी और अंगौछा के सहारे फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली जिसकी वजह से घर मे कोहरम मच गया। जानकारी के अनुसार सुरेश पाल की शादी तीन वर्ष पहले फतेहपुर जिला के जरारा गाँव मे हुई थी पत्नी के माता पिता न होने की वजह से सुरेश ने शादी कर ली थी। परिजनों के मुताबिक दोनो में आपसी विवाद हुआ करते थे तीन माह पूर्व पत्नी छाया उर्फ बन्नो पुनः विवाद करके अपनी मौसी के यहां हिरनी गांव चली गई थी जिसकी वजह से पति अपनी पत्नी छाया को लिवाने हिरनी गांव गया था लेकिन पत्नी साथ नही आई जिसकी वजह से पत्नी वियोग में पति ने फांसी लगा कर जान दे दी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई।

# सांसद ने मैनावती मार्ग पर खेरेश्वर मंदिर से प्यारेपुर गांव तक चौड़ीकरण का किया शिलान्यास किया

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर विधानसभा में शिवराजपुर ब्लॉक अंतर्गत मैनावती मार्ग का चौड़ीकरण रोड की मरम्मत की जायेगी। सांसद अशोक कुमार रावत ने फीता कटकर शिलान्यास किया गया है। लगभग छः करोड़ से अधिक धनराशि की लागत से सड़क का चौड़ीकरण होगा। मंगलवार को भाजपा मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक कुमार ने मैनावती मार्ग खेरेश्वर मंदिर धाम से लेकर प्यारेपुर गांव तक चौड़ीकरण के लिए छः करोड़ रुपए से अधिक धनराशि देकर रोड का शिलान्यास किया है उन्होंने फीता काटकर शिलान्यास करते हुए कहा की अब भक्तो को जर्जर मैनावती मार्ग से नही गुजरना पड़ेगा। भक्तो और ग्रामीणों के लिए खेरेश्वर मंदिर धाम से लेकर प्यारेपुर गांव तक रोड को चौड़ा किया जायेगा। वही कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा की पार्टी ने उनपर भरोसा जताते हुए दोबारा मिश्रिख लोकसभा से अपना टिकट दिया है इससे जाहिर होता है की सरकार द्वारा ग्रामीणों तक पहुंचे विकास कार्यों की वजह से अच्छा फीडबैक जाने से उनको टिकट दिया गया है। वही कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद का फूल माला पहनाकर स्वागत किया था। सांसद प्रतिनिधि रवि बाजपेई, गुड्डू सिंह, चौबेपुर ब्लाक प्रमुख विनय शुक्ला, बिल्हौर ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, कानपुर ग्रामीण पूर्व उपाध्यक्ष जेपी कटियार, विक्रम मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, नागेंद्र सिंह, मोनू तोमर रवि प्रताप, नील कमल चौहान, पूरा प्रधान केशव चौहान, मनोज बाजपेई, सत्यम त्रिपाठी, आशुतोष शुक्ला, प्रदीप तिवारी के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रद्युम्न कटियार बने भाजपा आईटी विभाग से बिल्हौर विधानसभा संयोजक



**जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर विधानसभा भाजपा आईटी विभाग से पदम प्रदुमन कटियार को संयोजक बनाया गया। भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए भाजपा कानपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा एवं जिला संयोजक आईटी विभाग सौरभ त्रिवेदी ने जिले के तीनो विधानसभा से आईटी संयोजकों के पदों पे घोषणा कर दी है। जिसमे बिल्हौर विधानसभा से प्रद्युम्न कटियार, बिठूर विधानसभा शुभम कुशवाहा, घाटमपुर से बलराम सिंह को आईटी विभाग से विधानसभा संयोजक बनाया गया है मंगलवार को नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा पर कार्यकर्ताओ ने हर्ष प्रकट करते हुए कहा है कि इससे पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी, प्रद्युम्न कटियार ने कहा कंधा से कंधा मिलाकर संगठन के सभी कार्यों को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत को ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने के लिए अभी से तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। वहीं जिला सहसंयोजक राघवेंद्र सिंह, जिलासंयोजक सोशल मीडिया गौरव कटियार, विधानसभा चुनाव संयोजक जेपी कटियार, नगर मंत्री अविरल कुशवाहा, बिल्हौर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष शुभ्रांशू, आईटी से रोहित सैनी आदि पदाधिकारियों ने बँधाइयां देकर फूलमालाओं से स्वागत कर मुंह मीठा करवाया।

## मांगलिक कार्यक्रम में आयी विवाहिता की मौत



जन एक्सप्रेस | नवाबगंज/उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय इन्दल में एक मांगलिक कार्यक्रम में आई महिला की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजनों एम्बुलेंस से उसे सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सराय इन्दल गांव निवासी सतीश पुत्र रामकुमार के घर में उसकी बेटी की गोदभराई थी। जिसमें शामिल होने के लिए उसकी बहन गुड़िया पत्नी सुरेश निवासी हिन्दूखेड़ा सरोजनीनगर लखनऊ भी आई थी। कार्यक्रम हो जाने के बाद वह अपनी मां से बात कर रही थी की अचनाक बेहोश हो गई तो परिजन 108 एम्बुलेंस से उसको लेकर नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। जहां चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। परिजन कोई कार्यवाही नहीं चाहने की बात कहकर उसका शव लेकर चले गये। मृतका के छोटे भाई सुनील ने बताया कि उसकी बहन के 5 बच्चे है। जिनका रो रोकर बुरा हाल है। जहां घर में खुशियां का माहौल मौत की सूचना होते ही पूरा माहौल मातम में बदल गया।

# मेरा आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम में निपुण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया







**कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया**

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

साढ़: जैसा आप सभी लोग जानते है कि सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए तरह तरह की योजना चलाई जा रही। उन्ही सभी चीजों को मद्देनजर रखते हुए सोमवार सुबह विधनू के सभागार में मेरा आंगन, मेरे बच्चे कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री भारत कुमार वर्मा जी ने दीप प्रज्वलित करके सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम करके शुभकामनाएं किया गया कार्यक्रम के दौरान बी.डी.ओ, बाल विकास एंव पुष्टहार विभाग से सीडीपीओ मैम, कविता, द्विवेदी, नोडल संकुल शिक्षक स्कूल रेडीनेस, ए.आर.पी. क्षमा तिवारी, कविता अवस्थी, भानू विश्वकर्मा, विकाश तिवारी, और कार्यक्रम में बच्चों के अभिवावक तथा आंगनवाड़ी आदि लोग उपस्थित रहे। और कार्यक्रम के अंत मे कक्षा एक निपुण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। और खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अभिवावकों को सम्मानित किया गया।

## हाई कोर्ट के स्टे से बच गया जालसाज




**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** कल्याणपुर में धोखाधड़ी और कूट रचित दस्तावेज के जरिए करोड़ो की जमीन हड़पने वाले शातिर को पुलिस ने पकड़ कर थाने से छोड़ दिया। शातिर ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर करोड़ो की जमीन हड़पी थी। पुलिस आरोपी को छोड़ने के पीछे हाई कोर्ट के स्टे का हवाला दे रही है। कल्याणपुर के मिर्जापुर में रहने वाले विजय प्रकाश पांडे ने विगत 25 नवंबर 2022 को ओमवीर सिंह समेत 67 नामजद लोगो के खिलाफ 468,420,120 बी और 506 जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की जांच चल रही थी लेकिन आरोपी अपनी रशूख के चलते पुलिसिया कार्यवाई से बच रहे थे। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी ओमवीर सिंह को पकड़ लिया और थाने ले आई। हालाकि बाद में उसे छोड़ दिया गया। आरोपी के थाने से ही छूट जाने के बाद पुलिस की कार्यशैली को लेकर तमाम कयास लगाए जाने लगे। कल्याणपुर एस एच ओ ने बताया कि हाई कोर्ट से स्टे होने के चलते उसे छोड़ा गया है।

# नायब सैनी हरियाणा के 11वें सीएम बने

## 5 मंत्रियों ने शपथ ली, सभी पिछली कैबिनेट में थे, सैनी ने खट्टर के पैर छुए

- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई
- कंवरपाल गुर्जर मंत्रिमंडल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़**



नायब सिंह सैनी के रूप में हरियाणा को अपना नया मुख्यमंत्री मिल गया है। मंगलवार शाम को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल भी मौजूद रहे। उन्होंने पीठ थपथपा कर सैनी को आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही पांच विधायकों की मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। मंत्रिमंडल में कोई नया चेहरा नहीं शामिल किया गया है। कंवरपाल गुर्जर मंत्रिमंडल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे। वह मनोहर लाल सरकार में भी शिक्षा मंत्री थे। मंगलवार को उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली। इनके अलावा जेपी दलाल को भी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। वे मनोहर सरकार में कृषि मंत्री थे। निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह चौटाला ने भी नई सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। वह मनोहर सरकार में बिजली मंत्री रह चुके हैं। मनोहर सरकार में परिवहन मंत्री रहे मूलचंद शर्मा को नई सरकार में भी मंत्री बनाया गया है। अभी विभागों का आवंटन नहीं हुआ है।

### इन विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

| | |
|---|---|
| कंवर पाल गुर्जर | भाजपा |
| बनवारी लाल | भाजपा |
| मूलचंद शर्मा | भाजपा |
| जेपी दलाल | भाजपा |
| रणजीत सिंह चौटाला | निर्दलीय |

### डॉ. बनवारी लाल

डॉ. बनवारी लाल को नई कैबिनेट में भी जगह मिली है। मनोहर लाल सरकार में भी वे मंत्री थे। हरियाणा की बावल विधानसभा सीट से वे भाजपा विधायक हैं। बावल विधानसभा की आरक्षित सीट से लगातार दूसरी बार विधायक बने। प्रदेश में पहली बार बनी भाजपा की सरकार में जन स्वास्थ्य राज्य मंत्री रहे। मूलरूप से नारनौल निवासी हैं लेकिन लंबे समय से बावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बतौर एसएमओ कार्यरत रहे। सरकारी नौकरी छोड़कर बावल में ही लंबे समय से राजनीति करने के साथ अस्पताल चला रहे थे। 2014 लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस छोड़कर राव इंद्रजीत के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। राव इंद्रजीत की बदौलत ही भाजपा का टिकट मिला था। राव इंद्रजीत समर्थक माने जाते हैं।

### कंवर पाल गुर्जर

कंवर पाल गुर्जर मनोहर लाल के पहले कार्यकाल में विधानसभा अध्यक्ष थे। मगर दूसरे कार्यकाल में उन्हें कैबिनेट में जगह मिली। अब नायब सिंह सैनी सरकार में भी मंत्री बने हैं। कंवर पाल यमुनानगर जिले की जगाधरी सीट से विधायक हैं। उन्होंने 1990 में भाजपा से अपने करियर की शुरुआत की थी। 1991 में छछरौली विधानसभा से पहला चुनाव लड़ा था। कंवरपाल गुर्जर का जन्म 8 मई 1960 को यमुनानगर के बहादुरपुर गांव में हुआ। इनका साधारण किसान परिवार से ताल्लुक है।

### जेपी दलाल

जेपी दलाल ने जेई की नौकरी छोड़ राजनीति में कदम रखा था। राजनीतिक करियर की शुरुआत 2009 से की थी। भिवानी की लोहारू सीट से जेपी दलाल ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था। मगर हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने भाजपा का दामन थामा और 2014 का चुनाव भाजपा उम्मीदवार के रूप में लड़ा। यहां भी किस्मत ने साथ नहीं दिया और मामूली अंतर से हार हुई। 2019 में भाजपा की टिकट पर 18 हजार मतों से जीत हासिल की। इसके बाद मनोहर लाल के दूसरे कार्यकाल में उन्हें कृषि मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। अब नायब सिंह सैनी कैबिनेट का भी जेपी दलाल हिस्सा होंगे।

### रणजीत सिंह चौटाला

हरियाणा की नई कैबिनेट में रणजीत सिंह चौटाला को भी जगह मिली है। मनोहर लाल कैबिनेट के बाद अब नायब सिंह सैनी कैबिनेट में शामिल होने वाले वह इकलौते निर्दलीय विधायक हैं। रणजीत सिंह पूर्व उप प्रधानमंत्री देवीलाल के पुत्र और इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला के भाई हैं। रणजीत सिंह हरियाणा की रानियां विधानसभा सीट से चुनाव जीत कर विधानसभा पहुंचे हैं। चौटाला परिवार से ताल्लुक रखने वाले रणजीत की रानियां में खासी पहचान है। कांग्रेस से टिकट कटने पर वे निर्दलीय मैदान में उतरे थे और हरियाणा लोकहित पार्टी के गोविंद कांडा को 19431 वोट से हराया था।

### मूलचंद शर्मा

मूलचंद शर्मा भाजपा के टिकट पर दूसरी बार चुनाव जीते हैं। पहली बार इन्होंने कांग्रेस के लखन सिंगला को हराया था और इस बार आनंद कौशिक को मात देने में कामयाब रहे। बल्लभगढ़ से विधायक मूलचंद शर्मा पिछली सरकार में शिक्षा मंत्री रहे राम विलास शर्मा के समधी हैं। बता दें कि रामबिलास शर्मा को इस बार चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है।




# नशे पर बड़ा वार : अरब सागर में संयुक्त अभियान में छह पाकिस्तानी गिरफ्तार, 480 करोड़ की ड्रग्स बरामद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय तटरक्षक बल, गुजरात एटीएस और एनसीबी ने अरब सागर में एक बड़ा अभियान चलाते हुए नशे के कारोबार पर बड़ी चोट की है। इस संयुक्त अभियान में छह पाकिस्तानी नागरिकों को भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ पकड़ा गया है। एनसीबी के अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार पाकिस्तानियों के पास से 480 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद हुई है। सभी को पोरबंदर लगाया गया है।

एनसीबी ने इस संयुक्त अभियान के बारे में बताया। अधीक्षक सुनील जोशी ने संयुक्त अभियान के बारे में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर भारतीय तटरक्षक बल, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास अरब सागर में एक संयुक्त अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि 11-12 मार्च की रात में ये अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि नाव को पोरबंदर से लगभग 350 किलोमीटर दूर अरब सागर में भारतीय तटरक्षक बल के जहाजों और डोर्नियर विमान ने समुद्री-हवाई समन्वित अभियान में रोका। जिसके बाद नाव से छह चालक दल के सदस्य और 80 किलोग्राम ड्रग्स को बरामद किया गया। बरामद ड्रग्स की कीमत 480 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

### तटरक्षक बल द्वारा की गई यह दसवीं गिरफ्तारी हैं

उन्होंने यह भी कहा कि बीते एक महीने में अरब सागर में एजेंसियों द्वारा चलाया गया यह दूसरा बड़ा मादक द्रव्य विरोधी अभियान है। 26 फरवरी को पोरबंदर तट से पांच विदेशी नागरिकों को चरस सहित 3,300 किलोग्राम नशीले पदार्थों के साथ पकड़ा गया था। वहीं, बीते तीन सालों में एटीएस गुजरात और एनसीबी के साथ संयुक्त रूप से तटरक्षक बल द्वारा की गई यह दसवीं गिरफ्तारी है। इन अभियानों के तहत 3,135 करोड़ रुपये मूल्य की 517 किलोग्राम नशीले पदार्थ भी जब्त किए गए हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी सूची, नकुल नाथ को छिंदवाड़ा तो राहुल कस्वां को चुरू से टिकट



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी सूची जारी कर दी गई है। इसमें चार राज्यों के 43 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। 43 उम्मीदवारों की सूची में 13 ओबीसी, 10 एससी, 9 एसटी, एक मुस्लिम चेहरे को टिकट दिया गया है। 76 फीसदी उम्मीदवार ऐसे हैं जिनकी उम्र 60 साल से कम है। इस सूची में असम से 12, गुजरात से सात, मध्य प्रदेश और राजस्थान से 10-10, उत्तराखंड से तीन और दमनदीव से एक उम्मीदवार का एलान किया गया है। कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (ष्टश्वष्ट) की बैठक में इस सूची पर मुहर लगाई गई। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य सदस्य शामिल हुए थे। इससे पहले सीईसी की पहली बैठक सात मार्च को हुई थी और आठ मार्च को 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई थी। इसमें छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा की लोकसभा सीटों के लिए नामों का एलान हुआ था। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि हमने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची पहले ही घोषित कर दी है। आज हम दूसरी सूची की घोषणा करने जा रहे हैं। कल सीईसी ने बैठक की और असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान से लगभग 43 नामों की सूची को मंजूरी दे दी। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई असम के जोरहाट से चुनाव लड़ेंगे। नकुल नाथ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। राहुल कासवा राजस्थान के चुरू से चुनाव लड़ेंगे। वैभव गहलोत जालौर से चुनाव लड़ेंगे।

### राजस्थान के 10 उम्मीदवार

कांग्रेस ने जालौर से वैभव गहलोत, बीकानेर से गोविंद राम मेघवाल, चुरू से राहुल कस्वां, टोंक-सवाई माधोपुर से हरीश मीणा, भरतपुर से संजना जाटव, झुंझुनू से बृजेंद्र ओला, जोधपुर से करण सिंह, अलवर से ललित यादव, उदयपुर से ताराचंद मीणा और चित्तौड़गढ़ से उदयलाल आंजना को टिकट दिया है।

### मध्य प्रदेश के 10 उम्मीदवार

कांग्रेस ने भिंड से फूल सिंह बरैया, टीकमगढ़ से पंकज अहिरवार, सतना से सिद्धार्थ कुशवाहा, सीधी से कमलेश्वर पटेल, मंडला से ओंकार सिंह मरकाम, छिंदवाड़ा से नकुल नाथ, देवास से राजेंद्र मालवीय, धार से राधेश्याम मुवेल, खरगोन से पोरलाल खरते और बैतूल से रामू टेकाम को चुनावी मैदान में उतारा है।

### उत्तराखंड के लिए भी तीन उम्मीदवार घोषित

कांग्रेस ने उत्तराखंड की तीन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। टिहरी गढ़वाल सीट से जोत सिंह गुनसोला, गढ़वाल पौड़ी सीट से गणेश गोदियाल और अल्मोड़ा से प्रदीप टम्टा पर दांव खेला गया है।

### गुजरात के सात उम्मीदवार

कांग्रेस की दूसरी सूची में गुजराज के लिए भी सात उम्मीदवारों का एलान किया गया है। इसमें कच्छ से नीतीशभाई लालन, बनासकांठा से गनीबेन ठाकोर, अहमदाबाद पूर्व से रोहन गुप्ता, अहमदाबाद पश्चिम से भरत मकवाना, पोरबंदर से ललितभाई वसोया, बरदोली से सिद्धार्थ चौधरी और वलसाड से अनंत भाई पटेल को टिकट दिया है।

### असम के 12 उम्मीदवार

इसी तरह कांग्रेस ने असम में कोकराझार से गर्जन मैशरी, धुबड़ी से रकीबुल हुसैन, बारपेटा से दीप बायन, दारंग उदालगुरी से माधब राजबंशी, गुवाहाटी से मीरा बारठाकुर गोस्वामी, दिफू से जॉयराम एंगलेंग, करीमगंज से हाफिज रशीद अहमद चौधरी, सिलचर से सूर्यकांत सरकार, नौगांव से प्रद्युत बोरदोलोई, काजीरंगा से रोजेलिना तिर्की, सोनितपुर से प्रेम लाल गंजू और जोरहाट से गौरव गोगोई को चुनावी मैदान में उतारा है। इसके अलावा दमनदीव से केतन दहियाभाई पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है।

# एसबीआई ने चुनाव आयोग को सौंपी चुनावी चंदे की जानकारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनावी बॉन्ड का विवरण चुनाव आयोग (ईसी) को सौंप दिया है। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को चौबीस घंटे के भीतर चुनावी चंदे की जानकारी आयोग को सौंपने का आदेश दिया था। ईसी ने विवरण मिलने की पुष्टि की है। चुनाव आयोग ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय के 15 फरवरी और 11 मार्च के आदेश के अनुपालन में एसबीआई द्वारा आज ईसी को चुनावी चंदे की जानकारी प्रदान की गई है। इससे एक दिन पहले सर्वोच्च न्यायालय में एसबीआई की याचिका पर सुनवाई हुई थी, जिसमें राजनीतिक दलों के भुनाए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड का ब्योरा देने की समयसीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। वहीं, उस याचिका पर भी सुनवाई थी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया था। अदालत ने एसबीआई को राहत देने से इनकार करते हुए कहा था कि एसबीआई मंगलवार तक ही जानकारी चुनाव आयोग को सौंपे।

# बिना एनआरसी के आवेदन पर किसी को भी नागरिकता मिली तो दे दूंगा इस्तीफा : सीएम सरमा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहटी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि अगर किसी व्यक्ति को बिना एनआरसी के आवेदन पर नागरिकता मिलती है तो वह इस्तीफा दे देंगे। उनका यह बयान सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों को लागू करने पर असम में विपक्षी पार्टियों के प्रदर्शन के बाद आई है। असम के सीएम ने कहा, मैं असम का बेटा हूं और अगर एक भी व्यक्ति जिसने एनआरसी के लिए आवेदन नहीं किया है और उसे नागरिकता मिलती है तो मैं इस्तीफा देने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि सीएए लागू होने के बाद लाखों की संख्या में लोग राज्य में प्रवेश किए थे। उन्होंने कहा, अगर ऐसा होता है तो मैं विरोध करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएए को लेकर कुछ भी नया नहीं है अब पोर्टल पर आवेदन का समय आ गया है। उन्होंने कहा, अब पोर्टल पर डेटा बताएगा। इसके बाद यह स्पष्ट होगा कि कानून का विरोध करने वालों के लिए यह दावें सही है या नहीं। बता दें कि सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी। ऐसे अल्पसंख्यक, 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हों।

### सीएए का समर्थन नहीं करने वालों को अदालत जाने का सुझाव

सीएम सरमा ने आगे कहा, सीएए का समर्थन करने वाले भी असम में है और जो इसका समर्थन नहीं कर रहे हैं, वे भी यहां है। जो भी सीएए का विरोध कर रहे हैं, वे कोर्ट जा सकते हैं। हमारा उद्देश्य राज्य में शांति बनाए रखना है। मैं सभी से अपील करना चाहता हूं कि वे इस दिशा में आगे बढ़ें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)